रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 30 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-41 मूल्य 3.00 ₹

स्वच्छता अभियान 'थैंक यू नेचर' शुरू करें : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छता अभियान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया और कहा कि 'स्वच्छ भारत मिशन' का दो अक्टूबर को 10 साल पूरा होना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। मोदी ने 'मन की बात' के 114वीं कड़ी को संबोधित करते हुए इस अभियान में जुड़े लोगों की चर्चा के दौरान उत्तराखंड के उत्तरकाशी के एक सीमावर्ती गाँव 'झाला' जिक्र किया। युवाओं ने अपने गाँव को स्वच्छ रखने के लिए एक खास पहल शुरू की है। वे अपने गाँव में 'धन्यवाद प्रकृति' या कहें 'थैंक यू नेचर' अभियान चला रहे हैं। इसके तहत गाँव में रोजाना दो घंटे सफाई की जाती है। गाँव की गलियों में बिखरे हुए कूड़े को समेटकर गाँव के बाहर तय जगह पर डाला जाता है। इससे झाला गाँव भी स्वच्छ हो रहा और लोग जागरूक भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा, आप सोचिए, अगर ऐसे ही हर गाँव, हर गली-हर मोहल्ला, अपने यहां ऐसा ही थैंकयू नेचर अभियान शुरू कर दे तो कितना बड़ा परिवर्तन आ सकता है। प्रधानमंत्री ने पुडुचेरी के समुद्र तट पर भी जबरदस्त सफाई अभियान की चर्चा की। उन्होंने कहा, यहां रम्या जी नाम की महिला, माहे म्युनिसिपालिटी और इसके आसपास के क्षेत्र के युवाओं की एक टीम का नेतृत्व कर रही है। इस टीम के लोग अपने प्रयासों से माहे इलाके और खासकर वहाँ के समुद्र तट को पूरी तरह साफ-सुथरा बना रहे हैं। मोदी ने कहा, मैंने यहां सिर्फ दो प्रयासों की चर्चा की है। लेकिन, हम आसपास देखें तो पाएंगे कि देश के हर किसी हिस्से में 'स्वच्छता' को लेकर कोई-न-कोई अनोखा प्रयास जरूर चल रहा है। कुछ ही दिन बाद आने वाले 2 अक्टूबर को 'स्वच्छ भारत मिशन' के 10 साल पूरे हो रहे हैं। यह अवसर उन लोगों के अभिनंदन का है, जिन्होंने इसे भारतीय इतिहास का इतना बड़ा जन-आंदोलन बना दिया। ये महात्मा गांधी जी को भी सच्ची श्रद्धांजलि है, जो जीवनपर्यंत इस उद्देश्य के लिए समर्पित रहे। उन्होंने कहा, ये 'स्वच्छ भारत मिशन' की ही सफलता है कि 'वेस्ट टू वेल्थ' का मंत्र लोगों में लोकप्रिय हो रहा है। लोग 'रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल' पर बात करने लगे हैं। उसके उदाहरण देने लगे हैं। अब जैसे मुझे केरल के कोझिकोड में एक शानदार प्रयास के बारे में पता चला। यहां 74 साल के सुब्रह्मण्यम जी 23 हजार से अधिक कुर्सियों की मरम्मत करके उन्हें दोबारा काम लायक बना चुके हैं। लोग तो उन्हें 'रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल' यानि 'आरआरपी' चैंपियन भी कहते हैं।

मोदी के 'मन की बात' समारोह में पहुंचे दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के 10 साल पूरे होने पर भाजपा की ओर से रविवार को आयोजित समारोह में दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति मूलचंद गर्ग शामिल हुए। न्यायमूर्ति गर्ग इस अवसर पर कालकाजी में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद स्थानीय लोगों के साथ बैठकर पूरा प्रसारण सुना। उन्होंने मोदी के रेडियो पर प्रसारित इस मासिक कार्यक्रम की 114वीं कड़ी को सामयिक, उपयोगी, प्रेरणादायी और अनुकरणीय बताते हुए लोगों से इस पर अमल करने का अनुरोध किया। उन्होंने पर्यावरण की रक्षा और स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ने के प्रधानमंत्री की अपील की सराहना की और कहा कि ये हर किसी के जीवन से जुड़ा हुआ है और इसके लिए मिलजुलकर काम करना समय की मांग है। पूर्व न्यायाधीश ने पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के एक दशक पूरे होने के अवसर पर समारोह आयोजित करने के लिए भाजपा के दक्षिणी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के सांस्कृतिक विभाग के सह संयोजक कपिल गर्ग की सराहना की। उन्होंने कहा कि वैसे तो रेडियो और विभिन्न माध्यमों से लोग इस कार्यक्रम को देश-विदेश के करोड़ों लोग अलग-अलग सुनते ही हैं, लेकिन सामूहिक रूप से सुनना अलग बात है। न्यायमूर्ति गर्ग ने कहा, 'मेरी समझ से एक समारोह में प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनना और अधिक सामाजिक लाभ देने वाला साबित हो सकता है। वजह यह कि प्रधानमंत्री ने जिन मुद्दों पर चर्चा की है, वह हर किसी के जीवन से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है। कार्यक्रम के संयोजक गर्ग ने बताया कि 'मन की बात' समारोह के बाद करीब 150 लोगों के मतदान पहचान पत्र, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड समेत विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य लाभ संबंधित पहचान पत्र के आवेदन और संशोधन की ऑनलाइन प्रक्रिया निःशुल्क पूरी की गई।

क्विक न्यूज

सीएम साय केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी संग राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति की करेंगे समीक्षा

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में होने वाली समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। इस बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और राज्य के लोक निर्माण विभाग, राजस्व, खनन और वन विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर भीषण सड़क हादसे में दो की मौत

धरसींवा। रायपुर-बिलासपुर हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें मौके पर ही दो लोगों की मौत हो गई। हादसा तब हुआ जब रॉन्ग साइड से आ रहे एक ट्रक ने एक कार को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार के चालक और रायपुर के एक डॉक्टर की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा रायपुर-बिलासपुर हाईवे के तरपोंगी इलाके के पास हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार और ट्रक दोनों ही सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरे। टक्कर के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे की सूचना मिलते ही धरसींवा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मृतकों में रायपुर के एक डॉक्टर शामिल हैं, जिनकी पहचान की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कठुआ में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में आतंकवादी ढेर

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में कठुआ जिले के बिलावर तहसील में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बिलावर के कोग (मंडली) गांव में सुरक्षा बलों के साथ जारी मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम को जम्मू-कश्मीर पुलिस के हेड कांस्टेबल बशीर अहमद आतंकवादी को मार गिराने के दौरान शहीद हो गए। प्रवक्ता ने बताया कि उन्होंने आतंकवादी पर गोलियां चलाई और गोलीबारी के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य घायल पुलिसकर्मी सुखबीर, उपाधीक्षक (डिप्टी एसपी) अभियान और सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) नियाज अहमद की हालत स्थिर है।

तमिलनाडु में सेंथिलबालाजी समेत चार ने ली मंत्री पद की शपथ

एजेंसी < चेन्नई
www.dailypioneer.com

तमिलनाडु में वी. सेंथिलबालाजी सहित चार नये कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली। परिवहन विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन के एक मामले में जेल में बंद सेंथिलबालाजी को उच्चतम न्यायालय से कुछ ही दिन पहले जमानत मिलने के बाद रिहा किया गया है। राज्यपाल आर एन रवि ने राजभवन में अपराह्न करीब 1530 बजे आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। राज्यपाल ने राष्ट्रगान और तमिल थाई वाजथु (तमिल माता की प्रार्थना) के गायन के बाद सलेम उत्तर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले आर राजेंद्रन को सबसे पहले पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। उनके बाद सेंथिलबालाजी (अर्क्राकुरिची से निर्वाचित), जो सात महीने के अंतराल के बाद कैबिनेट में वापस आये हैं, थिरुविदाईमारुथुर से निर्वाचित गोवी. चेझियान तथा अवाडी से विधायक एस.एम. नासर ने शपथ ली। नासर भी कैबिनेट में वापस आये हैं, जिन्हें पहले हुए फेरबदल में हटा दिया गया था। शपथ ग्रहण समारोह करीब 10 से 15 मिनट तक चला।

नेपाल से आए कोशी नदी का पानी उत्तर बंगाल के जिलों को जलमग्न किया : ममता

एजेंसी < कोलकाता
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि नेपाल से कोशी नदी ने उत्तर बंगाल के कुछ जिलों को जलमग्न कर दिया है। बागडोगरा जाने से पहले शहर के हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बात करते हुए बनर्जी ने कहा कि त्योहारों से पहले कोशी नदी का पानी उत्तर बंगाल के जिलों को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने कहा कि मालदा, दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिले प्रभावित हुए हैं और दार्जिलिंग और कलिम्पोंग पहाड़ियों की जीवनरेखा एनएच 10 बुरी तरह प्रभावित हुई है, जिससे यातायात बाधित हुआ है, जिसमें आवश्यक वस्तुओं का परिवहन भी शामिल है। मुख्यमंत्री ने भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का दौरा और उत्तर बंगाल सचिवालय के मुख्यालय उत्तरकन्या में एक प्रशासनिक बैठक करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि वह दक्षिण बंगाल के बाढ़ प्रभावित जिलों का दौरा कर चुकी हैं, जहां डीवीसी द्वारा पांच लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। उन्होंने इसे 'मानव निर्मित बाढ़' बताया है। उन्होंने कहा कि अब नेपाल में कोशी नदी बंगाल के उत्तरी हिस्सों में बाढ़ ला रही है। पानी बिहार से पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर गया है। पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश के कारण दार्जिलिंग और कलिम्पोंग में भूस्खलन हुआ है, जिससे सड़कें बाधित हुई हैं।

झारखंड का भविष्य तय करेगा आने वाला चुनाव : चिराग पासवान

वार्ता < धनबाद
www.dailypioneer.com

लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष एवं केंद्र मंत्री चिराग पासवान ने झारखंड में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को राज्य का भविष्य तय करने वाला बताया और कहा कि एक गलत निर्णय ने प्रदेश के पांच साल खराब कर दिए। पासवान ने रविवार को यहां कहा कि इस बात हर झारखंडवासी को अपना बहुमूल्य मत देकर ऐसा झारखण्ड बनाना है ताकि झारखण्ड के किसी युवा को रोजगार, व्यापार,शिक्षा के लिए दूसरे प्रान्त न जाना पड़े। एक गलत निर्णय लेकर पिछला पांच साल हमने खराब किए। राज्य वासियों ने ऐसे मुख्यमंत्री को देखा जिसे पद पर रहते भ्रष्टाचार के आरोप में जेल जाना पड़ा, उन्हें शर्मसार होना पड़ा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, आपके एक-एक मत से झारखण्ड का निर्माण होगा। ऐसे प्रतिनिधि को विधानसभा भेजे जो झारखण्ड को विकसित राज्य बनाने की दिशा में काम कर सके। महिलाओं, युवाओं हर वर्ग की चिंता करे ऐसे विधायक का चयन करे। तमात संसाधनों के होने के बावजूद दुर्भाग्य है इस राज्य का की आज भी विकसित राज्य की सूची में नही आ सका। व्यवस्था को बदलने की जरूरत है व्यवस्था ऐसी बनानी है।

भारत में कोई बड़ा हमला हुआ तो पाकिस्तान में घुस कर मारेंगे : राजनाथ

वार्ता < श्रीनगर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर भारत में कोई बड़ा आतंकवादी हमला होता है, तो पाकिस्तान के अंदर घुसकर मारा जायेगा। सिंह ने जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा जिले के सीमावर्ती इलाके गुएज के में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान लगातार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि जम्मू-कश्मीर में फिर से आतंकवाद फैल जाये। रक्षा मंत्री ने कहा, वे (पाकिस्तान) नहीं चाहते कि यहां लोकतंत्र पनपे। लेकिन लोगों का साहस देखने के बाद मुझे यकीन है कि अब दुनिया की कोई भी ताकत यहां के लोकतंत्र को कमजोर नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को यह नहीं भूलना चाहिए कि यह एक 'नया भारत' है और आतंकवाद के खिलाफ अगर जरूरत पड़ी तो वह सीमा पार जाकर उसका सामना कर सकता है। उन्होंने कहा, और जो लोग सीमा पार से भारत को नष्ट करने की कोशिश कर रहे हैं, मैं उनसे भी कहना चाहता हूं कि अगर भारत में कोई बड़ा आतंकवादी हमला होता है, तो वे जहां भी बैठे हों, हम घुस कर मारेंगे। सिंह ने कहा कि जब से उनकी सरकार सत्ता में आयी है, कश्मीर में शांति है और इस सच्चाई से कोई इनकार नहीं कर सकता। उन्होंने पाकिस्तान की वित्तीय सेहत को लेकर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, वर्ष 2014-15 में जम्मू-कश्मीर को विशेष पीएम पैकेज दिया गया था। आज पीएम पैकेज 90,000 करोड़ रुपये का है। और आप अंदाजा लगा सकते हैं कि यह राशि कितनी है। जिस राशि के लिए पूरा पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के सामने भीख मांग रहा था, हमारी सरकार ने उससे कहीं ज्यादा जम्मू-कश्मीर को दी है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर के विकास और यहां के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए काम करती है। सिंह ने कहा, और पाकिस्तान में वित्तीय सहायता का इस्तेमाल आतंकवाद की फैक्टरियां चलाने के लिए किया जाता है और यह लंबे समय से चल रहा है। आतंकवाद का यह कारोबार लंबे समय तक नहीं चलने वाला है। मैं आपको यह आश्वासन देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि कश्मीर में आतंकवाद की हर घटना के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। पूरी दुनिया में आतंकवाद फैलाने के लिए पाकिस्तान बेनकाब हो चुका है। रक्षा मंत्री ने भारत की ओर से पाकिस्तान से संपर्क बढ़ाने का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पैदल ही पाकिस्तान गये थे।

तीसरे चरण के मतदान से पहले आईजीपी कश्मीर ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की

एजेंसी < श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण से पहले कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वी के बिरदी ने कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों की सावधानीपूर्वक निगरानी करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस, सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान बिरदी ने अधिकारियों से किसी भी अप्रिय घटना को रोकने तथा कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों की सावधानीपूर्वक तैयारी, योजना बनाने और निगरानी करने पर जोर दिया। गौरतलब है कि केंद्र शासित प्रदेश में एक अक्टूबर को विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए मतदान होगा। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), साइबर सेल, आईटी और सोशल मीडिया सेल को सोशल मीडिया पर नजर रखने और अफवाह फैलाने वालों की पहचान करने का निर्देश दिया।

कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा रायपुर जिले पहुंची लोहारी डीह की महिलायें न्याय मांगने यात्रा में शामिल हुई

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा तीसरे दिन कसडोल विधानसभा क्षेत्र के रोहांसी से रायपुर जिले के खरतोरा होते हुये भैंसा में प्रवेश कर गयी। तीसरे दिन की यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुये। राज्य में बढ़ते अपराधों, बिगड़ती कानून व्यवस्था महिलाओं पर हो रहे अपराधो के विरोध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा निकाली जा रही है। तीसरे दिन की यात्रा कुल 29 किमी चली और रास्ते में ग्राम लटेरा में दोपहर का भोजन विश्राम हुआ। यात्रा के प्रारंभ में सेवादल के कार्यकर्ताओं ने झंडोत्तोलन कर राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत, राजगीत का गायन किया। तीसरे दिन के झंडावंदन के मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू रहे। यात्रा के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यात्रा का तीसरा दिन था जनता का भरपूर आशिर्वाद मिल रहा है। जनता खुद यात्रा मे शामिल होने को आतुर दिख रही है हमारी यात्रा का उद्देश्य आम आदमी की सुरक्षा की चिंता है। रोज हो रही हत्या, लूट, चाकूबाजी, डकैती की घटनाओं से आम आदमी में भय पैदा हो गया है प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रतिरोध। राज्य में महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध प्रदेश में रोज हो रही दुराचार, सामूहिक दुराचार की घटनाओं के विरोध में। गिरौदपुरी के अमर गुफा में जैतखाम के साथ हुये तोड़-फोड़ के विरोध बलौदाबाजार मामले में निर्दोषों की गिरफ्तारी का विरोध तथा कांग्रेस नेताओं और सतनामी समाज के लोगों की रिहाई। कवर्धा के लोहारीडीह में साहू समाज के 3 बेटो की हत्या, प्रशांत साहू की पुलिसिया प्रताड़ना में हुई मौत की न्यायिक जांच हाईकोर्ट के वर्तमान जज की निगरानी में तथा दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किये जाने की मांग हमारा प्रमुख उद्देश्य है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि राज्य की भाजपा सरकार 9 महीने मे ही अलोकप्रिय हो गयी है। सरकार से कानून व्यवस्था नहीं संभल रही हैं। आम आदमी अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। सरकार से न लॉयन आर्डर संभल रहा न वित्तीय व्यवस्था संभल रही और न ही विकास के काम हो रहे है। सभी प्रकार के जनकल्याणकारी काम बंद कर दिये गये है। कांग्रेस पार्टी दीपक बैज के नेतृत्व में इस न्याय यात्रा के माध्यम से जनता की लड़ाई लड़ रही है।

हमारा लक्ष्य प्रदेश के खिलाड़ी ओलंपिक में खेलें और मेडल जीत कर लाएं : विष्णु देव साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में आयोजित छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की विशेष आमसभा की बैठक में रिटर्निंग ऑफिसर अशोक कुमार अग्रवाल ने उनके निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की। इसी तरह मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विजय बघेल सहित कुल 10 लोग छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए। रिटर्निंग ऑफिसर अशोक कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को अध्यक्ष चुने जाने का प्रमाण पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल को आगे ले जाने के लिए हम सभी पूरी टीम भावना के साथ काम करेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। हमारी सरकार राज्य में खेल को बढ़ावा देने के साथ ही अधोसंरचना विकास और खिलाड़ियों के हित में लगातार फैसले ले रही है। साय ने कहा कि हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि प्रदेश के खिलाड़ी ओलंपिक में खेलें और मेडल जीत कर लाएं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि संघ के सभी पदाधिकारियों को एक-एक जिले की जिम्मेदारी दी जाए और उस अंचल में जो खेल लोकप्रिय हैं, उसे बढ़ावा देने की दिशा में काम हो। साय ने आगे कहा कि नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारी किसी ने किसी रूप में खेल और इसकी प्रशासनिक व्यवस्था से जुड़े हैं, ऐसे में आप सभी के दीर्घ अनुभव का लाभ प्रदेश के खिलाड़ियों को मिलेगा। सांसद और छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है, हमें उन्हें बेहतर अधोसंरचना, सुविधाएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बड़ी पहल करते हुए राजधानी रायपुर में स्काउट गाइड के राष्ट्रीय जंबूरी 2025 के आयोजन की सहमति जताई। अग्रवाल ने कहा कि खिलाड़ी हमारे एंबेसडर होते हैं, जो प्रदेश को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाते हैं। उन्हें आगे बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ भी अपना प्रयास करें। इस अवसर पर ऑब्जर्वर दिग्विजय सिंह भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ की विशेष आमसभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसी क्रम में उपाध्यक्ष हेतु सर्व बृजमोहन अग्रवाल, केदार कश्यप, विजय बघेल, हिमांशु द्विवेदी, संजय पिल्ले, गजराज पगारिया, शरद शुक्ला, रमेश कुमार श्रीवास्तव और सुनील कुमार अग्रवाल तथा महासचिव के पद पर विक्रम सिंह सिसोदिया निर्वाचित हुए। इसी तरह संयुक्त सचिव राम जाखड़, आर. राजेन्द्रन, मोहम्मद अकरम खान, मनीष श्रीवास्तव, प्रशांत सिंह रघुवंशी, मनोज कुमार अग्रवाल और समीर खान को निर्विरोध चुना गया। संजय मिश्रा संघ के कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके साथ ही ओलंपिक संघ के कार्यकारिणी सदस्य के रुप में 12 लोगों को भी र्निविरोध चुना गया।

जजपा- असपा ने 112 वायदों के साथ जारी किया चुनावी घोषणपत्र

एजेंसी < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

जननायक जनता पार्टी - आजाद समाज पार्टी गठबंधन ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 112 वायदों के साथ घोषणापत्र 'जन सेवा पत्र' जारी किया। घोषणापत्र सिरसा में जारी किया गया और इस अवसर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और चंद्रशेखर आजाद मौजूद थे। घोषणापत्र में हरियाणा में उत्पादित हर फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने, फसल को नुकसान पहुँचने की सूरत में 25000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने समेत किसानों के लिए वायदे हैं तो प्रदेशवासियों को निजी नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण की सुप्रीम कोर्ट में जोरदार पैरवी करने, बेरोजगार युवाओं को 11000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने, हर जिले में औद्योगिक इलाके बनाने ताकि हर जिले में एक लाख नौकरियां दी जा सकें, अग्निवीरों की उच्च शिक्षा के लिए प्रावधान करने समेत वायदे हैं। एक लाख महिलाओं को सरकारी नौकरी देने, महिलाओं के लिए शैक्षणिक नौकरियों में 50 फीसदी आरक्षण, 'प्यारी बहना' योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को 5000 रुपये प्रति महीने, आशा और आंगनवाड़ी कर्मियों का पारिश्रमिक 21000 प्रति माह करने जैसे वायदे हैं। पिछड़ों के लिए अंबेडकर भवन बनाने, हर उपमंडल में अंबेडकर हॉस्टल बनाने, अंबेडकर आवास योजना के तहत प्लॉट व निर्माण राशि देने और ए व बी श्रेणी की नौकरियों व पदोन्नति में आरक्षण समेत वायदे हैं।

गुणवत्ता पर ध्यान देकर ब्रांड इंडिया को मजबूत करें विनिर्माता : गोयल

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

'मेक इन इंडिया' पहल के एक दशक पूरे होने पर, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारतीय उद्योग जगत के साथ एक बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुरूप स्वास्थ्य प्रथाओं के माध्यम से ब्रांड इंडिया को बढ़ावा देने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सामानों के उत्पादन को प्राथमिकता देने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। गोयल ने इस अवसर पर विनिर्माण उद्योग से शून्य पर्यावरणीय प्रभाव और शून्य त्रुटि के साथ मेक इन इंडिया अभियान को तेजी से आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने इस संवाद सत्र में 140 से अधिक पीएलआई लाभार्थी कंपनियों के सीईओ के साथ बातचीत करते हुए, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत उनकी उपलब्धियों को उत्साह जनक बताया। गोयल ने पीएलआई लाभार्थी कंपनियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पीएलआई योजना के तहत काम कर रही कंपनियां महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने, नौकरियां पैदा करने और भारत को विनिर्माण क्षेत्र में वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने में सहायक रहे हैं।

अनुशासित जीवन शैली-पोषक आहार और योग से हृदय को स्वस्थ रखने का करें प्रयास : यादव

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि विश्व हृदय दिवस, अनुशासित जीवन शैली-पोषक आहार एवं योग के माध्यम से हृदय को स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित करता है। डॉ. यादव ने विश्व हृदय दिवस पर सोशल मीडिया से दिए संदेश में प्रदेशवासियों से धूम्रपान सहित अन्य उन तत्वों के व्यसन से बचने का आह्वान किया है, जो प्रति वर्ष दुनिया में लाखों लोगों की मृत्यु का कारण बनते हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से हृदय को सुरक्षित रखने के प्रयासों को स्वयं आत्मसात करते हुए दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की है।

स्टार्स परियोजना की दो दिवसीय नॉलेज शेयरिंग कार्यशाला भोपाल में

पायनियर संवाददाता < भोपाल
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार के स्कूल शिक्षा मंत्रालय द्वारा देश के स्कूलों की बेहतरी के लिए विश्व बैंक के सहयोग से संचालित स्टार्स (स्ट्रेंथनिंग टीचिंग-लर्निंग एण्ड रिजल्ट्स फॉर स्टेट्स) प्रोजेक्ट के अंतर्गत दो दिवसीय 'राष्ट्रीय नॉलेज शेयरिंग कार्यशाला' का आयोजन भोपाल में किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में केन्द्रीय सचिव स्कूल शिक्षा और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मध्यप्रदेश सहित 17 प्रदेशों के शिक्षा सचिव, राज्य परियोजना संचालक और अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

कार्यशाला का उद्देश्य स्टार्स प्रोजेक्ट के राज्यों की नॉलेज शेयरिंग तथा शैक्षिक कार्यक्रमों के तहत मौजूदा अंतराल और चुनौतियों की पहचान के साथ राज्यों में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों को एक-दूसरे के साथ साझा कर, अनुभव के आधार पर अन्य राज्यों में अपनाना भी है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शैक्षिक समृध्द भारत की परिकल्पना में सक्रिय सहभागिता की दृष्टि से इस शैक्षिक कार्यशाला के आयोजन का दायित्व मध्यप्रदेश को सौंपने के लिये केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से आग्रह किया था। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने उनका आग्रह स्वीकार करने और प्रदेश की राजधानी भोपाल में संगोष्ठी करने के लिए केन्द्र सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया है। डॉ यादव ने देश भर के शीर्ष शैक्षिक प्रबंधन अधिकारियों के मध्यप्रदेश आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि दो दिवसीय कार्यशाला में विचार-मंथन से जो निष्कर्ष निकलेंगे, उसका लाभ निश्चित ही प्रदेश के स्कूलों और विद्यार्थियों को भी प्राप्त होगा। सचिव स्कूल शिक्षा डॉ संजय गोयल ने बताया कि भारत सरकार के स्कूल शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन प्रातः10 बजे स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह एवं केन्द्रीय शिक्षा सचिव संजय कुमार करेंगे। कार्यशाला के पहले दिन सोमवार 30 सितंबर को 'स्कूल-टू-वर्क ट्रांज़िशन' विषय पर और दूसरे दिन मंगलवार एक अक्टूबर को 'स्ट्रेंग्थनिंग असेस्मेंट सिस्टम' पर विभिन्न सत्र आयोजित होंगे। इनमें स्कूल-टू-वर्क ट्रंजीसंन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, एनसीएफ एनसीआरएफ जैसे नीतिगत ढांचे की भूमिका, स्किल हब, स्किल शिक्षा में साइकोमेट्रिक विश्लेषण और कैरियर परामर्श, उद्योग तथा कार्य-आधारित सीखने के अवसर के साथ साझेदारी, स्कूली शिक्षा में प्रभावी स्किल हब स्थापित करने और उद्योग से संबंधित कौशल पारिस्थितिकी-तंत्र के एकीकरण की दिशा में कल्पना, भविष्य की शिक्षा के लिए मूल्यांकन प्रणालियों को मजबूती प्रदान करना, राज्यों में विद्या समीक्षा केंद्र का क्रियान्वयन और राज्यों में मूल्यांकन प्रकोष्ठों का सुदृढ़ीकरण आदि विषयों पर विचार-मंथन किया जायेगा। स्कूली शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृणीकरण के लिए स्टार्स परियोजना का संचालन केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा विश्व बैंक के सहयोग से किया जा रहा है। वर्तमान में यह परियोजना देश के 6 राज्यों मध्यप्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान, केरल, हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र में संचालित है।

फाजिल्का में हेरोइन, पिस्तौल, गोला-बारूद के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

वार्ता < जालंधर
www.dailypioneer.com

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के फाजिल्का में हेरोइन, पिस्तौल और गोला-बारूद के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ खुफिया विंग की एक विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए, जिला फाजिल्का के सीमावर्ती क्षेत्र में तस्करों की मौजूदगी के बारे में, सतर्क बीएसएफ के जवानों ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से संदिग्ध क्षेत्र की घेराबंदी की। उन्होने बताया कि अचानक, तस्करों ने जवानों की ओर दो राउंड फायर किए। जवाब में, बीएसएफ के जवानों ने भी चेतावनी के तौर पर तस्करों की ओर दो राउंड फायर किए। बीएसएफ के जवानों ने गांव अमर सिंह, ढाणी फत्तूवाला, जिला फाजिल्का के बाहरी इलाके से दो तस्करों को सफलतापूर्वक पकड़ा और उनके कब्जे से एक पिस्तौल, एक मैगजीन, चार जिंदा राउंड और दो आई-फोन बरामद किए। पकड़े गए तस्कर क्रमशः गांव- हजारा राम सिंह, जिला फाजिल्का तथा गांव- नौभेराम, जिला फिरोजपुर के निवासी हैं। पूछताछ के दौरान तस्करों ने मादक पदार्थों की खेप होने का खुलासा किया। बीएसएफ के जवानों ने बताए गए क्षेत्र में गहन तलाशी ली तथा धान के खेत से संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट (कुल वजन-690 ग्राम) बरामद किया। मादक पदार्थ पीले रंग के चिपकने वाले टेप में लिपटे हुए थे तथा पैकेट पर धातु की अंगूठी लगी हुई थी, जिससे पुष्टि होती है कि यह ड्रोन द्वारा गिराया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि निकट भविष्य में पकड़े गए तस्करों से पूछताछ के आधार पर कुछ और गिरफ्तारियां तथा बरामदगी होने की उम्मीद है। हथियार और हेरोइन की खेप के साथ मादक पदार्थ तस्करों की यह महत्वपूर्ण गिरफ्तारी बीएसएफ जवानों की पेशेवर क्षमता और अदम्य साहस को दर्शाती है, जो सीमा पार से संचालित नार्को-सिंडिकेट के लिए एक बड़ा झटका साबित हुई है।

डोल मेला समापन की ओर, उमड़ रही भीड़

पायनियर संवाददाता < बारां
www.dailypioneer.com

राजस्थान में नगर परिषद द्वारा जिला मुख्यालय पर आयोजित हाड़ौती का ख्यातनाम डोल मेला समापन की ओर अग्रसर है। इस बार मेले में मनोरंजन के लिए हर तरह के साधन उपलब्ध हैं। जिनमें प्रमुख रूप से बोट, ऊंट सवारी, मौत का कुंआ, सुनामी झूला, क्रॉस और हवाईझूला समेत छोटे-बड़े अन्य झूले लगे हैं। वहीं डोल तालाब की पाल पर सजा चौपाटी बाजार का अलग ही आकर्षण है। यहां तालाब को दिए जा रहे हैरिटेज लुक की बदौलत सम्पूर्ण तालाब का कायाकल्प हो रहा है। रात्रि में तो यहां का नजारा देखते ही बनता है। पाल के किनारे पर सजे चौपाटी बाजार, मीणा समाज मंदिर, तालाब में बने टापू एवं शिव मंदिर पर झिलमिलाती दूधिया रोशनी से नहा रहे समूचे तालाब में मध्य रात्रि तक भारी चहल-पहल बनी रहती है। लोग परिवार के साथ चौपाटी बाजार में खानपान और झूला मार्केट में चकरी-झूलों एवं अन्य मनोरंजन के साधनों का लुत्फ उठा रहे हैं। शनिवार को मेला रंगमंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन को देखते हुए शाम ढलते ही मेले में लोग उमड़ना शुरू हो गए। व्यापारियों को भी इस दिन का खास इंतजार रहता है। इस दिन दूर-दराज से लोग निजी साधनों से बड़ी संख्या में मेला देखने और कवि सम्मेलन सुनने आते हैं। नौकरीपेशा और शहरी क्षेत्र के लोगों ने भी परिवार सहित मेले का लुत्फउठाया। रात को उमड़ने वाली भीड़ का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जनता मार्केट, अस्पताल रोड पर एसबीआई बैंक, दीनदयाल पार्क तक, मांगरोल रोड पर माथना तिराहे तक कारों, ट्रेक्टर- ट्रॉलियां एवं ऑटो की कतारें लगी रहती हैं। डोल मेले में जिले सहित समीपवर्ती कोटा, बूंदी एवं झालावाड़ और मध्यप्रदेश के गुना, शिवपुरी एवं श्योपुर के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग मेला देखने आ रहे हैं। मेले में बढ़ती भीड़ से व्यापारी प्रसन्नता जाहिर कर रहे हैं। प्रतिवर्ष भीलवाड़ा से मेले में आयुर्वेद की दवाईयां बेचने आने वाले सोनू जौहरी ने बताया कि शुरूआत फीकी थी, लेकिन अब अच्छा माहौल है। मेले में बिक्री बढ़ गई है। इससे दुकानदार भी खुश है।

डोल मेले का सोमवार को समारोह पूर्वक विधिवत समापन किया जायेगा। डोलमेला अध्यक्ष योगेन्द्र मेहता ने बताया कि मंच प्रांगण में दोपहर तीन बजे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक राधेश्याम बैरवा और अध्यक्षता सभापति ज्योति पारस रहेगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शहीद राजमल मीणा की पत्नि कमलेश देवी मीणा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष प्रशान्त भारद्वाज और भाजपा नगर अध्यक्ष महावीर नामा शिरकत करेगें।

जीसीडब्ल्यूसी के चेयरमैन की नियुक्ति की जाए : रत्तोल

एजेंसी < जालंधर
www.dailypioneer.com

पटियाला में जनरल कैटेगरी वेलफेयर फेडरेशन (पीएसपीसीएल/ पीएसटीसीएल यूनिट) द्वारा शहीद भगत सिंह के 117वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक विशाल सम्मेलन आयोजित किया गया। पूर्व कैबिनेट मंत्री चेतन सिंह जोड़माजरा पूर्व मंत्री सम्मेलन के मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर जोड़माजरा ने भगत सिंह पर अपने बहुमूल्य विचार दर्शकों के साथ विस्तार से साझा किए।

उन्होंने आश्वासन दिया कि जनरल कैटेगरी की समस्याओं को मुख्यमंत्री के ध्यान में लाया जाएगा और उन्हें जल्द से जल्द हल करने का प्रयास किया जाएगा। फेडरेशन के अध्यक्ष कुलजीत सिंह रत्तोल ने रविवार को भगत सिंह के बलिदानों के बारे में विस्तार से बताया और दर्शकों से उनका अनुसरण करने का आह्वान किया। सुखप्रीत सिंह और हरगुरमीत सिंह ने कहा कि पिछली सरकार ने 2021 में सामान्य वर्ग कल्याण आयोग का गठन किया था, लेकिन मौजूदा सरकार ने आयोग के चेयरमैन और सहायक कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं की है। पदों को भरने में देरी के कारण सामान्य वर्ग की समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। सामान्य वर्ग के साथ भेदभाव बंद किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को क्रीमी लेयर को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पालन करना चाहिए और इसे राज्य में लागू करना चाहिए। फेडरेशन के नेता जसवंत सिंह धालीवाल और प्रवक्ता वी के गुप्ता ने कहा कि भर्ती में पंजाब के सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को उनका हक नहीं मिल रहा है क्योंकि बाहरी लोग कई पदों पर कब्जा कर लेते हैं।

बाघ के हमले में किसान की मौत

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के ककरहा रेंज के जंगल के पास स्थित धर्मपुर बेझा गांव में एक किसान को रविवार की दोपहर में बाघ ने हमला कर मार डाला। पुलिस सूत्रों के अनुसार, धर्मपुर बेझा गांव निवासी मृतक किसान कंधई (40) अपने खेत की रखवाली करने गया था, जहां वह अपनी फसल की देखभाल कर रहा था। अचानक, जंगल से एक बाघ निकल आया और किसान पर हमला कर दिया। यह घटना दोपहर के आसपास हुई। जब कंधई दोपहर का खाना खाने घर नहीं लौटा, तो उनके परिवार के लोग उन्हें खोजते हुए खेत पहुंचे, जहां उन्हें उनका क्षत-विक्षत शव मिला। घटना की जानकारी रेंज कार्यालय को दी गई, लेकिन तब तक मौके पर कोई भी वनकर्मी नहीं पहुंचा था। वन दरोगा अशोक श्रीवास्तव ने बातचीत में बताया कि वे मौके पर जा रहे हैं। वहीं, पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

बरवाला से भाजपा के बागी दर्शन ने कॉंग्रेस को समर्थन घोषित किया

हिसार। हरियाणा के हिसार जिला के बरवाला विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी से बागी होकर निर्दलीय मैदान में उतरे जिला पार्षद महंत दर्शनगिरी ने कांग्रेस प्रत्याशी रामनिवास घोड़ेला को समर्थन घोषित किया। अन्य पिछड़ा वर्ग समाज का प्रमुख चेहरा माने जाने वाले दर्शन गिरि ने घोड़ेला के प्रचार के दौरान मिलकर अपने समर्थकों के साथ कॉंग्रेस को समर्थन की घोषणा की। घोड़ेला ने इस अवसर पर आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता ने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है, क्योंकि भाजपा सरकार ने समाज के हर वर्ग को कुचलने के काम किया है।

फर्जी डिग्री रैकेट का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब के जालंधर में पुलिस ने फर्जी डिग्री घोटाले में शामिल एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 196 फर्जी डिग्रियां, 53 मोहरें, 16 पासपोर्ट, छह लैपटॉप, तीन प्रिंटर, एक मोहर बनाने वाली मशीन और आठ मोबाइल फोन बरामद किए। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने बताया कि आरोपियों ने इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट और अन्य समेत कई कोर्स के लिए फर्जी डिग्रियां जारी की थीं। यह गिरोह पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और अन्य समेत कई राज्यों में सक्रिय है। शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि शहर में एक गिरोह सक्रिय है, जो फर्जी डिग्रियों का धंधा कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने पुष्कर गोयल पुत्र बरिंदर कुमार गोयल निवासी मेन बाजार नजदीक आटा चक्की, फत्तू ढींगा, कपूरथला, जो अब ग्रीन पार्क, जालंधर में रह रहा है और वरिंदर कुमार पुत्र गुरचरण निवासी मोता सिंह नगर, जालंधर को गिरफ्तार किया है। शर्मा ने बताया कि मामले की आगे की जांच में फर्जी डिग्री आपूर्तिकर्ताओं के देशव्यापी नेटवर्क का पता चला है।

भाजपा नेता के पुत्र ने की आत्महत्या

अलवर। राजस्थान में अलवर के अरावली विहार थाना क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी नेता राजेंद्र सैनी के 22 वर्षीय पुत्र ने अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अरावली विहार थाने के पुलिस उपनिरीक्षक रामस्वरूप ने रविवार को बताया कि सुबह साढ़े सात बजे अरावली विहार थाने पर सूचना मिली कि सौनावा डूंगरी निवासी भाजपा नेता राजेंद्र सैनी के पुत्र गौरव ने आत्महत्या कर ली। इस घटना के चलते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव का रविवार को होने वाले कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए। इस घटना के बाद वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा और पार्टी कार्यकर्ता जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

मान को मिली अस्पताल से छुट्टी

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। तीन दिन पहले मान को मोहाली स्थित निजी अस्पताल फोर्टिस में 'रूटीन स्वास्थ्य परीक्षण' के लिए दाखिल कराया गया था। अस्पताल में उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और बताया गया कि उनके फेफड़े की नस में दबाव बढ़ने से उनके हृदय पर दबाव पड़ रहा था और रक्तचाप में उतार-चढ़ाव आ रहा था। उनके रक्त के नमूनों की भी जांच की गई और अस्पताल ने कहा था कि मान लेप्टोस्पाइरोसिस पाज़िटिव पाए गए हैं और उन्हें एंटीबायोटिक्स दिए गए हैं। रविवार की दोपहर मुख्यमंत्री को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आम आदमी पार्टी की पंजाब इकाई ने 'एक्स' पर बताया कि मान अस्पताल से छुट्टी मिलते ही 'एक्शन मोड' में आ गए हैं और शाम पाँच बजे मुख्यमंत्री आवास पर मंडी से खरीद के मुद्दे पर एक बैठक बुलाई है।

अजमेर उत्तर विस क्षेत्र में विकास की कमी नहीं रहेगी : देवनानी

वार्ता < अजमेर
www.dailypioneer.com

राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासूदेव देवनानी ने अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता को एक बार फिर भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में विकास की कमी नहीं रहेगी, बोराज गांव की जनता के प्रत्येक घर में पेयजलापूर्ति अगले छह से सात माह में होने लगेगी। देवनानी अजमेर में फायसागर झील के नजदीक हाथीखेड़ा पंचायत समिति के बोराज गांव के भाटी की डांग, बाबा रामदेव मंदिर के निकट 15 लाख लीटर (1.5 एम.एल.डी.) क्षमता वाली दो करोड़ 23 लाख की लागत से बनने वाली उच्च जलाशय (पानी की टंकी) निर्माण कार्य शुभारंभ करने के बाद उपस्थित ग्रामीण जनता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभी गर्मी आने में छह माह का समय है। मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि छह से सात माह के भीतर टंकी तैयार होकर सभी के घरों में मिठ्ठा पानी पहुंच जायेगा और यहां पानी की समस्या का हल हो जायेगा। देवनानी ने कहा, मैंने सरपंच से भी कहा है कि वे पंचायत का फंड केवल विकास कार्य पर ही लगायें ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले ही चामुंडा माता मंदिर तक 40 लाख की लागत से सड़क निर्माण का शुरू कराया गया है । क्षेत्र की राज कालोनी, जगदम्बा कालोनी में भी सड़क कार्य होने जा रहे है। प्रदेश में नई सरकार के आने से विकास को नये पंख लगे है। इस मौके पर सरपंच लालसिंह रावत तथा जलदाय विभाग के अधिसाषी अभियंता सुनील कुमार बाकलीवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरूष मौजूद रहे।

सीमा पार से तस्करी रैकेट का पर्दाफाश, छह किलो हेरोइन, गोली, सिक्का जब्त

पायनियर संवाददाता < अमृतसर
www.dailypioneer.com

पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) अमृतसर ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए छह किलो हेरोइन, .30 बोर के 67 गोलियां और दो मैगज़ीन बरामद कर सीमा पार से हेरोइन तस्करी के रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस बरामदगी में शामिल आरोपी हालांकि, फरार होने में कामयाब हो गया। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने रविवार को बताया कि बड़ी मात्रा में हेरोइन और हथियारों की बड़ी मात्रा के अलावा, पुलिस टीमों ने आरोपी द्वारा छोड़े गए बैग से एक ऐप्पल आईफोन 11 प्रो सहित छह मोबाइल फोन और एक जियो डोंगल भी बरामद किया है। उन्होने बताया कि सीआई अमृतसर की टीम को विश्वसनीय जानकारी मिली थी कि गुरदासपुर के गांव जाफरपुर का एक व्यक्ति नशा, हथियारों की तस्करी में शामिल है और उसने हाल ही में जिला बटाला-गुरदासपुर के भारत-पाक सीमा क्षेत्र से ड्रोन के जरिए हेरोइन और हथियारों की एक खेप प्राप्त की है और वह इस खेप को आगे किसी अन्य पार्टी को सौंपने जा रहा है। डीजीपी यादव ने बताया कि इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए डीएसपी सीआई अमृतसर बलबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने गुरदासपुर के गांव जाफरपुर में छापेमारी की, जिसके दौरान आरोपी अपना बैग छोड़कर फरार होने में कामयाब हो गया।

पांच वर्ष की बच्ची का स्कूल के ही एक नाबालिग छात्र ने किया यौन शोषण

रतलाम। मध्यप्रदेश के रतलाम शहर के एक निजी स्कूल में पांच वर्षीय नन्ही बच्ची का यौन शोषण किए जाने की घटना सामने आयी है। यूकेजी में पढने वाली नन्ही बच्ची का यौन शौषण करने वाला आरोपी पन्द्रह वर्षीय बाल अपचारी निकला, जिसे पकडकर पुलिस ने बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यूकेजी में पढ़ने वाली पांच वर्षीय बालिका की मां को संदेह होने वाली उसने बालिका से पूछा तो उसने बताया कि स्कूल में एक बड़ा लडका उसके साथ गन्दी हरकतें कर रहा था। बच्ची को साथ लेकर उसके परिजनों ने पहले स्कूल प्रबन्धन और बाद में पुलिस को घटना की शिकायत दर्ज करायी। बालिका के साथ हुई घटना की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद बालिका को जब उसके परिजन पुलिस के साथ स्कूल लेकर गए,।

हरियाणा 10 वर्ष में विकसित हुआ है : धामी

एजेंसी < अलवर
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि हरियाणा में पहले नौकरियों में, कामों में बंदर बाट होती थी, घोटाले होते थे, लेकिन अब हरियाणा 10 वर्ष में विकसित हुआ है। देहरादून से पहुंचे धामी ने भिवाड़ी स्थित काली खोड़ में बाबा मोहन राम मंदिर में दर्शन किये। इस मौके पर उन्होंने पत्रकारों से कहा कि हरियाणा में विपक्षी उम्मीदवार खुद कह रहे हैं कि वे जीते तो अपने रिश्तेदारों और कार्यकर्ताओं को नौकरी लगवायेंगे। कांग्रेस ने हमेशा यही किया है। उन्होंने कहा कि सरकार कोई भी हो, सरकार आमजन की होती है और इस तरीके का रवैया .सरकार की निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। धामी ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में हरियाणा का काफी विकास हुआ है। एलिवेटेड रोड हो ,एक्सप्रेस वे हो, औद्योगिक क्षेत्र का विकास हो, घर-घर पानी की योजना हो और पारदर्शिता से नौजवानों को नौकरी का मामला हो। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने सभी काम किए हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा से किसानों की कोई नाराजगी नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को 24 फसलों पर अधिकतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) दी हुई है जबकि पहले आठ फसलों पर एमएसपी दी जाती थी। धामी ने कहा कि किसानों की आय दुगुनी करने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी में बागियों की संख्या अधिक होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और ऐसे छोटे-मोटे मामले होते रहते हैं।

जो भी कार्यकर्ता होता है तो उसके मन में यह रहता है कि वह भी चुनाव लड़े। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाएं और हरियाणा सरकार की विकासशील योजनाओं को देखते हुए और राज्य सरकार के अच्छे कार्यों को लेकर हरियाणा में तीसरी बार भी भाजपा की ही सरकार बनेगी।

जम्मू में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के लिए भाजपा जिम्मेदार : उमर

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने पूरे जम्मू क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। अब्दुल्ला ने कहा कि भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण जम्मू में यह स्थिति पैदा हुई है। उन्होंने उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले में संवाददाताओं से कहा, हर दिन चिनाब, पीर पंजाल, रियासी, जम्मू, सांबा और कठुआ जिलों जैसे इलाकों में आतंकवादी हमलों की खबरें आती हैं। भाजपा सरकार की लापरवाही और खराब शासन के कारण यात्रियों पर हमले सहित यह स्थिति पैदा हुई है।

भाजपा हरियाणा में तीसरी बार भी बनायेगी सरकार : पूनियां

एजेंसी < रोहतक
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा प्रभारी एवं राजस्थान में पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने दावा किया है कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। डा पूनियां ने रविवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनने के बाद मीडिया से बातचीत में यह दावा किया। उन्होंने कहा कि पहले हरियाणा में भाजपा गठबंधन के साथ चंद सीटों के साथ थी और वर्ष 2014 में वह जनता की पसंद बनी और इसके बाद वर्ष 2019 में भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में आकर फिर सरकार बनाई और पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हरियाणा में विकास के मार्ग खोले हैं, सभी क्षेत्र में देश की तरक्की के रास्ते खोले, युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची नौकरी दी गई । कांग्रेस शासन में भ्रष्टाचार की चर्चा सड़कों पर होती थी लेकिन गत दस वर्षों में भाजपा ने एक पारदर्शी सरकार दी है। डॉ. पूनियां ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ भी हरियाणा की जनता को मिला है। जिस प्रकार से कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में भ्रम फैलाने की कोशिश की लेकिन आज वह स्थिति साफ हो गई है और जनता कांग्रेस के झूठ को पहचान चुकी है। हरियाणा की जनता देश के मिजाज से मेल खाती है और वह नेशनल एजेंडे पर वोट करती हैं और जनता भाजपा के पक्ष में हैं। उन्होंने मोदी की सोच जोड़ने की बताते हुए कहा कि उनकी विकास के जरिये भारत को आगे बढ़ाने की सोच है। उन्होंने कहा कि पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को सड़कों एवं नदियों से जोड़ने सहित कई काम किए।

सक्षम विद्यालय जावंगा के दिव्यांग बच्चें कौशल विकास घुड़सवारी व टैलेंट शो में दिखाएंगे अपना जलवा

राजस्थान के बीकानेर में कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए सक्षम के 47 दिव्यांग बच्चें रवाना हुए

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

नक्सलगढ़ के नाम से जाने जाना वाला दंतेवाड़ा जिला अब जिला प्रशासन के प्रयास से शिक्षा, स्वरोजगार, कौशल विकास, खेल, प्रतिभा के पथ पर अग्रसर है। जिले की छवि को विकास का नया आयाम देने में प्रशासन का अहम भूमिका निभा रहा है। इसी कड़ी में जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत कुमार विश्वरंजन, एसडीएम दंतेवाड़ा व सह नोडल अधिकारी सक्षम जयंत नाहटा के मार्गदर्शन में अटल बिहारी वाजपेयी एजुकेशन सिटी जावंगा में संचालित सक्षम दिव्यांग बच्चों के बाधारहित आवासीय विधालय के 30 बालक एवं 17 बालिका सहित कुल 47 छात्र छात्राओं द्वारा महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गनाइजेशन द्वारा आयोजित राजस्थान के बीकानेर में 23वां स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया जायेगा। इन बच्चों के साथ 12 शिक्षक शिक्षिका ट्रेनर भी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर चयनित छात्र छात्राओं को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा शुभकामनाएं देते हुए इनके वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसके अलावा सक्षम संस्था के ही 7 छात्र आगामी 05 व 06 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में सेना कार्यक्रम में घुड़सवारी खेल का प्रदर्शन करेंगे। इस संस्था की अन्य उपलब्धि के तहत जम्मू कश्मीर राज्य में आयोजित दिव्यांग बच्चों के लिए राष्ट्रीय टैलेंट शो ''हम भी किसी से कम नहीं'' में भी सक्षम के दृष्टिबाधित छात्र मास्टर अंजन का गायन में व सीमा, सिमरन, महिमा एवं पूनम का चयन नृत्य विधा के अन्तर्गत हुआ है। इन बच्चो की रवानगी के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने बच्चों के मनोबल और हौसले को प्रोत्साहन दिया। इस मौके पर डीईओ एस. के अम्बस्ता, बालक छात्रावास अधीक्षक प्रमोद कर्मा एवं बालिका छात्रावास अधीक्षिका रमा कर्मा, डीईओ, डीएमसी, बीईओ, एबीइओ, संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

चार अलग-अलग जगहों पर सट्टा खेला रहे चार सटोरियों पर की गई वैधानिक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी पुलिस द्वारा अवैध शराब,जुआ, सट्टा खेलाने वालों पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी नगरी द्वारा चार अलग.अलग जगहों पर चार सटोरियों को सट्टा पट्टी सहित सट्टा लिखते नगरी पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया है। अप क्र . 70-24 के आरोपी रिजवान खान पिता रियाज खान उम्र 25 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 12 चुरियारा पारा मस्जिद के पास नगरी द्वारा दैनिक बाजार नगरी के पास आम जगह पर सट्टा खेलाआ जा रहा था जिसके पास से एक नग सट्टा पट्टी एक नग डॉट पेन नगदी रकम 3700 एवं पुराने इस्तेमाली वीवो कंपनी का नीला रंग का मोबाइल कीमती 5000 रुपए जुमला रकम 8700 रुपये जप्त कर अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। अपराध क्रमकांक-71/24 के आरोपी राजकुमार सेन पिता फिरंता सेन उम्र 57 वर्ष साकिन राइसमिल पारा वार्ड क्रमांक 08 नगरी द्वारा बंधापारा छिपली जाने वाली सड़क मोड किनारे नगरी के पास आम जगह पर सट्टा खेलाया जा रहा था जिसके पास से एक नग सट्टा पट्टी एक नग डॉट पेन नगदी रकम 610 एवं एक नग कीपैड मोबाइल आइटेल कंपनी का सफेद रंग का मोबाइल कीमती 1200 रुपए जुमला रकम 1810 रुपये जप्त कर अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। अप. क्र. 72/24 के आरोपी. मोहम्मद हकीम पिता तार मोहम्मद उम्र 50 वर्ष साकिन बंधापारा नगरी द्वारा आम जगह बंधापारा छिपली जाने वाली सड़क मोड किनारे नगरी के पास सट्टा खेलाया जा रहा था जिसके पास से जप्त सामाग्री. एक नग सट्टा पट्टी एक नग डॉट पेन नगदी रकम 7500 एवं पुराने इस्तेमाल सैमसंग कंपनी का का मोबाइल कीमती 4000 रुपए जुमला रकम 11500 रुपये जप्त कर अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। अप क्र .73/24 आरोपी. खेमचंद पटेल पिता स्वर्गीय काशीराम पटेल उम्र 60 वर्ष साकिन वार्ड क्रमांक 04 नगरी द्वारा दैनिक बाजार नगरी के आम जगह पर सट्टा खेलाया जा रहा था जिसके पास से जप्त सामाग्री. एक नग सट्टा पट्टी एक नग डॉट पेन नगदी रकम 690. एवं पुराने इस्तेमाल रेडमी मॉडल 9। नीला रंग का मोबाइल कीमती 5000 रुपए जुमला रकम 5690 रुपये जप्त कर अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही किया गया। चारों सटोरिये से एक सटोरियों से नगद 3700 रूपये एवं दुसरे सटोरियों से 610 रूपये तीसरे सटोरिये से 7500. रूपये एवं चौथे सटोरिये से 690रुपये कुल 12500. रूपये एवं 04 नग मोबाईल कीमती 15200 रूपये कुल जुमला 27700. रूपये, 04 नग सट्टा पट्टी सहित 04 नग लेखन सामाग्री किया गया।

विनोबा भावे ऐप ओपन लिंक्स फाउंडेशन के तहत शिक्षकों को किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर के मार्गदर्शन में शैक्षणिक उन्नयन के लिए आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम को संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विनोबा ऐप यह ओपन लिंक्स फ उंडेशन की एक अभिनव पहल है, विनोबा ऐप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है जहां शिक्षकों के कार्यों की पहचान और सराहना होती है, यहाँ शिक्षक एक दुसरे के साथ कनेक्ट होते है, साथ ही विद्यालयीन गतिविधियों को एक दूसरे के साथ साझा करते है, और शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। इस में मुख्य रूप से शिक्षा में नवाचार, शिक्षकों के कार्य सरल करने के लिए, शैक्षणिक गतिविधियां सभी से साझा करने के लिए शेयर एंड लर्न, तथा शिक्षकों के नवनवीन उपक्रम, टीएलएम और शिक्षकों को शैक्षणिक सहायता तथा मार्गदर्शन मिलने के लिए विनोबा ऐप सहायक सिद्ध हुआ है। इसके अन्तर्गत हर महीने शिक्षकों के द्वारा पोस्ट किए गए उनके कार्य गतिविधियों को इस कार्यक्रम के माध्यम से पहचान कर शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य के लिए पोस्ट ऑफ द मंथ अवार्ड जिला स्तर पर पांच शिक्षकों को दिया जाता है। इस में जिला एवं विकास खंड स्तर पर पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय विजेता शिक्षकों को उनकी रचनात्मक गतिविधियों के लिए जनप्रतिनिधि पार्षद विमला रावत सुमन ठाकुर, मनोज मालवीय और जिला शिक्षा अधिकारी एस के अंबस्ता तथा जिला मिशन समन्वयक हरीश गौतम के द्वारा सम्मानित किया गया।

शिक्षिका सीमा शर्मा को मिला राज्य स्तरीय 'सावित्रीबाई फुले सम्मान'

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

बहुमुखी प्रतिभा की धनी व नवाचारी शिक्षिका सीमा शर्मा को शिक्षा में नवाचार, कला,संस्कृति, साहित्य लेखन,महिला सशक्तिकरण,नशा मुक्ति अभियान, बालिका शिक्षा तथा समाज कल्याण व विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट व अप्रितम कार्य व सहयोग के लिए शिक्षक कल प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ द्वारा सावित्रीबाई फूले शिक्षक सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया। गत 22 सितंबर को दुर्ग स्थित खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग में छात्र व शिक्षकों के सर्वांगीण विकास तथा समाज सेवा हेतु संकल्पित संस्थान शिक्षण कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल थे, अध्यक्षता दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव ने किया विशेष अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, निधि चंद्राकर अध्यक्ष उडान संस्था व रवि सिंगोर रहे। शिक्षा एवं समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के 215 उत्कृष्ट शिक्षक शिक्षिकाओं सहित संस्था के प्रांतीय पदाधिकारीयों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शिक्षिका सीमा शर्मा सेजेस कुरुद जिला धमतरी को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद दुर्ग विजय बघेल ने अपने हाथों से शाल प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। शिक्षिका वर्तमान में शासकीय शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर रायपुर में एम। ऐड का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। शिक्षिका को इससे पूर्व उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान सारंगढ़ में एवं विज्ञान शिक्षण हेतु अब्दुल कलाम अवॉर्ड भी प्रदान किया जा चुका है। सम्मान प्राप्त करने वाले अन्य शिक्षक धर्मेंद्र कुमार श्रवण, व पुस्टमा चंदेल, गोपीलाल बघेल, खूब लाल साहू एवं रेखा साहू तथा रमेश कुमार भुआर्य आदि हैं। सम्मान प्राप्त होने पर संस्था के सदस्य संजय कुमार मैथिल, मीना भारद्वाज, वीरेंद्र कुमार साहू इत्यादि ने बधाइयां और शुभकामनाएं दी हैं।

जिले में हो रहे है विभिन्न गतिविधियों के आयोजन

दंतेवाड़ा। जिले में 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक चल रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान, इसका का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। जिसके तहत जिला मुख्यालय पुराना ग्रंथालय में स्वच्छता से संबंधित वॉल पेंटिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन द्वारा उक्त कार्यक्रम सम्मिलित होकर कार्यक्रम का प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया गया। चूंकि स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत समुदाय की भूमिका सरकारी प्रयासों से ज्यादा महत्वपूर्ण है। अतः सम्पूर्ण जिले में युवोदय के वॉलेंटियर नियद नेल्लानार पंचायत के समन्वयक के द्वारा स्वच्छता पर चित्रकला, पेटिंग, शासकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगोली, क्या स्वच्छता अभियान में इस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं विभिन्न स्वच्छता के गतिविधियां आयोजन किया जा रहा है।

बिरगुडी बुथ में सुनी गई मन की बात गई

नगरी/धमतरी। बेलर मंडल में बिरगुड़ी शक्ति केंद्र के अंतर्गत बुथ क्रमांक 197 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम सुनी गई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल एवं जलवायु पर विस्तार से जानकारी दी। लोकल फार वोकल, अमेरिका के द्वारा देश के तीन सौ पुरानी कलाकृति जो कि देश से तस्करी के माध्यम से ले जाया गया था उसे वापस लौटाने की जानकारी दी गइ। स्वच्छता पर भी विस्तार से बात रखी गई। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला भाजपा के मंत्री राजेंद्र गोलछा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अकबर कश्यप, दीपक साहू, मदन सरोज, राधेश्याम नाग, मुकेश देव, संतोष पांडे,संजय शांडिल्य, कार्तिक सोम, नरोत्तम नेताम सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नवरात्र में पांच दिवसीय ब्रह्म गरबा का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी विगत सात वर्षो से ब्राह्मण समाज महिला मंच व युवा मंच के सयुक्त तत्वावधान में नवरात्र के पावन अवसर पर ब्रह्म गरबा नाइट का आयोजन किया जा रहा हैं उसी कडी में इस वर्ष पांच दिवसीय ब्रह्म गरबा महाउत्सव की रूपरेखा तैयार की गई है जो 6 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक रोजाना रात्रि 7 से 10 बजे तक चलेगी गरबा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए प्रथम दिवस छत्तीसगढी परिधान, द्वितीय दिवस दूल्हा, दुल्हन, तृतीय दिवस फैंसी ड्रेस, चतुर्थ दिवस गुजराती परिधान, पंचम दिवस घाघरा चोली परिधान निर्धारित किया गया हैं छटवे दिन सुबह 11 बजे विशाल कन्या भोज व सुहागिन पूजन का कार्यक्रम भी हैं। बम्मपर ईनाम सोने की अंगूठी हैं वही रोजाना प्रथम, द्वितीय व तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र भेंट किया जायेगा। सभी कार्यक्रम स्थानीय किले के श्री राम मंदिर प्रांगण इतवारी बाजार धमतरी में होंगे समाज द्वारा निःशुल्क गरबा प्रशिक्षण भी दिया जा रहा हैं जहां बडी संख्या में समाजजन भाग ले रहे हैं कार्यक्रम में रोजाना अलग अलग क्षेत्रो में ख्याति प्राप्त वरिष्ठ जनों को अतिथि बनाया गया हैं महिला मंच व युवा मंच की टीम आयोजन को सफल बनाने प्रयासरत हैं आयोजको का कहना है कि प्रतिवर्ष समाजजनों खास कर महिला वर्ग को नवरात्रि का बडी बेसब्री से इंतजार रहता हैं जहां गरबा के माध्यम से अपने समाज व परिवार के बीच माता की भक्ति में झूमने का आनंद प्राप्त होता हैं वही ऐसे आयोजन से समाज मे छुपी कई प्रतिभाओं को मंच मिलता हैं। ब्राह्मण समाज ने सभी विप्रजनों, माताओ व बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपिल की हैं।

'लोन वर्राटू' के तहत कारली में हुआ विशेष सुविधा शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा दंतेवाड़ा जिले के कारली में स्थित सामुदायिक भवन (पुराना हैनेक्स प्रिंटिंग यूनिट) में ''लोन वर्राटू'' (घर वापसी) अर्थात आत्म समर्पित एवं नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों के पुनर्वास के तहत विशेष सुविधा शिविर का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन मुख्य सचिव के निर्देशानुसार कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय के मार्गदर्शन पर जिले में निवासरत आत्म समर्पित परिवार एवं नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों को केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार के द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। इस कड़ी में उक्त सुविधा षिविर के अन्तर्गत समस्त विभाग जिसमें राजस्व, स्वास्थ्य,शिक्षा, आदिवासी विकास, विद्युत, महिला बाल विकास, क्रेडा, उद्योग, श्रम, कृषि, परिवहन, समाज कल्याण,कौशल विकास विभागों द्वारा इन परिवारों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से जैसे अन्य महत्वपूर्ण विभागों के द्वारा योजनाओं के संबंध में शिविर लगाया गया। शिविर में इन विभागों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं को लेकर स्टॉल लगाए गये। जिसमें आत्म समर्पित एवं नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवारों के लिए अपना आधार कार्ड, बैंक से संबंधित खाते भी खुलवाए जा रहे हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा परिवारजनों का स्वास्थ्य जांच भी किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने मलेरिया डेंगू, सिकल सेल, एनीमिया जांच, एचआईवी, सुगर, टाइफाइड एवं अन्य जांच के साथ-साथ खान, पान, रहन-सहन एवं होने वाले बीमारियों का बचाव के संबंध में बारीकी से बताया गया। इस दौरान शिविर में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने विभाग प्रमुखों से शिविर में आए आत्म समर्पित परिवार एवं नक्सल हिंसा पीड़ित परिवारों के लगभग 157 परिवारों को केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के साथ-साथ योजनाओं के बारे में भी विस्तार पूर्वक बताने की बात कही।

सब्जी की खेती का फैलाव अब मैदानी इलाकों से निकलकर पहाड़ों तक हो चला है

टमाटर, मिर्च लगाकर ग्राम झोड़ियाबाड़म की दीदियां बदल रही है अपनी जिंदगी की तस्वीर

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ में कृषि कार्य अब लाभकारी हो चुका है, राज्य सरकार ने विगत वर्ष में कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता देकर विभिन्न योजनाओं को संचालित किया है और इसका सीधा प्रभाव यथार्थ के धरातल पर परिलक्षित है। परंपरागत खेती में कई बदलावों के साथ अब राज्य के लोग आधुनिक एवं उन्नत तकनीक के साथ व्यावसायिक तौर पर खेती कर रहे हैं। इसका सीधा लाभ कृषकों को हो रहा है। मुख्यतः धान की खेती के लिए प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ राज्य अब शाक सब्जियों की खेती का भी गढ़ बन रहा है। राज्य में सब्जी की खेती का फैलाव अब मैदानी इलाकों से निकलकर पहाड़ों तक हो चला है। खास तौर पर शाक सब्जियों की खेती के साथ वनांचलों के ग्रामीण भी जुड़ रहे हैं। शाक सब्जियों की खेती वर्तमान में बेहद मुनाफे की खेती में परिवर्तित हो गई है। यही नहीं शाक सब्जियों की खेती में स्व सहायता समूहों की महिलाओं को जोड़े जाने के पहल ने भी कृषि क्षेत्र में भी कई बदलाव लाए है। अगर इसे फायदे के दृष्टिकोण से देखा जाएं तो महिलाओं के बड़े समूहों को घर बैठे रोजगार मिलने के साथ-साथ आर्थिक आमदनी में वृद्धि हुई है इसके अलावा गैर परम्परागत कृषि को प्रोत्साहन मिला। इस क्रम में जिले के ग्राम पंचायत- झोड़ियाबाड़म (कलार पारा) जय मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह (बिहान) की दीदी पीला बाई सेठिया, एवं मालेश्वरी सेठिया ने भी समूह से जुड़कर अपने कृषि कार्य को एक नयी दिशा दी है। ये दीदियां भी अन्य ग्रामीण महिलाओं की तरह पारंपरिक खेती पर निर्भर थी। स्पष्ट है कि इससे उनकी आय भी सीमित रहती थी। फिर उन्होंने बिहान योजना से जुड़ कर बैंक लिंकेज करवाकर ने अपनी आय बढ़ाने और खेती में कुछ नया करने का निर्णय लिया।

सर्वप्रथम उन्होंने उन्नत किस्म के टमाटर, मिर्ची को अपनाया जो अधिक उत्पादक और कीटों के प्रति प्रतिरोधी थीं। फिर ड्रिप इरिगेशन तकनीक माध्यम से उन्होंने पानी की बचत और पौधों को सही मात्रा में पानी देने की विधि अपनाई इससे ने केवल उत्पादन में वृद्धि हुई साथ ही साथ पानी का सही उपयोग भी हुआ। इसके अलावा पीलाबाई एवं मालेश्वरी सेठिया ने ऑर्गेनिक खेती की तरफभी ध्यान दिया और उन्होंने रासायनिक उर्वरकों की जगह जैविक खाद का उपयोग शुरू किया, जिससे उनकी फसल की गुणवत्ता बेहतर हुई और बाजार में उनके उगाए टमाटर की मांग बढ़ी।

इसके साथ ही उन्होंने 'मल्चिंग तकनीक' (प्लास्टिक कवर का उपयोग) विधि अपना कर टमाटर, मिर्च की क्यारियों में मिट्टी की नमी को बनाया रखकर खरपतवार नियंत्रित भी किया। इससे भूमि की उर्वरता बनाए रखने में मदद मिली और उनकी टमाटर, मिर्च की फसल को अतिरिक्त लाभ हुआ। इन महिलाओं के कृषि पहल से प्रेरित होकर समूह के अन्य दीदियां भी लघु स्तर पर शाक सब्जियों की खेती कर रही है। बहरहाल इन दीदियों ने शाक सब्जियों के खेती में अपने लिए अतिरिक्त आय का जरिया को तलाश कर एक प्रगतिशील महिला कृषक का दर्जा हासिल कर लिया है।

खेलकूद से शारीरिक स्वास्थ के साथ मानसिक मजबूती मिलती है : कविता

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

न्यू युवा मितान क्लब तत्वावधान में ग्राम खम्हरिया में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य वन सभापति कविता योगेश बाबर थी, कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच रवि ध्रुव ने की सर्वप्रथम प्रभू विघ्न हर्ता गणेश जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से आए हुए खिलाडियों ने अपना खेल का जौहर दिखाया सभा को संबोधित करते हुए बाबर ने कहा कि मानव जीवन में खेल कूद का एक अपना विशिष्ट योगदान रहता है क्योंकि खेलने कूदने से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है कबड्डी का खेल भारतीय संस्कृति और परंपरा का ऐतिहासिक खेल है जो कि आज अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहचान बना चुका है प्रो कबड्डी लीग के माध्यम से अन्य देशों के खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा लेते हैं और चूंकि यह खेल अत्यंत कम समय में संचालित होता है लेकिन इसका रोमांच अपने चरम सीमा में होता है खिलाड़ी खेल भावना से खेलें हार जीत होती रहती है हार गए तो अपनी गलतियों को सुधारकर कल आप ज़रूर जीत की ओर अग्रसर होंगे उन्होंने समस्त खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की एवं आयोजन समिति को इस आयोजन के लिए बहुत बहुत बधाई दी कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया।

जन्म से लेकर मृत्यु तक जरुरत पड़ने वाले प्रमाणपत्र सभी के बन जाएं : मुख्य सचिव जैन

मुख्य सचिव ने ली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कमिश्नर और कलेक्टर क़ी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर निर्धारित एजेंडा पर समीक्षा क़ी। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जन्म से लेकर मृत्यु तक जो भी प्रमाणपत्र क़ी आवश्यकता होती है उन सब क़ी उपलब्धता प्रत्येक व्यक्ति को हो जाए इसके लिए हर गांव को सेचुरेट करने के लिए रणनीति बनाने निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने बैठक में एजेंडावार विस्तृत समीक्षा क़ी। मुख्य सचिव ने कहा कि जन्म प्रणाम पत्र, जाति प्रमाणपत्र निवास, आय, विवाह एवं मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जाए। इसके साथ यह भी ध्यान रखा जाए कि प्रमाणपत्र बनवाने में हितग्राही को सुविधा हो और लागत भी कम हो। उन्होंने कहा कि पंचायतों को सहकारी समितियों से जोड़ने के अभियान में तेजी लाने के लिए अधिकारियों के साथ ही कलेक्टर भी कम से कम एक पंचायत में जाकर सहकारी समिति से जोड़ें। इसके साथ ही राज्य स्तर से भी हर जिले में एक अधिकारी पंचायत में जाकर समिति गठित करेंगे। इसीप्रकार डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए गांव के युवा सहयोग कर रहे हैं उनके उत्साहवर्धन के लिए अधिकारी स्वयं वहां पहुंचे। मुख्य सचिव ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाने व निर्धारित लक्ष्य अनुरूप कार्यक्रम पूरा करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ठोस अपशिष्ट पदार्थो के प्रबंधन पर भी प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जैन ने राजस्व विभाग क़ी समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए रणनीति बनाएं। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में पटवारियों को सक्रिय करें। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 5 वर्ष से अधिक समय तक एक स्थान पर पदस्थ पटवारियों क़ी सूची तैयार करें। उन्होंने आवारा मावेशियों के कारण सडक दुर्घटना क़ी समीक्षा करते हुए कहा कि मवेशियों को सड़क से हटाने के लिए सडक किनारे के सूखे स्थल क़ा चिन्हांकन कर पशुओं को वहां ले जाएं। आवारा और घुमन्तु पशुओं क़ी पहचान के लिए उनके सींग में रेडियम पट्टी चिपकायें। कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि जिले में नशामुक्ति हेतु नईदिशा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें समाज कलयाण विभाग एवं नाशमुक्ति केंद्र द्वारा महाविद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अब तक 6 कार्यक्रम में करीब 1400 विद्यार्थी भाग लिए हैं। इसी प्रकार गौअभयारण्य जे लिए भाटापारा तहसील के सूमाभाठा का चिन्हांकन किया गया है। इसके साथ ही गौशालाओं के माध्यम से मवेशियों के व्यवस्थापन क़ी जानकारी दी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में एनआईसी कक्ष में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे, एसडीएम पलारी सीमा ठाकुर सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

खेतों में धान की फसल पर माहो का हमला : किसान परेशान

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

धान की फसल पर माहो के हमले से किसान खासा परेशान हैं। धान की फसल पर जहां तना छेदक, ब्लास्ट, शीथ ब्लास्ट, ब्लाइट्स जैसी बीमारियां तेजी से फैल रही हैं। अच्छी बारिश के चलते अच्छी फसल की उम्मीद के साथ किसानों ने खूब मेहनत की है और फसल भी खूब लहलहा रही है मगर जिस तरह से धान की फसल में तरह-तरह की बीमारियां लग रही हैं उससे किसान काफी चिंतित हैं। किसानों को इन बीमारियों के रोकथाम के लिए तरह-तरह के दवाओं का छड़काव करना पड़ रहा है। रोहिना के किसान रूपानंद साहू, वीरेंद्र सेठ ने बताया कि धान की फसल में बालियां आने लगी हैं ऐसे समय में ब्लास्ट, तना छेदक, माहो का प्रकोप बढ़ गया है। पिछले दिनों बदली और बारिश की वजह से कीटनाशक दवा का छिड़काव करने का समय नहीं मिल पाया। किसानों ने यह भी बताया कि जिन खेतों में धान के पौधे सघन हैं एवं पानी भरा हुआ है वहां शीथ ब्लास्ट (चरपा रोग) की शिकायत ज्यादा है। इस बीमारी का रोकथाम समय पर नहीं होने से वहाँ माहो पनप रहे हैं। कई खेतों में माहो का हमला भी शुरू हो चुका है। माहो एक ऐसी बीमारी है जिसके चलते पूरी धान की खड़ी फसल चौपट हो जाती है किसानों के हाथ सिर्फ पैरा ही आता है। इन दिनों छोटे किस्म के धान की फसल में बालियां आने लगी हैं। ऐसे खेतों में तना छेदक और रस चुषक कीड़े फसल को काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। तना छेदक कीट बाली पकने से पहले ही उसे पैरा में तब्दील कर रहे हैं रहे हैं। इससे उत्पादन प्रभावित होना स्वाभाविक है। लहलहाती धान की फसल पर माहो की बुरी नजर लग चुकी है। किसानों के दुश्मन बने भूरा माहो के हमलों से किसान परेशान हैं। खेतों की हरियाली देखते ही देखते गायब हो जा रही है। बताया जाता कि माहो बड़ी तेजी से फैलने वाले किट हैं। समय रहते दवा का छिड़काव नहीं किया तो पूरी फसल बर्बाद होने में देर नहीं लगती। धान फसल को बीमारियों से बचाने के लिये महंगे दवा का छिड़काव कर रहे हैं। जिससे उत्पादन लागत बढ़ रहा है। दवा का छिड़काव के लिये मजदूर नहीं मिलने से समय पर दवा का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं। पिछले दिनों हुई बारिश की वजह से भी दवा का छिड़काव नहीं कर पाये। इस समय किसानों के सामने माहो से फसल को बचाना सबसे बड़ी चुनौती है ।

आयुष्मान भारत पखवाड़ा के तहत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में आयुष्मान भारत पखवाड़ा के तहत गांव गांव में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत सभी छूटे हुए हितग्राहियो को आयुष्मान पंजीयन, स्कूलो के बच्चों द्वारा आयुष्मान रैली,ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों द्वारा घर-घर आयुष्मान हर घर आयुष्मान की जागरूकता हेतुं सभा एवं शासकीय चिकित्सालयों द्वारा जाँच शिविर एवं शासकीय स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता शामिल है। जिला सलाहकार विनय मिश्रा के बताया की ज़िले के सभी हायर सेकेंडरी स्कूलो में आयुष्मान भारत योजना के संबंध निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छात्रों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता में बच्चों को योजना के बारे में कुछ विषय देकर निबंध लेखन करवाना, अच्छे लेखन को पुरस्कृत करना,सायकल रैली निकालकर लोगों में आयुष्मान योजना का अच्छा संदेश देना, योजना अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य हेतु अस्पतालों में सम्मान समारोह आयोजित करना आदि गतिविधियों द्वारा लोगों में योजना के प्रति प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। गौरतलब है की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना,शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के छः साल तथा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तीन साल पूरे होने के अवसर पर जिलें में 20 सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक आयुष्मान भारत पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

भूगोल विभाग में हुआ विशेष व्याख्यान का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ कुरूद
www.dailypioneer.com

संत गुरू घासीदास शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद के भूगोल विभाग में दिनांक 21.09.2024 को भूगोल परिषद् के तत्वावधान में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय था रैखिक प्रतिपगमन एवं मुख्य वक्ता थे डॉ. राजवंश कौर कोहली सहायक प्राध्यापक भूगोल शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ीयारी रायपुर। डॉ. कोहली ने रैखिक प्रतिगमन के इतिहास को बड़े विस्तार एवं रोचक तरीके से छात्र-छात्राओं को बतलाया उन्होने कई उदहारणो के माध्यम से रैखिक प्रतिगमन के धनात्मक एवं ऋणात्मक सह संबंधो को विस्तार पूर्वक बताया। छात्र- छात्राओं को उनहोंने बर्षा संबंधित आंकड़ो के माध्यम से संख्यात्मक विधि से ग् एवं ल् का माध्य ज्ञात करना, एवं इ का मान ज्ञात करना एवं ग मुल्य से ल का मुल्य ज्ञात करना, बड़े ही रोचक एवं सरल तरीके से च्ज् के माध्यम से समझाया। अंत में उनहोंने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं को शांत किया। व्याख्यान माला का आयोजन प्राचार्य डॉ.डी.के.राठौर के निर्देशन में एवं भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एम.एस.साहू के नेतृत्व में संपंन्न हुआ। इस आयोजन में भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक- अमित टण्डन एवं अतिथि प्राध्यापक डॉ. ममता साहा सहित एम.ए.- प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर भूगोल के समस्त छात्र- छात्राएं उपस्थित थे। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.के. राठौर ने डॉ. आर.के. कोहली को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

राजयोग द्वारा मन की शांति संभव : भगवान

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली राजयोग द्वारा अपने कर्मेन्द्रियों पर संयम कर कर्म में कुशलता से सकारात्मक चिंतन, सकारात्मक वृति और दृष्टिकोण की उपलब्धि होती हैं जिससे हम व्यर्थ से बच सकते हैं। राजयोग के अभ्यास द्वारा तनाव मुक्त बन हम अनेक मानसिक और शारीरिक बीमारियों से स्वंम को बचा सकते हैं। मानसिक और शारीरिक बीमारियों से बचने का राजयोग एक कवच कुंडल हैं। उक्त उदगार माउंट आबू राजस्थान से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय से आये हुए ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने कहे वे आज यहा स्थानीय ब्रह्माकुमारीज राजयोग सेवाकेंद्र एक दिवसीय राजयोग साधना कार्यक्रम में एकत्रित ईश्वर प्रेमी भाई बहनों को राजयोग का जीवन में महत्व विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई ने राजयोग की विधि बताते हुए कहा कि स्वंम को आत्मा निश्चय कर चाँद, सूर्य, तारांगण से पार रहनेवाले परमशक्ति परमात्मा को याद करना, मन-बुद्धि द्वारा उसे देखना, उनके गुणों का गुणगान करना ही राजयोग हैं। राजयोग के द्वारा हम परमात्मा के मिलन का अनुभव कर सकता हैं । उन्होनें कहा की राजयोग के अभ्यास द्वारा ही हम काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, घृणा, नफरत आदि मनोविकारों पर जीत प्राप्त कर जीवन को अनेक सद्गुणों से ओतप्रोत वा भरपूर कर सकते हैं । राजयोग के द्वारा मन को दिशा निर्देशन मिलती हैं जिससे मन का भटकना समाप्त हो जाता हैं। राजयोगी भगवान भाई ने अपने अनुभव के आधार से बताया की राजयोग के अभ्यास से विपरीत परिस्थिति में भी सकारात्मक चिंतन के द्वारा मन को एकाग्र किया जा सकता है। उन्होनें कहा कि वर्तमान की तनावपूर्ण परिस्थितियों में मन को एकाग्र और शांत रखने के लिए राजयोग संजीवनी बूटी की तरह काम आता हैं । उन्होनें कहा कि राजयोग के अभ्यास द्वारा सहनशीलता, नम्रता, एकाग्रता, शांति, धैर्यता, अंतर्मुखता ऐसे अनेक सद्गुणों का जीवन में विकास कर सकते है । राजयोग द्वारा ही मन की शांति संभव है। उन्होनें बताया की राजयोग के अभ्यास से अतींद्रिय सुख की प्राप्ति होती हैं । जिन्होनें अतींद्रिय सुख की प्राप्ति कर ली उनको इस संसार के वस्तु, वैभव का सुख फीका लगने लगता हैं । उन्होंने कहा कि राजयोग के द्वारा हम अपने इंद्रियों पर सयंम रखकर अपने मनोबल को बढा सकते हैं। राजयोग द्वारा आंतरिक शक्तियाँ और सद्गुण को उभार कर जीवन में निखार ला सकते हैं । बी के आहिल्या बहन जी नें राजयोग को अपनी दिनचर्या का अंग बनाने की अपील किया उन्होंने कहा वर्तमान की विपरीत परिस्थितियों में राजयोग हमे तनाव मुक्त रखने में बहुत ही मददगार बनेगा। कार्यक्रम के अंत बी के भगवान भाई ने राजयोग का अभ्यास कर सभी को शांति का अनुभव कराया। कार्यक्रम कि शुरुवात दीप प्रज्वलन से किया ।बी के योगेश्वरी बहन, बी के सुनीता बहन, बी के कुसुम बहन, बी के शेवटी बहन भी उपस्थित थी।

रंगोली एवं पोस्टर के माध्यम से स्वच्छता का दिया संदेश

पायनियर संवाददाता ‹ कुरूद
www.dailypioneer.com

संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-01 के तत्वाधान में गुरुवार को स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी स्वयंसेवकों के द्वारा स्वच्छता से संबंधित एक से बढ़कर एक पोस्टर एवं रंगोली बनाकर छात्र -छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं प्रेरित कर स्वच्छता संबंधी संदेश दिया गया। कार्यक्रम के संयोजक विजय कुमार कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो. इकाई-01 नें बताया कि इस प्रतियोगिता का परिणाम 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर घोषित किया जायेगा एवं सभी विजेताओं सहित प्रतिभागियों को भी इस कार्यक्रम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनें हेतु सहभागिता प्रमाण पत्र के साथ में 50 पेज की माय भारत डायरी, कैप एवं माय भारत पेन भी प्रदान किया जायेगा। इस अवसर पर चित्रमणि श्रीमाली सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र, लीना दिली सहायक प्राध्यापक भौतिकी सहित स्वयंसेवक मोजेश कुमार साहू, केशव ध्रुव, यामिनी कंवर, भूमिका डाहरें, जागेन्द्रसिंह, रोशनी साहू सहित बड़ी संख्यां में स्वयंसेवक उपस्थित थें।

स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आज

गरियाबंद। जिले के देवभोग विकासखण्ड के ग्राम सीनापाली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन सोमवार 30 सितम्बर को सवेरे 10 बजे से किया जायेगा। शिविर में ग्राम सीनापाली सहित आसपास के गांवों के लोगों के मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में स्टॉल लगाकर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देने एवं आम लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये हैं। यह शिविर शासकीय हाईस्कूल परिसर सीनापाली में आयोजित किया जायेगा।

दुर्गा विद्यालय में स्वयं सेवको ने चलाया स्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

लम्बर दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित रासेयो इकाई द्वारा डॉ मालती तिवारी जिला संगठक के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य जी.पी. पटेल के दिशा निर्देश तथा आर. के. पटेल कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाडा के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें बाजार पडाव, मंदिर परिसर, विद्यालय परिसर, स्वास्थ्य केन्द्र परिसर, दुर्गापंडाल परिसर, रंगमंच परिसर, एवं गांव की गली शामिल है, साफ-सफाई करने पश्चात स्वच्छता रैली निकालकर लोगो को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्राचार्य जी. पी. पटेल, जी. एस. तोमर, श्याम सुन्दर चौधरी ने झाडू लगाकर स्वयं सेवको को प्रेरित करते हुए गांव-गली में साफ-सफाई का संदेश दिया। रैली में स्वास्थ्य विभाग से डॉ. वाय. के साहू, डॉ दुर्जय प्रधान, शशिकिरण ग्वाल, दुर्गा जगत, स्कूल स्टॉप से जे. के. जायसवाल, बी.एल. साहू, सी.आर. जायसवाल, टी.आर. जायसवाल एम.डी. मानिकपुरी, एल. के. साहू, एल. के. सिदार, एफ एस. बरिहा खिरोद सिदार ने साफ-सफाई में सहभागिता निभाई। स्वयं सेवकों में कु. हेमलता यादव एन एस एस दल नायिका, मनीषा साहू, लालिका श्रीवास, शशि बरिहा, रितू पटेल, विद्या साहू, नीलम साहू, रिया साहू, दिनेश निषाद, कृष्णकु?मार पटेल, मनीष दास, प्रशांत साहू, लोकेश साहू, नीरज साहू, विक्की पटेल, धनुर्जय श्रीवास, चमन खुंटे, पवन, पियुष सिदार ने विशेष कार्य किया गया उक्त जानकारी कार्यक्रम अधिकारी आर.के. पटेल ने दिया।

बीएमओ, डॉक्टर सहित स्वास्थ्य कर्मचारी बने निक्ष्य मित्र, दिया पोषण में सहयोग

निक्ष्य मित्र से टीबी उन्मूलन में मिल रही समुदाय की भागीदारी,पोषण सहयोग से सुधर रही सेहत

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

देशभर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान टीबी रोग के उन्मूलन हेतु जारी है। अभियान के तहत टीबी रोग का उन्मूलन किया जा रहा है जिसमें टीबी मुक्त पंचायत बनाई जानी है इसके साथ ही साथ अभियान में जन समुदाय को जोड़ने और उनसे सहयोग लेने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से निक्ष्य मित्र बनने का आव्हान किया है।कलेक्टर दीपक सोनी ने के अपील पर जिले के अधिकारियों कर्मचारियों, व्यवसायियों, जन प्रतिनिधियों को निक्ष्य मित्र बन अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारियों के निर्वहन की अपील करते हुए इस नेक काम में सभी से सहयोग माँगा है। निक्ष्य मित्र बन कर समुदाय के जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, अधिकारी, उद्योग प्रतिष्ठान, गैर सरकारी संगठन, व्यापारी आदि मरीजों को सांकेतिक रूप से गोद लेकर प्रोटीन आहार के रूप में पोषण सहयोग करते हैं। यह सहयोग उनके अपने निजी व्यय से होता है। इसी कड़ी में विकासखण्ड भाटापारा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र माहेश्वरी के प्रोत्साहन से डॉक्टर सहित कई स्वास्थ्य कर्मचारियों ने निक्ष्य मित्र बन कर टीबी के मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान किया। पोषण सहयोग किट में मुख्यतः प्रोटीन युक्त सामग्री दी गई। बीएमओ राजेन्द्र माहेश्वरी सहित ब्लॉक से 14 लोग निक्ष्य मित्र बने जो हैं। डॉ अशोक तिवारी, डॉ सुषमा माहेश्वरी,डॉ सौरभ वर्मा, डॉ विनीता खूबचंदानी, डॉ अरुण एक्का, डॉ रवि शंकर दीक्षित, संध्या दीवान, सुमति झंवर,संतोष साहू, आलोक तिवारी, जेपी दुबे, दिनेश डांडे तथा कौशल प्रसाद। बी एम ओ के अनुसार अगले कुछ दिनों में और स्टाफ भी निक्ष्य मित्र बनेंगे। गौरतलब है कि कलेक्टर सोनी के प्रयास से जिले के विविध विभागों के चौबीस अधिकारियों को भी निक्ष्य मित्र बनाया गया है और जिला रेड क्रॉस सोसायटी को भी सम्मिलित किया गया है। इससे पूर्व कसडोल में मितानिनों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भी मरीजों को गोद ले पोषण सहायता दी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी के अनुसार टीबी हवा के माध्यम से फैलने वाला संक्रामक रोग है जो उपचार न मिलने की दशा में जानलेवा हो जाता है। दो हफ्ते से अधिक की खांसी, शाम को हल्का बुखार, छाती में दर्द, वजन में कमी, बलगम का आना, बच्चों में वजन का न बढ़ना यह कुछ ऐसे लक्षण है जो टीबी को प्रकट करते हैं । टीबी का जांच और इलाज सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध है । 6 महीने का डॉटस का कोर्स कर टीबी का मरीज पूरी तरह से ठीक हो सकता है। इलाज न करवाने पर यही संक्रमित व्यक्ति एक साल में 10-12 स्वस्थ व्यक्ति को संक्रमित कर देता है। वर्तमान में बलौदा बाज़ार जिले में जनवरी से लेकर अब तक 897 टीबी के मरीज दवाई खा रहे हैं। जिसमें बलौदा बाजार में 256, पलारी में 190, कसडोल में 157, सिमगा में 131 तथा भाटापारा में 163 मरीज सम्मिलित हैं। इनमें से मार्च तक के मरीजों की दवाई खत्म भी हो चुकी है। भाटापारा में इस अवसर पर अरविंद वर्मा,मदन विश्वकर्मा, रामेश्वर सिंग नेताम,एफ एल साहू ने टीबी मरीजों को अपनी देखभाल,समय पर जाँच और इलाज के संबंध अन्य आवश्यक जानकारी भी दी गई।

संकुल केंद्र खोकसा में नवोदय प्रवेश परीक्षा कोचिंग सेंटर संचालित

पायनियर संवाददाता ‹ सरायपाली
www.dailypioneer.com

संकुल केंद्र खोकसा में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिये निशुल्क कोचिंग सेंटर का उद्घाटन बसना बीईओ जे आर डहरिया, एबीईओ बद्री प्रसाद जोल्हे, विनोद कुमार शुक्ला, लकेश्वर सिंह कंवर एवं बीआरसी पूर्णानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में संकुल प्रभारी पीएन ठाकुर, संकुल समन्वयक टीआर पटेल द्वारा किया गया। टीआर पटेल ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा दी जारही कोचिंग का लाभ संकुल केंद्र के अंतर्गत कक्षा पांचवी में अध्यनरत करीब 34 छात्र लाभ ले रहे हैं। कोचिंग क्लास प्रारंभ करने की सराहना पालकों द्वारा की जा रही है। इससे ग्रामीण बच्चे भी नवोदय प्रवेश परीक्षा संबंधी तैयारी कर पाएंगे और नवोदय में पढ़ने का सपना पूरा हो पाएगा। कोचिंग सेंटर में संतलाल चौहान, मोहित बरिहा, सूरज पटेल आदि कोचिंग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर प्रधान पाठक एनपी नायक व्याख्याता चंद्रकांत चौरसिया, संतलाल चौहान, एसएमडीसी अध्यक्ष बाबूलाल दीवान, सत्यनारायण साहू, के पटेल, रोहित भट्ट, चंद्रकात चौरेसिया, लखन चंद्रवंशी, स्मार्ट टीचर मोहित बरिहा, नंद कुमार चौहान, बनखंडी सिदार आदि उपस्थित थे।

जे.एल.एन. डिग्री कालेज के छात्र-छात्राओं ने किया स्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से सम्बद्ध जे.एल.एन. डिग्री कालेज सक्ती मे 22, 24 एवं 27 सितंबर में तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पृथक-पृथक कार्यक्रम कर भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे। स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान के संबंध मे छात्र/छात्राओं को जागरुक किया, प्रथम दिवस में महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के प्रयोगशाला का साफ सफाई किया गया, एवं द्वितीय दिवस में महाविद्यालय प्रांगण एवं आसपास के सामाजिक स्थल मे साफ सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 27.09.2024 को महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता का कार्यक्रम कराया गया। जिसमे महाविद्यालय छात्र/ छात्राओं ने अपनी स्वयं इच्छा से उत्साहित होकर स्वयं सेवको के रुप में स्वच्छता को आवश्यक बताते हुए इस प्रतियोगिता के माध्यम से स्वच्छ रहने एवं स्वस्थ रहने के लिए रंगोली पोस्टर के माध्यम से अवगत कराया। इस कार्यक्रम मे महाविद्यालय के कर्मठ एवं लगनशील प्राचार्य डॉ. शालू पाहवा ने छात्र/छात्राओं एवं रासेयो के स्वयं सेवकों को स्वच्छता का महत्व बताया कि अपने आस-पास के वातावरण को साफ रखना और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना यह स्वच्छ भारत मिशन का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम हैं। जिसमें हम सभी को भाग लेना चाहिए। तत्पश्चात महाविद्यालय के रासेयो प्रभारी डॉ. अजमत अली के नेतृत्व में सभी छात्र/छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में प्लास्टिक थैली एवं कुड़ा, कचरा, घास की सफाई किया। 27.09.2024 को इस कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय प्रांगण में रंगोली, एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कि प्रतियोगी विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। एवं उन्हे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी के अंतर्गत पुरुस्कार दिया गया। जिसमे कि रंगोली विधाए में योगेश कुमार, कु. सविता कंवर, एम.ए. प्रथम सेमेस्टर अर्थशास्त्र ने प्रथम स्थान, भूमि साहू दिव्या खाण्डे, द्वितीय स्थान सगुप्ता परवीन, कु. मानसी रात्रे बी.ए.प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस श्रेणी में पोस्टर प्रतियोगिता का परिणाम प्रथम स्थान योगेश कुमार प्रथम सेमेस्टर अर्थशास्त्र, द्वितीय स्थान कु. रजनी बी.ए. अंतिम एवं तृतीय स्थान सुजल बरेठ ने प्राप्त किया। रासेयो. के प्रभारी डॉ. अजमत अली ने सभी प्रतिभागी को कार्यक्रम की सहभागिता निभाने के लिए एवं पर्यावरण पर जोर देने के लिए कहा।अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. मेघनाथ जायसवाल ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाना और एक स्वस्थ भारत की दिशा में कदम बढ़ाना है।

गजराज दलों का किसानों पर कहर जारी

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के जंगलों में इन दिनों 120 हाथी विचरण कर रहे हैं और बीती रात हाथियों ने 02 ग्रामीणों के मकानों को तोड़ते हुए 44 किसानों की धान की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के द्वारा नुकसान पहुंचाये जाने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले में एक बार फिर से हाथियों की संख्या में इजाफा हुआ है। पहले जहां रायगढ़ और धरमजयगढ़ दोनों वन मंडल को मिलाकर कुल 97 से 98 हाथी विचरण कर रहे थे, वहीं हाथियों की संख्या अब 120 तक पहुंच गई है। बीती रात धरमजयगढ़ वन मंडल की तरफ से दो हाथी रायगढ़ वन मंडल के घरघोड़ा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कमतरा बीट में दो ग्रामीणों के मकान को क्षति पहुंचाया है। इस मामले की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम आज सुबह मौके पर पहुंचकर नुकसान का आंकलन करने में जुट गई है। इसी तरह धरमजयगढ़ वन मंडल में हाथियों ने एक ही रात में 44 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है।

जिसमें विजयनगर, मोहलीपारा, सुखापारा में 21 किसान, सिंघीझाप, गडाईनबहरी में 11 किसान, खलबोरा, दर्रीडीह, में 05 किसान, फ्तेपुर, उद्उदा में 04 के अलावा बोजिया में 03 किसानों की धान की फसलों को हाथियों ने नुकसान पहुंचाया है।

गांव-गांव में होती है मीटिंग

कमतरा बीट के वन रक्षक चैन कुमार सिदार ने बताया कि जंगल में हाथियों की मौजूदगी को देखते हुए गांव-गांव में मीटिंग करके गांव के ग्रामीणों को अर्लट किया जाता है। ग्रामीणों को किसी भी हाल में जंगल की तरफनही जाने की सलाह दी जाती है, साथ ही हाथी के बस्ती तरफ आ जाने पर हो हल्ला नही करने और उससे दूरी बनाये रखने की बात कही जाती है। ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि की घटना न हो।

हाथियों के दल में शावक भी

वन विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़ जिले के जंगलों में विचरण करने वाले हाथियों में इन दिनों नर हाथी की संख्या 32, मादा हाथी की संख्या 58 के अलावा 30 हाथी शावक शामिल है।

जल जीवन मिशन के कार्यों पर भड़के कलेक्टर

ठेकेदार जीतराम खूंटे के अनुबंध को किया तत्काल निरस्त

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर तोपनो द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत पूर्ण, प्रगतिरत एवं अप्रारंभ कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई तथा अप्रारंभ व धीमी प्रगति वाले कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुये जल जीवन मिशन के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने कहा की जल जीवन मिशन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी,बैठक में कलेक्टर ने कहा की जल जीवन मिशन केंद्र और राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजना है। उन्होंने इस योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य अनुसार आमजन को बेहतर पेयजल की सुविधा ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ सहित सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी से और गुणवत्तापूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए है। जिससे आमजन को जल जीवन मिशन योजना से ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित किया जा सके। बैठक में कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मेसर्स जीतराम खुंटे द्वारा निर्धारित अवधि में कार्य प्रारंभ न करने की जानकारी प्राप्त होने पर कलेक्टर ने मेसर्स जीतराम खुंटे के अनुबंध को निरस्त करते हुये अमानत राशि राजसात करने के आदेश दिए है। इसके साथ ही कलेक्टर ने सक्ती जिले में जल जीवन मिशन के सभी कार्यों को दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करने के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सभी अधिकारियों कर्मचारियों को दिए है। साथ ही कलेक्टर द्वारा जल जीवन मिशन के कार्यों में अनावश्यक देरी या लापरवाही बरतने पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुवे संबंधित ठेकेदारों के अनुबंध निरस्त करने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए है। जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में आज अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा करते हुवे आवश्यक निर्णय लिए गए। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

सतनाम के फुहारा लोक कला एवं साहित्य सृजन अकादमी प्रदेश स्तरीय राज्य अलंकरण सम्मान समारोह आयोजन 2024, 19 विधाओं एवं 147 लोगों का सम्मान

पायनियर संवाददाता जैजैपुर
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत जैजैपुर के सद्भावना भवन में प्रदेश स्तरीय राज्य अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 19 विधाओं को सम्मानित किया गया स्वर्गीय देवदास बंजारे स्मृति सम्मान, गुरु बालक दास वीरता सम्मान, डॉक्टर सर्वपल्ली राधा कृष्णन सम्मान, स्व. लक्ष्मण मस्तुरिया स्मृति सम्मान, धनवंतरी सम्मान, शहीद वीर नारायण सम्मान, नवोदय में चयनित बच्चों का सम्मान, भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर सम्मान, छत्तीसगढ़ कला रत्न सम्मान, छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान, गुरु घासीदास सामाजिक चेतना सम्मान, गुरु घासीदास समता अवार्ड, स्वर कोकिला मंगेशकर स्मृति सम्मान, मिनीमाता सम्मान, महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षक रत्न सम्मान, चिकित्सा रत्न सम्मान, बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय साहित्य रत्न अवॉर्ड, शहीद वीर बिरसा मुंडा स्वाभिमान अवार्ड इस तरह से 147 लोगों को अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद जांजगीर चांपा कमलेश जागडे, अध्यक्षता विधायक जैजैपुर बालेश्वर साहू के द्वारा अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम बाबा साहब डा भीम राव अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले, बाबा गुरु घासीदास एव छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर पूजा अर्चना के बाद सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस अलंकरण समारोह में विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि सद्भावना भवन जैजैपुर में अनेकों विधाओं का अलंकरण समारोह का आयोजन यह खुशी की बात है कि हमारे क्षेत्र में अनेक प्रतिभाओं के लोग हैं जिनका सम्मान अनेक कलाओं में किया जा रहा है और इस प्रकार के सम्मान बहुत ही कम होते हैं लेकिन जैजैपुर की धरा में यह सम्मान समारोह का आयोजन करते मुझे बहुत खुशी हो रहा है, सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि यह हमारे समाज के लिए गौरव की बात है जो घासीदास के रास्ते पर चलकर हम लोगों को आज यह मंच मिला उसी का देन है बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने हम लोगों को मंच में बैठने का अधिकार दिलाया जिससे हमारे समाज के लोग अनेक विधाओं में सफल हो रहे हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि माननीय कमलेश जांगड़े जांजगीर चांपा, अध्यक्षता बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर, चितरंजन पटेल उच्च न्यायालय अधिवक्ता, डॉ संतोष पटेल सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक सक्ती, जितेंद्र कोसले थाना प्रभारी जैजैपुर, उमाशंकर चंद्रा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जैजैपुर, श्यामलाल सितारे, सुखदेव खूंटे, डॉक्टर रजनी पटेल, सीता जाटवर, सुशीला सिंहा, गीता सायतोडा एव मगद रविन्द्र इत्यादि। कार्यक्रम के आयोजक हरगोविंद कोसल के नेतृत्व में प्रदेश स्तरीय राज्य अलंकरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

श्री श्री 1008 श्री महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव चांपा में 3 अक्टूबर को

चांपा। श्री श्री 1008 श्री महाराजा अग्रसेन महाराज जी की पावन जयंती अग्रवंश के जनक व संस्थापक राजाधिराज मां लक्ष्मी जी के उपासक अग्रोहा धाम के वासी मानवता की धरोहर व प्रेरणा स्रोत 3 अक्टूबर 2024 श्री अग्रसेन जन्मजयंती महोत्सव के पावन प्रतिवर्ष हर्षोल्लास के शुभ अवसर पर डागा कॉलोनी बरपाली चौक चांपा निवासी रोशन लाल हार्डवेयर के संचालक समाजसेवी रोशन लाल कमला देवी अग्रवाल (ऐरन) अग्रिम रूप से सभी अग्रवंशियों को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

पोषण माह 2024 अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का किया जा रहा आयोजन

सक्ती। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में 01 सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक पोषण माह 2024 अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत सेक्टर मालखरौदा परियोजना के करीगांव केंद्र पोता में पोषण माह कार्यक्रम अंतर्गत किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य शिक्षा, टेक होम राशन के सदुपयोग, बच्चों के पालकों को पोषण के महत्व के बारे में जागरुक करने, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत विशेष कार्यक्रम सहित पोषण रैली का आयोजन कर जन जागरूकता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद सदस्य प्रमोद गबेल, संकुल समन्वयक, पर्यवेक्षक, बिहान समूह की महिलाए, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी और विभिन्न ग्रामीणजन उपस्थित थे।

जेल से छूटते ही पीडिता का अश्लील वीडियो वायरल कर धमकाया

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

अनाचार के मामले में जेल की सजा भुगतने के बाद जमानत पर रिहा होते ही पीड़िता को मोबाईल पर धमकी देने और उसका अश्लील वीडियो वास्ट्सअप ग्रुप में वायरल करने के मामले में अजाजजा अत्याचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए अलग-अलग धाराओं में एक साल के कारावास और 15 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि पीड़िता की शिकायत के बाद विशेष न्यायाधीश एट्रोसिटीज एक्ट रायगढ़ के न्यायालय ने विशेष प्रकरण धारा 376 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण विचाराधीन है। जिसमें माननीय उच्च न्यायालय ने आरोपी मनहरण राठौर पिता रामचरण राठौर उम्र 51 साल निवासी ग्राम महका खरसिया को सशर्त जमानत पर रिहा किये जाने का आदेश दिये जाने पर आरोपी जमानत पर रिहा हुआ था। 11 अगस्त 2021 की दरम्यिानी रात आरोपी ने पीड़िता के पति के मोबाईल पर धमकी भरा मैसेज भेजा और गोपी महका खरसिया नामक संचालित वास्ट्सअप ग्रुप में पीड़िता का अश्लील वीडियो और मैसेज वायरल कर दिया तथा पेशी तारीख में जाने पर जाने से मारने की धमकी भी दिया।

बीईओ के पी राठौर के दौरे में दो शिक्षकों के अनुपस्थित पाए जाने पर कारण बताओं नोटिस

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार शक्ति विकासखंड के शिक्षा अधिकारी केपी राठौर ने 28 सितंबर को शक्ति विकासखंड के विभिन्न प्राइमरी, मिडिल, हायर सेकेंडरी स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण किया, इस दौरान जहां विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों में उपस्थिति एवं दर्ज संख्या की भी समीक्षा की तो वहीं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों के नियमित आने की भी जानकारी ली तथा साथ ही इस दौरान विद्यालय के बच्चों से स्वयं बीईओ साहब ने रूबरू होते हुए बताया कि आज स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा की व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं, तथा स्कूलों का रिजल्ट अच्छा हो इन सभी में आप भी स्वयं मेहनत करें एवं निरंतर समय पर स्कूल पहुंचे, वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी केपी राठौर ने शक्ति विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला कंचनपुर, पूर्व माध्यमिक शाला डोड़की, प्राथमिक शाला दड़ाई,पूर्व माध्यमिक शाला पतेरपाली कला, प्राथमिक शाला ऋषभ तीर्थ दमोहधारा एवं पूर्व माध्यमिक शाला बरपाली कला का निरीक्षण किया, इस दौरान प्राथमिक शाला कंचनपुर में दुर्गावती सिदार एवं शकुंतला साय अनुपस्थित पाए गए, जिन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी के इस आकस्मिक निरीक्षण से जहां विद्यालयों में आदतन समय पर नहीं आने वाले विद्यालय स्टाफ के लिए जहां एक बड़ा सबक है, तो वहीं बीईओ साहब ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि शिक्षक-शिक्षिकाएं समय पर स्कूल नहीं पहुंचेंगे तो उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी तथा विद्यालय में शिक्षा के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने एवं स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहतर हो इस दिशा में सकारात्मक सोच के साथ काम करें, साथ ही विकासखंड शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण के दौरान पूर्व माध्यमिक शाला डोढकी में भी शिक्षकों के विलंब से पहुंचने की जानकारी मिली जिस पर उन्हें आवश्यक स्पष्टीकरण देने निर्देशित किया गया है। ज्ञात हो की शक्ति जिले में जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में जहां शिक्षा विभाग स्कूलों में सरकारी शिक्षा के स्तर को और अधिक अच्छा बनाने की दिशा में जुटा हुआ है, तो वही समय-समय पर बैठकों का आयोजन कर शिक्षक- शिक्षिकाओं को भी निर्देशित किया जा रहा है, साथ ही संबंधित सरकारी स्कूलों के संस्था प्रमुखों को भी लगातार मॉनीटरिंग कर उन्हें शिक्षा की दिशा में अपनी जिम्मेदारियो का सजगता के साथ निर्वहन करने निर्देश दिए जा रहे हैं।

नितेश अग्रवाल बनाए गए बुजुर्गों की चौपाल कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक

सक्ती। रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच के ऊर्जावान अध्यक्ष, समाजसेवी नितेश अग्रवाल को छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच की प्रदेश कार्यकारिणी में बुजुर्गों की चौपाल कार्यक्रम के लिए प्रदेश संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है, उपरोक्त जिम्मेदारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में मारवाड़ी युवा मंच के शाखा स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में आने वाले समय में बुजुर्गों की चौपाल कार्यक्रम भी प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा तथा सभी शाखाओं में सक्रियता के साथ इस कार्यक्रम का आयोजन हो इसकी जिम्मेदारी आपको दी जाती है, वहीं नितेश अग्रवाल को यह जिम्मेदारी मिलने पर मंच साथियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके कुशल नेतृत्व में आने वाले दिनों में इस कार्यक्रम को गति मिलने की बात कही गई है।

पालकी पर बैठ कर आ रही माँ दुर्गा समाज के लिये नहीं माना जाता है शुभ : पंडित द्विवेदी

पायनियर संवाददाता जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com

नवरात्रि में मां दुर्गा का आगमन विशेष सवारी या वाहन में होता है। मां की सवारी के ही शुभ-अशुभ समय का अनुमान लगाया जाता है। इस बार शारदीय नवरात्रि में माता रानी पालकी में आएंगी। पंडित अतुल कृष्ण द्विवेदी के अनुसार नवरात्रि का त्योहार साल में चार बार मनाया जाता है, जिसमें दो प्रत्यक्ष और दो अप्रत्यक्ष नवरात्र होते हैं। आश्विन माह में पड़ने वाली नवरात्रि को शारदीय नवरात्रि कहा जाता है। शारदीय नवरात्रि प्रत्यक्ष नवरात्रि होती है, जिसे देशभर में उत्सव की तरह धूमधाम के साथ मनाया जाता है। साथ ही शारदीय नवरात्रि अन्य तीनों नवरात्रि में सबसे अधिक प्रचलित और लोकप्रिय भी है। पंचांग के मुताबिक नौ दिवसीय नवरात्रि का पर्व आश्विन शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक होता है. तिथि अनुसार इस बार शारदीय नवरात्रि की शुरुआत गुरुवार 03 अक्टूबर से हो रही है, जिसका समापन 12 अक्टूबर 2024 को होगा। नवरात्रि के इन नौ दिनों में जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा ने अलग-अलग नौ रूपों की पूजा की जाती है।

पालकी पर आ रही हैं माता रानी

पंडित द्विवेदी बताते है की माता रानी के आगमन या विदाई का वाहन क्या होगा यह वार के अनुसार तय होता है। इसलिए हर बार माता रानी की सवारी बदल जाती है। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि की शुरुआत गुरुवार के दिन से होगी। ऐसे में माता रानी का वाहन पालकी रहेगा। कहा जाता है कि नवरात्रि की शुरुआत जब गुरुवार के दिन होती है तो मां की सवारी डोली या पालकी होती है। पंडित द्विवेदी बताते है की शारदीय नवरात्रि में दुर्गा सप्तशती के पाठ का भी विशेष महत्व है ऐसी मान्यता है कि श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ करने से व्यक्ति की सभी मनोकामना जैसे नौकरी संतान भूमि भवन और वाहन सभी मनोकामनाएं जल्द पूर्ण होती है। यदि दुर्गा सप्तशती का पाठ सही समय पर किया जाए तो माता रानी की अति विशेष कृपा प्राप्त होती है।

ये है दीप प्रज्वलन का शुभ मुहूर्त

शुभ की चौघड़िया
सुबह 06:08 से 07:33 तक
चल की चौघड़ियाँ
सुबह 10:35 से 12:05
लाभ की चौघड़िया
दोपहर 12:04 से 01:55

शुभम ग्रीन्स में आनंद मेले का हुआ रंगारंग कार्यक्रम, अग्रवाल समाज में अग्रसेन जयंती पखवाड़े में किया था कार्यक्रम

सक्ती। सक्ति शहर के शुभम ग्रीन्स में 28 सितंबर को अग्रवाल समाज द्वारा श्री अग्रसेन जयंती पखवाड़े के अंतर्गत आनंद मेले का सुंदर आयोजन किया गया, इस आनंद मेले में जहां विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टाल लगाए गए थे तो वही अग्रवाल सभा शक्ति की ओर से पानी की निशुल्क व्यवस्था, गरियाबंद का फेमस पान, मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा शक्ति की ओर से छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध देहाती बड़ा एवं मंजुला अग्रवाल गुड्डी अग्रवाल की ओर से बहुत ही सुंदर गेम का आयोजन, सखी परिकर की ओर से रितु अग्रवाल का फेमस पापड़ी चार्ट एवं पाव भाजी, शिल्पा कथूरिया एवं नैंसी कथूरिया की ओर से बनारस का चार्ट, अमिर अनिरुद्ध अग्रवाल, अमित अग्रवाल ग्रुप के द्वारा बहुत ही सुंदर लकी गेम, रमी टाइम पास आदित्य अग्रवाल के द्वारा, चाइल्ड क्लब के द्वारा विभिन्न प्रकार के लकी गेम एवं खाने-पीने के समान के स्टाल थे। अग्रसेन जयंती समारोह समिति के द्वारा नमकीन व्यंजनों के गरमा गरम स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें मुकेश बंसल,आतिश अग्रवाल, विकास अग्रवाल एलएम, प्रकाश खेमचंद अग्रवाल खेमू के द्वारा बहुत ही सुंदर गरमा गरम समोसे, भाकू की प्रसिद्ध सोडा शिकंजी एवं शरबत दिनेश कथूरिया द्वारा, अजय अग्रवाल अज्जू एवं ग्ररुप के द्वारा एयर गन शो, मारवाड़ी युवा मंच शक्ति शाखा की ओर से 0 से 02 वर्ष तक के बच्चों का फ्री फोटोशूट सहित विभिन्न प्रकार के आयोजन किए गए एवं पूरे कार्यक्रम के दौरान जहां मनोरंजक कार्यक्रम भी रखे गए तो वहीं लकी गेम भी आयोजित किया गया, साथ ही पूरे मेले में शाम 4:00 बजे से चालू हुए कार्यक्रम में भारी भीड़ रही।

हमीरपुर मार्ग पर भारी गाड़ी फंसी, लगा लंबा जाम

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में बीती रात से सड़क के बीच एक भारी वाहन के फंसे जाने के कारण 8 से 10 किलोमीटर तक का लंबा जाम लग चुका है। जिससे गाड़ी चालकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सुबह इस मामले की जानकारी मिलते ही यातायात विभाग की एक टीम मौके पर पहुंचकर जाम को खुलवाने में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक रायगढ़-हमीरपुर मार्ग में बीती रात तकरीबन 11 से 12 बजे के आसपास एक कोयला लोड टेऊलर वाहन अपनी गाड़ी को बैक कर रहा था इस दौरान वाहन का पिछ्ला चक्का कीचड में फंस गया और बीच सड़क में भारी वाहन के आग जाने के कारण इस सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लगनी शुरू हो गई और देखते ही देखते सड़क के दोनों तरफ तकरीबन 8 से 10 किलोमीटर का लंबा जाम लग गया है। बताया जा रहा है कि कल रात से आज दोपहर तक वाहन के फंसे रहने के कारण रात भर भारी वाहन चालकों को जंगल के बीच भूख प्यासे ही रात गुजारनी पड़ी। मौके पर मौजूद भारी वाहन के चालक ने बताया कि बीती रात तकरीबन 12 बजे के आसपास से वे वहीं पर भूखे प्यासे फंसे हुए हैं। रात में एक गाड़ी चालक अपने वाहन को बैक कर रहा था इसी बीच उसकी गाड़ी खराब हो गई और यहां जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। उनके साथ-साथ इस मार्ग से गुजरने वाले अन्य लोगों को भी इस जाम की वजह से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि बीती रात से लगे इस जाम के कारण रामपुर से लेकर पालीघाट तक तकरीबन 8 से 10 किलोमीटर तक लंबा जाम लगा हुआ है। इस घटना की जानकारी मिलते ही आज दोपहर यातायात विभाग के जवान मौके पर पहुंचे और फिर क्रेन की सहायता से सड़क के बीच में फंसे वाहन को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। संभवतः एकात घंटे तक सड़क के बीच में फंसे वाहन को निकाल लिया जाएगा।



निर्देशक मुझे अमीर, उच्च समाज का व्यक्ति नहीं मानते

अभिनेता मनोज बाजपेयी कई तरह की भूमिकाएँ निभाने के लिए जाने जाते हैं। हालाँकि, मनोज को एक प्रभावशाली और समृद्ध व्यक्ति के रूप में नहीं चुना गया है।

अपने हाल ही में दिए गए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा है कि, मुझे कभी भी उच्च-समाज की भूमिकाओं के लिए नहीं चुना गया। मनोज ने कहा, गुलमोहर (2023) से पहले एकमात्र फ़िल्म जिसमें मैंने एक अमीर आदमी की भूमिका निभाई थी, वह थी ज़ुबैदा (2001)। यह श्याम बेनेगल का दृढ़ विश्वास था। वह वही थे जिन्हें लगा कि असली महाराजा ग्रीक देवता नहीं थे। वे सामान्य दिखते थे। वीर-ज़ारा (2004) में, मैंने पाकिस्तान के एक राजनेता की भूमिका निभाई। इसमें मेरे दो दृश्य थे, लेकिन यशजी (चोपड़ा) अड़े थे कि मैं यह करूँ। उन्होंने पिंजर (2003) देखने के बाद मुझे कास्ट किया। इन फ़िल्म निर्माताओं के पास वह नज़रिया था जो जीवन को करीब से देखने से उपजा है।

अभिनेता ने कहा, मैंने जो भूमिकाएँ निभाई, वे ज़्यादातर मध्यम-वर्ग और निम्न-मध्यम-वर्ग की कहानियों पर आधारित थीं। मुझे कभी भी उच्च-समाज की भूमिकाओं के लिए नहीं चुना गया। कोई भी निर्देशक मुझे एक अमीर आदमी के रूप में नहीं देख सकता, सिवाय उन दो दिग्गजों के जिनका मैंने उल्लेख किया है। यह स्टीरियोटाइपिंग मौजूद है। मनोज बाजपेयी एक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता हैं, जो गैंग्स ऑफ वासेपुर, शूल, सत्या, गुलमोहर, जोरम और कौन जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं। अभिनेता को आखिरी बार कमर्शियल एंटरटेनर भैया जी में देखा गया था।

क्रिस्टल डिसूजा ने टीवी इंडस्ट्री की पोली खोल!

एक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा का टीवी करियर शानदार रहा है। उन्होंने सीरियल्स के अलावा फिल्मों में भी काम किया है। वो ओटीटी पर भी नजर आ चुकी हैं। अब उन्होंने इंडस्ट्री की पोल खोली है। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने उन मुश्किलों का सामना किया है, जो उन्हें सहने के लिए मजबूर किए गए थे। सेट पर लगातार 60 घंटे तक काम किया, कई बार बेहोश भी हुईं। एंबुलेंस तक बुलाना पड़ा था।

क्रिस्टल डिसूजा ने इंटरव्यू में खुलासा किया कि हेल्थ संबंधी समस्याओं के बाद भी घंटों तक कड़ी मेहनत की। उन्होंने बताया कि कैसे एक्टर्स कभी-कभी 20-30 घंटे तक शूटिंग करते थे। मालूम हो कि क्रिस्टल को एक हजारों में मेरी बहना है से पहचान मिली थी। वो विस्फोट में भी नजर आ चुकी हैं।

क्रिस्टल ने 2500 रुपये से की थी शुरुआत

एक्ट्रेस ने कहा, मैंने 2500 रुपये प्रति दिन से शुरुआत की थी। उस समय कोई नियम या गवर्निंग बॉडी नहीं थी, जो यह तय करती कि आप सिर्फ 12 घंटे ही शूटिंग कर सकते हैं।

60 घंटे लगातार शूटिंग, कई बार हुई बेहोश

उन्होंने आगे कहा, मैंने बिना रुके 60 घंटे तक शूटिंग की है। मैं कई बार सेट पर बेहोश हो चुकी हूं। टीम को एंबुलेंस बुलानी पड़ी। मुझे ड्रिप और दवाइयां मिलतीं और मैं शूटिंग पर वापस चली जाती। यहां तक कि अस्पताल जाने का भी समय नहीं था। वे अस्पताल को सेट पर ही ले आते थे। यह मुझ पर भारी पड़ रहा था, मैं वैसे भी नहीं चल पा रही थी। लेकिन मेरे लिए अपने काम में अच्छा होने के लिए यह जरूरी था।

टीवी ने क्रिस्टल को बनाया मजबूत

क्रिस्टल ने ये भी बताया कि उन्हें हमेशा लगता था कि वह उतनी अच्छी नहीं हैं। वो आर्थिक तंगी से भी जूझी हैं। उन्होंने कहा, टीवी ने मुझे बहुत मजबूत, कॉन्फिडेंट और सहज बनाया है। मैं टीवी की बदौलत ही अपना सबकुछ जी सकती हूं।

हमेशा से परिवार शुरू करना चाहती हैं शोभिता, सगाई के बाद अब किया खुलासा

नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला जिंदगी के नए अध्याय की शुरुआत करने जा रहे हैं। 8 अगस्त को अभिनेता ने शोभिता धुलिपाला के साथ सगाई कर ली है। दोनों ने एक-दूजे को मंगनी की अंगूठी पहनाई। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने बताया है कि शादी कर के घर बसाने की उनकी हमेशा से इच्छा रही है। यही नहीं, अभिनेत्री ने मां बनने पर भी खुलकर बात की है। एक साक्षात्कार के दौरान, शोभिता धुलिपाला ने बताया कि कैसे वह हमेशा शादी करना चाहती थीं और शादी के बाद बच्चे पैदा करना चाहती थी। उन्होंने खुलासा किया कि वह हमेशा खुद को शादी करने और मां बनने के अहसास को अपनाने की कल्पना करती रहती थीं। शोभिता ने कहा, मैंने हमेशा सोचा था कि मैं हमेशा मां बनने का पूरा अनुभव चाहती हूं। मैं इस बारे में बहुत स्पष्ट थी और शादी करना चाहती थी। मैंने हमेशा खुद को उस सेटिंग में देखा। यह कुछ ऐसा है, जिसके बारे में मैंने कल्पना की थी। इसके अलावा इंटरव्यू के दूसरे पॉइंट पर शोभिता ने नागा चैतन्य के साथ अपनी सगाई समारोह के बारे में भी बताया, जिसमें सब कुछ सरल और सादगी से हुआ था। अभिनेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि उनके जीवन के इस खास पल को फैंसी होने की जरूरत नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह दिन उनके लिए बिल्कुल सही था और वह संतुष्ट महसूस कर रही थीं। हालांकि, जब से नागा चैतन्य और शोभिता ने सगाई की है, तब से ही इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि उनकी शादी कैसी होगी। हालांकि, दोनों अभिनेताओं के करीबी सूत्रों ने न तो शादी की तारीख और न ही समारोह स्थल का खुलासा किया है, लेकिन कुछ पिछली रिपोर्टों की मानें तो दोनों राजस्थान में डेस्टिनेशन वेडिंग कर सकते हैं। नागा और शोभिता ने 8 अगस्त को हैदराबाद में अपने करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में सगाई कर ली थी। बाद में, नागार्जुन अक्किनेनी ने जल्द ही शादी करने वाले कपल की पहली झलक सोशल मीडिया पर शेयर की, जिसमें उनकी सगाई की घोषणा की गई और शोभिता का परिवार में स्वागत किया गया था।

बिग बॉस 18 से बाहर हुए धीरज धूपर

सलमान खान के बिग बॉस 18 शो को लेकर दर्शकों में जबर्दस्त हाइप बना हुआ है। शो के प्रोमो के आने के बाद से ही लोगों में शो को लेकर काफी उत्साह बना हुआ है। शो को लेकर पिछले कई दिनों से प्रतियोगियों को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, अब कई नाम कंफर्म भी हो गए है और मेकर्स द्वारा उनकी आधिकारिक घोषणा का इंतजार किया जा रहा है। अब इन सब के बीच शो शुरू होने से पहले ही एक बिग बॉस 18 से एक नाम का पत्ता साफ हो गया है। कुंडली भाग्य से दर्शकों के बीच अपनी अच्छी खासी पहचान बनाने वाले अभिनेता धीरज धूपर पिछले कुछ दिनों से टीवी से दूर अपनी निजी जिंदगी में काफी व्यस्त थे। हालांकि, कयासों का बाजार गर्म था कि अभिनेता बिग बॉस 18 से एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे, लेकिन अब अभिनेता के फैंस के लिए एक बुरी खबर है। धीरज का नाम लिस्ट से बाहर कर दिया गया है। खबर थी कि धीरज ने मेकर्स के सामने अपने कुछ डिमांड रखे थे और पिछले कई दिनों से इसे लेकर मेकर्स से उनकी बातचीत चल रही थी। अब शो की हालिया लिस्ट को देखकर लगता है कि मेकर्स ने अभिनेता की डिमांड मानने से इनकार कर दिया है। इससे पहले ईशा कोप्पिकर भी शो करने से पीछे हट गई थीं। धीरज के अलावा जारी की गई लिस्ट में बाकी सितारों के नाम को कंफर्म ही बताया जा रहा है। वही, कई रिपोर्ट्स यह भी दावा कर रही हैं कि धीरज ने शो में आने से इसलिए मना कर दिया क्योंकि उनका कहना था कि शो में कई बड़े और नामी चेहरे आ रहे हैं। ऐसे में वह शो जीतने में शायद असफल साबित होंगे। इससे पहले सायली सालुंखे के नाम को लेकर भी चर्चा तेजी, लेकिन पिछले दिनों खबर आई कि वह इस शो में हिस्सा नहीं ले रही हैं।

हमें महिलाओं पर अधिक फिल्में बनाने की जरूरत है, लापता लेडीज की सफलता पर बोलीं किरण

किरण राव की निर्देशित फिल्म लापता लेडीज ने रिलीज होने के बाद से ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है और खूब प्यार बटोरा है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इसके अलावा ओटीटी पर रिलीज होने के बाद से ही फिल्म को लेकर लोगों का प्यार और भी बढ़ गया है। हालांकि, यह सब यही नहीं रुका। यह फिल्म अब ऑस्कर में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म कैटेगरी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि है। अब किरण ने महिला प्रधान फिल्मों को लेकर अपनी बात रखी है। हाल ही में एक बातचीत में, किरण ने बताया कि उन्हें क्या लगा कि फिल्म की यह कहानी सच में काम आई। उन्होंने कहा, कहानी ने मुझसे बात की। यह दो लड़कियों के बारे में है जो स्वतंत्रता, अवसर और आवाज की तलाश कर रही हैं।, उन्होंने आगे कहा कि हिंदी सिनेमा को महिलाओं के बारे में और महिलाओं द्वारा बनाई गई अधिक फिल्में बनाने की जरूरत है।

किरण राव ने आगे कहा, मुझे लगता है कि हमें महिलाओं पर अधिक फिल्में बनाने की जरूरत है। यह बहुत जरूरी है कि हम महिला कहानीकारों, निर्माताओं, अभिनेताओं और महिलाओं की निर्देशित प्रोजेक्ट्स में ज्यादा पैसा लगाए। इस फिल्म की सफलता के बाद मैं महिला किरदारों के आस-पास घूमती कहानियां बताना जारी रखूंगी। यही नहीं, किरण राव ने आगे कहा कि लोगों ने फिल्म से जुड़ाव महसूस किया क्योंकि इसमें कॉमेडी का भी मिश्रण था। हम कॉमेडी के जरिए इन मुद्दों को कहानी में शामिल करना चाहते थे क्योंकि कोई भी सिनेमा में जाने पर लेक्चर नहीं सुनना चाहता। मेरा मानना है कि कॉमेडी सबसे असहज मुद्दों से निपटने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है। हमें लगा कि कहानी को जीवंत बनाए रखने से यह कहीं और मनोरंजक बन जाएगी। यही एक मुख्य कारण है कि दर्शकों ने इसे इतनी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। बता दें कि इससे पहले, फिल्म के निर्माता आमिर खान ने ऑस्कर में इसकी प्रविष्टि पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, हम सभी इस खबर से बहुत खुश हैं। मुझे किरण और उनकी पूरी टीम पर गर्व है। मैं फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया की चयन समिति को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने ऑस्कर में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए हमारी फिल्म को चुना।

चिरंजीवी संग अपने रिश्ते पर बोले कोर्टला शिवा

हाल में ही तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी का नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल हुआ है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री इस वक्त देशभर में काफी ज्यादा चर्चित है। आए दिन इस फिल्म इंडस्ट्री की फिल्में चर्चाओं में बनी रहती हैं। कंटेंट आधारित फिल्मों के साथ-साथ नए तरह के प्रयोग भी इन फिल्मों में देखने को मिल रहे हैं। बड़े बजट की फिल्मों से लेकर दर्शकों के लिए कुछ नया परोसने तक साउथ फिल्म इंडस्ट्री लगातार खुद को बेहतर साबित कर रही है। इस क्रम में अब देवरा- भाग 1 भी पर्दे पर रिलीज होने को तैयार है, जिसमें दर्शकों को समुंदर के भीतर खतरनाक एक्शन दृश्य दिखाए जाने वाले हैं। अब इस फिल्म के निर्देशक कोर्टला सिवा ने चिरंजीवी के साथ अपने रिश्ते को लेकर बात की है।

देवरा- भाग 1 के लिए दर्शकों के बीच उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है। इस फिल्म के लिए जूनियर एनटीआर और मशहूर निर्देशक कोर्टला शिवा एक बार फिर साथ काम कर रहे हैं। हाल में ही उन्होंने तेलुगु मीडिया के साथ बातचीत के दौरान उन्होंने अपने और चिरंजीवी के संबंधों को लेकर फैले अफवाहों पर बात किया है। गौरतलब है कि दोनों ने फिल्म आचार्य में साथ काम किया था। इस फिल्म के फीके प्रदर्शन के बाद ये अफवाहें उड़ी थीं कि दोनों के संबंधों में खटास आ गई है। अब उन्होंने इन सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए देवरा निर्देशक ने दिलचस्प जानकारी साझा की है।

दोनों के बीच है अच्छे संबंध

कोर्टला शिवा ने कहा कि आचार्य फिल्म की असफलता के बाद सबसे पहले उनसे चिरंजीवी ने ही संपर्क किया था। उन्होंने कहा कि इस दौरान मजाकिया अंदाज में उन्होंने निर्देशक से कहा था कि दोनों के बीच अच्छे संबंध हैं। उन्होंने कहा, चिरंजीवी सबसे पहले मुझसे संपर्क करने वाले थे, उन्होंने मुझे मैसेज किया, तुम वापस उछल जाओगे, शिवा। हमारे बीच अच्छे संबंध हैं। जाहिर है कि शिवा के ये शब्द दोनों दिग्गजों के बीच किसी भी तरह के दरार को गलत ठहराते हैं।

27 सितंबर को रिलीज होगी फिल्म

बताते चलें कि देवरा इस साल 27 सितंबर को रिलीज हो रही है। फिल्म में एनटीआर के अलावा बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और अभिनेत्री जान्हवी कपूर भी नजर आने वाली हैं। फिल्म पूरे देश भर में विभिन्न भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म में सैफ अली खान नकारात्मक भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म को एनटीआर आर्ट्स और युवासुधा आर्ट्स के बैनर तले बनाया गया है। फिल्म में अनिरुद्ध रविचंदर ने संगीत दिया है। अब तक जारी किए गए टीजर और ट्रेलर में फिल्म के दृश्य काफी भव्य नजर आ रहे हैं। फिल्म को लेकर अभिनेता के फैंस के बीच काफी उत्सुकता देखी जा रही है।

कॉन्सर्ट के बीच दिलजीत को झटका, सेंसर बोर्ड ने बढ़ाई मुश्किलें

मशहूर अभिनेता और पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ अक्सर अपनी फिल्मों और गानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। पंजाबी गायक दिलजीत दोसांझ के 'दिल-लुमिनाती टूर के भारत चरण के टिकटों को लेकर फैंस में होड़ मची हुई है हालांकि, इसके अलावा दिलजीत के खाते में कई बड़ी फिल्में भी शामिल हैं। अब उनकी फिल्म 'पंजाब 95' की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। सेंसर बोर्ड और मेकर्स के बीच उनकी यह लड़ाई थमने का नाम नहीं ले रही है। फिल्म में पहले ही सेंसर बोर्ड ने 85 कट की मांग की थी, हालांकि, रिवाइजिंग कमिटी के रिव्यू के बाद अब फिल्म में 120 कट्स लगाने की डिमांड की गई है। फिल्म के मेकर्स अपनी डिमांड से पीछे नहीं हट रहे हैं।

शांति पूर्ण आंदोलन सातवां दिन भी जारी रहा, रविवार छुट्टी के कारण स्कूली बच्चे भी उपस्थित हुए

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एथेनाल प्लांट को बंद करने तक ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने आंदोलन चलाने की मानो कसम लिए है, जब तक प्लांट बंद नही होगा, आंदोलन जारी रखेंगे। यही कारण है कि रविवार को छुट्टी के दिन भी आंदोलन जारी रहा अवकाश के दिन होने के कारण से बच्चे भी आंदोलन में अपनी भागीदारी निभाएं, इसके अलावा ग्राम पंचायत द्वारा पंचायती राज अधिनियम की धारा 54 के तहत कारखाना विनिमयन के लिए प्रस्ताव पास किया जा चुका है। इसके क्रियान्वयन के लिए शीघ्र ही विहित अधिकारी को प्रस्तुत किया जाए। आंदोलन स्थल पर बच्चे गीत संगीत और देश भक्ति गीत से पूरा माहौल ओतप्रोत रहा। दिन-प्रतिदिन लोग दुगुने उत्साह से आंदोलन में आ रहे है। धरना सुबह 10 बजे शाम 5 बजे के लगभग निरंतर चलता है। धरना के बाद किसान आस-पास के गांव में जागरण और इस आंदोलन के समर्थन में जनजागरण अभियान चलाते है। इसी के तहत काल ग्राम जिया में और आज बहिंगा में कार्यक्रम किया गया। प्लांट की गतिविधियों के संबंध में एक प्रतिनिधि मंडल चर्चा कर ज्ञापन सौंपा और किसी भी उकसावे की कार्यवाही प्लांट प्रबंधन की ओर से न हो इसके लिए सावधान किया। क्योंकि पिछले कुछ समय से प्लांट प्रबंधन की ओर गैर कानूनी गतिविधियां संचालित करने की बात लगातार सामने आ रही है। रविवार की छुट्टी के भी कारण और दिन के अपेक्षा किसानो, महिलाओं और बच्चों की उपस्थिति ज्यादा दर्ज की गई है।

जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा के अध्यक्ष ने कलेक्टर से किया मांग

बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बंसी पटेल ने कलेक्टर से एथेनॉल प्लांट बंद करने की किसानों की मांग को स्वीकार करने की मांग किया है इस संबंध में उन्होंने जारी पत्र में बताया कि ग्राम रांका और पथर्रा सहित आसपास के तीस पैंतीस गांवों के किसान और महिलाएं एथेनॉल प्लांट नही खोलने के लिए निरंतर गुहार लगा रही है। ग्राम भैंसा में संचालित एथेनाल प्लांट की बदबू से आस पास क्षेत्र के लोग गंभीर रूप से परेशान है। इसको देखते हुए ग्रामीण आबादी के आस पास बदबूदार प्लांट लगाना गलत होगा। उद्योग पति द्वारा दादागिरी से ग्रामीण सड़क का औद्योगिक सड़क के रूप में उपयोग किया जा रहा है,जिससे ग्रामीण जनता में आक्रोश है। पथर्रा बायो टेक का मालिक रोहित सचदेवा द्वारा महिलाओं पर तंज कसने की घटना और महिलाओं का वीडियो बनाकर उनको भड़काने का प्रयास करना बेहद निंदनीय है। सभ्य समाज में ऐसे कृत्यों के लिए कोई जगह नही है। विधायक दीपेश साहू के आव्हान पर आहूत धरना प्रदर्शन में ऐसी हरकत निंदनीय है और गंभीर चिंता का विषय है। ग्रामीण किसान जनता को धरना प्रदर्शन के लिए विधायक द्वारा उकसा कर विधायक का गायब हो जान और भी ज्यादा गंभीर मामला है। विधानसभा चुनाव के समय विधायक ने अपने घोषणा पत्र में इन प्लांट को नहीं खुलने देने की घोषणा की है।अब वो अपने वायदे से मुकर नही सकते। दीपेश साहू को स्वयं प्रतिदिन धरना स्थल पर आकर स्थिति को संभालना चाहिए। जनता को उकसा कर असहाय छोड़ देना विधायक के गैर जिम्मेदाराना रवैए को दर्शाता है जिसकी कांग्रेस पार्टी निंदा करती है।रांका में बच्चो के खेल मैदान को एक तरफा उद्योग पति को देने की आपकी कार्य शैली अस्वीकार है। जिस तरह इन फैक्ट्री मालिक द्वारा बाहर से आसामाजिक तत्वों को लाकर रखा जा रहा है और पुलिस उनका वेरिफेकेशन नही कर रही वो भी क्षेत्र की शांति व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। विगत दिन रांका में इन आसामाजिक तत्वों द्वारा स्कूली बच्चियों से छेड़छाड़ और पथर्रा में फैक्टरी कर्मचारी द्वारा शराब तस्करी का मामले को प्रशासन द्वारा नजर अंदाज करने से प्रशासन की भूमिका संदिग्ध प्रतित होती है। कंपनी प्रबंधन द्वार बाउंसर के नाम पर लठैत लाकर रखा जा रहा है और प्रशासन इन्हे मौन सहमति दे रहा है, जो चिंता का विषय है। आपके द्वारा किसान प्रतिनिधियों से जांच कमेटी बना कर जांच करने की बात कही गई है,दस दिनों बाद भी जांच कमेटी का गठन नहीं होना प्रशासन के लचर व्यवस्था और किसानो की उपेक्षा और फैक्ट्री प्रबंधन के हित में कार्य करने की ओर इशारा करता है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है की शासन प्रशासन तत्काल इन सब पर संज्ञान ले कर फैक्ट्री को बंद करने की कार्यवाही करे। अगर किसानो की जायज मांगों को शासन प्रशासन अनसुना कर उनके प्रति उपेक्षित रवैया अपनाता है तो किसानो के हित के लिए कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतर कर किसानो की लड़ाई लड़ने बाध्य होगी।

संजीता गुप्ता अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन एवं जलवायु परितर्वन विभाग के आतिथ्य में तितली सम्मेलन 2024 का समापन समारोह संपन्न

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत आयोजित प्रथम तितली सम्मेलन 2024 के तृतीय एवं समापन दिवस कवर्धा काष्ठागार में संपन्न हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि संजीता गुप्ता अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन एवं जलवायु परितर्वन विभाग रायपुर छ.ग. तथा अध्यक्षता शशि कुमार वनमंडलाधिकारी कवर्धा ने की। उपस्थित समस्त प्रतिभागियों ने उनके द्वारा किये गये सर्वे के बारे में अनुभव साक्षा किये। समस्त प्रतिभागियों द्वारा 80 से अधिक तितलियों की उपस्थिति दर्ज की गयी है। कार्यक्रम में कु. स्वाभा सोनी के द्वारा विभिन्न तितलियों की जीवन शैली, पहचान, उनके भोजन एवं रहवास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी पावर प्वाईंट प्रजेटेंशन की माध्यम से प्रदाय की गयी। गौरव निहलानी के द्वारा इस आयोजन के लिए वनमंडलाधिकारी कवर्धा को बधाई प्रेषित किया गया तथा आगामी दिनों में भी इस तरह की कार्यक्रम में आयोजित कराने की बात कही। मुख्य अतिथि संजीता गुप्ता ने कहा कि तितली सम्मेलन 2024 एक महत्वपूर्ण आयोजन है, मैं इस आयोजन को लेकर वनमंडलाधिकारी कवर्धा को बधाई देती हूं। इस आयोजन से अति सुंदर तितलियों के विभिन्न प्रजातियों को जानने का अवसर प्राप्त होता है। आगामी दिनों में इस तरह के सर्वेक्षण में मैं स्वयं सम्मिलित रहूंगी। उन्होंने समस्त प्रतिभागियों एवं वनमंडल के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामना दी। कार्यक्रम में समस्त प्रतिभागी, समस्त उप वनमंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी, एवं क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी, वनमंडल के कर्मचारीगण, पत्रकारगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

डाइट बेमेतरा में चल रहे गणित विषय के प्रशिक्षण का हुआ समापन

बच्चों के हित में बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें : प्राचार्य घृतलहरे

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में जिले के दो विकास खंडों साजा और नवागढ़ के शिक्षकों का कक्षा छठवीं से आठवीं तक के गणित विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। इस प्रशिक्षण में मिडिल स्कूल में गणित विषय का अध्यापन कराने वाले 102 शिक्षक शिक्षिकाओं की सहभागिता रही। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे उपस्थित थे। सर्वप्रथम प्रतिभागियों के द्वारा तीन दिवस के प्रशिक्षण पर बहुत सुंदर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। सभी प्रतिभागियों ने एक स्वर से इस प्रशिक्षण को अत्यंत सफ्ल, मनोरंजन पूर्ण और ज्ञानवर्धक बताया। गणित प्रशिक्षण के प्रभारी व्याख्याता राजकुमार वर्मा ने गणित शिक्षण के उद्देश्यों और उनके लक्ष्य के ऊपर विस्तार से जानकारी दी। सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षा, और सतत विकास में बाधक 17 बिंदुओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि जो गणित विषय पढ़ता है वह स्वयं ही आत्मनिर्भर हो जाता है। उन्होंने निजी विद्यालय और शासकीय विद्यालयों की तुलना करते हुए कहा कि शासकीय विद्यालयों को कम नहीं आँकने की बात पर जोर दिया और कहा कि हमें चुनौती को स्वीकार करना चाहिए। साथ ही चुनौती को स्वीकार करने पर आनंद का अनुभव करना चाहिए। हमें चुनौतियां से घबराना नहीं चाहिए। इस प्रशिक्षण से जो कुछ भी आप सीख करके जा रहे हैं उसे अपने विद्यालय में 100त्न लागू करने का ईमानदारी पूर्वक प्रयास करें। अपने विद्यालय में बच्चों के लिए बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करें। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में हमने आपको बेहतर से बेहतर सुविधाएं देने का प्रयास किया है। संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता जी एल खुटियारे के द्वारा एक बहुत सुंदर मनोरंजक पूर्ण गीत भी प्रस्तुत किया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बेमेतरा से रिसोर्स पर्सन राघवेंद्र ने बच्चों को हम खेल-खेल में गणित कैसे सिखाएं। इस पर विस्तार से चर्चा की गई जिससे विद्यार्थियों को आसानी से गणित समझ में आ सके। मास्टर ट्रेनर्स नीलिमा साहू ने संक्रियाओं को संख्या रेखा के माध्यम से समझाने का प्रयास किया। प्रतिभागियों ने भी अपना ज्ञान साझा किया। समीकरण क्या है इस पर चर्चा की गई। समीकरण को हल करने हेतु समूहों के माध्यम से दी गई प्रश्नों का प्रस्तुतीकरण कराकर कठिनाइयां को दूर करने का प्रयास किया गया। मोटिवेशनल स्पीकर हर्षवर्धन जैन के द्वारा ज्यामिति के द्वारा के बारे में चर्चा की गई। परिमाप के बारे में तथा बंद आकृति और खुली आकृति के बारे में भी चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर्स अशोक कुमार साहू ने समीकरण, ज्यामिति, परिमाप और क्षेत्रफ्ल पर प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कोई जादुई पिटारा नहीं है बल्कि प्रशिक्षण सीखने सिखाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने शैक्षिक प्रणाली के विभिन्न उद्देश्यों पर भी विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर डाइट के व्याख्याता, जी एल खुटियारे, डॉ बसुबंधु दीवान, अमिंदर भारती विशेष रूप से उपस्थित थे। अंत में सभी प्रतिभागियों को डाइट प्राचार्य ने प्रमाण पत्र प्रदान कर सबका सम्मान किया और राष्ट्रगान के साथ इस तीन दिवसीय गणित प्रशिक्षण का समापन हुआ।

व्यक्ति में जगे समाज भक्ति भावना यही भाजपा सदस्यता का मूल ध्येय: डॉ. सौरभ निर्वाणी

मोदी के मन की बात सुनने, सौरभ निर्वाणी ने लगाई बरगद के नीचे चौपाल

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 114 वे एपिसोड को मन की बात के साथ सदस्यता अभियान के तहत एक बार फिर से पंचायतों में 100 नवीन सदस्य बनाने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया गया जिले के अभिभावक मंत्री दयाल दास बघेल के निर्देश पर हेमाबंद और सुरकी में डॉ सौरभ निर्वाणी ने जिम्मेदारी सम्हालते हुए ग्रामीणों के साथ बरगद के नीचे चौपाल लगाकर देश के नाम से संवाद को सुना, मोदी के मन की बात सुनने के बाद उपस्थित युवाओं और ग्रामीणों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता भी ग्रहण की, डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा की भाजपा की सदस्यता महज एक राजनैतिक दल की सदस्यता नही बल्कि सामाजिक समरसता के साथ अपने राजनैतिक अधिकारों के लिए सजग रहते हुए, देश की संस्कृति की रक्षा और अपने गौरवशाली आध्यात्मिक राजनैतिक इतिहास के प्रति श्रेष्ठता की भावना के साथ राष्ट्र प्रथम का भाव मन में स्थापित करना है, डॉ निर्वाणी ने कहा भाजपा के एक दिव्य ज्योति से असंख्य दीप जल रहे हैं, भाजपा की सदस्यता सत्ता के सुख के लिए नही बल्कि धर्म के लिए जिये के भाव, समाज के लिए जियें के भाव ये धड़कने ये श्वास हो पुण्य भूमि के लिए की भावना से युक्त होना है, मातृभूमि की अर्चना कर, व्यक्ति व्यक्ति में जगे समाज भक्ति भावना के साथ युक्त हो कर बनना है, रेडियो पर मोदी जी की मन की बात सुनने एकत्रित हुए ग्रामीणों में केशव आडिल, विवेक आडील, कैलाश टंडन, राहुल टंडन, योगेश पुरैना, पूर्व सरपंच महेश वारे, शशांक राजपूत, विरेंद्र मार्कण्डेय, किशन वारे, प्रमोद राय, नितिन तिवारी, धर्मेंद्र मार्कंडेय, श्रीकांत मार्कंडेय, बलराम मार्कंडेय, शिकंदर जांगडे, सीताराम विश्वकर्मा, अजय कोशले, लक्की धृतलहरे, अंजली पुरैना, देवचरन मिरचांडे, रामेश्वरी भारती, सुनीता मरकाम, दिनेश बंजारे सहित 119 नए सदस्यों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

प्रशासन इलेवन ने रोमांचक क्रिकेट मैच में नागरिक इलेवन को 18 रनों से हराया

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत प्रशासन इलेवन और नागरिक इलेवन के बीच पीजी कॉलेज ग्राउंड में क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। प्रशासन इलेवन के केप्टन एसडीएम बेमेतरा घनश्याम तंवर थे। रोमांचक मुक़ाबले में प्रशासन इलेवन ने नागरिक इलेवन को 18 रन से हराया। मेन ऑफ द मैच ज़िला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत रहे। उन्होंने तीन कीमती विकेट लिये और अपनी टीम के लिए रन भी बनाये। मैच में प्रशासन इलेवन ने 18 रनों से जीत हासिल की। रोमांचक मुकाबले के दौरान जिला परिवहन अधिकारी अरविंद भगत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए और अपनी टीम के लिए रन भी बनाए। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। मैच के समापन पर कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की और सभी खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन का मुख्य उद्देश्य केवल खेल का मनोरंजन नहीं, बल्कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। समारोह के दौरान कलेक्टर ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई और सभी से अपने आसपास की सफाई बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है, और इस प्रकार के आयोजनों से लोग स्वच्छता के महत्व को बेहतर ढंग से समझते हैं। उन्होंने कहा कि जिले में 17 सितंबर से स्वच्छता ही सेवा अभियान अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रम के जरिए लोगों को स्वच्छता जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। क्रिकेट की कमेंट्री सुनील झा और स्टेनो धर्मेंद्र शर्मा ने की।

मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 09 वाहन चालक से 3,600 रूपये समन शुल्क

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है। जिसके तहत बेमेतरा यातायात पुलिस 09 चालान में 09 व्यक्ति के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 09 प्रकरण में कुल 3,600/- रूपये समन शुल्क लिया गया। 27.09.2024 को थाना बेरला में शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने का 01 प्रकरण में 01 आरोपी के विरूद्ध धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं।

समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् ने पितृ पक्ष में वृद्धाश्रम में कराया भोजन

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विप्र सामाजिक संस्था समग्र ब्राह्मण परिषद् छत्तीसगढ़ की प्रदेश मातृशक्ति परिषद् ईकाई ने रविवार को कोटा स्थित संजीवनी वृद्धाश्रम के बुजुर्गो को पितृ पक्ष के अवसर पर भोजन कराया। समग्र ब्राह्मण मातृशक्ति परिषद् छत्तीसगढ़ की प्रांत प्रमुख प्रमिला तिवारी एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. आरती उपाध्याय ने इस आयोजन के विषय में जानकारी दी है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संगठन द्वारा पितृ पक्ष में भोजन वितरण किया गया. वृद्धजनों को फल भी बांटे। इस अवसर बुजुर्गो ने उपस्थित संगठन सहयोगियों को आशीर्वाद दिया। संगठन के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष पं.शैलेन्द्र रिछारिया ने कहा कि भारतीय हिन्दू संस्कृति एवं परम्परा के अनुसार श्राद्ध का अभिप्राय श्रद्धा से है, इसलिए हर वर्ष पितृ पक्ष में अपने पूर्वजों को याद करते हुए श्राद्ध कर्म किया जाता है। प्रत्येक वर्ष पितरों की प्रसन्नता, दुःखों से मुक्त होने का पर्व श्राद्ध 16 दिनों तक मनाया जाता है। प्रत्येक परिवारजन की मृत्युतिथि पर श्राद्ध, पिंडदान, जलदान आदि करके पितरों को तृप्त करते हैं. सनातन धर्मावलंबियों द्वारा पितरों की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए तर्पण, श्राद्ध कर्म आदि करना आवश्यक समझा जाता है। संगठन की प्रदेश सचिव अर्चना दीवान ने बताया कि प्रतिवर्ष पितृ पक्ष एवं अनेक पर्वों पर संगठन के सभी सहयोगी वृद्धाश्रम में निवासरत बुजुर्गों की सेवा के लिये आते हैं। इस अवसर पर राजेश्वरी शर्मा, स्वाति मिश्रा, खुशबू शर्मा, ममता शर्मा, अमिता मिश्रा, कीर्तिका तिवारी, रश्मि शर्मा, पं.सजल तिवारी, पं.विवेक दुबे, पं.अनुराग त्रिपाठी, पं.पृथ्वी दुबे, पं.गौरव मिश्रा एवं डा.भावेश शुक्ला पराशर उपस्थित थे।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का जिला पुलिस कबीरधाम

पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिला पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा से वंचित और पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को एक नई दिशा देने के प्रयास निरंतर जारी हैं। पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल (आईपीएस) के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत इन बच्चों को शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है। 2024 के दूसरे सत्र में लगभग 250 विद्यार्थियों ने ओपन परीक्षा के फॉर्म भरे हैं, जो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से आते हैं। इन परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा में आने-जाने और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी जिला पुलिस ने स्वयं उठाई है, ताकि वे बिना किसी कठिनाई के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें। पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने खुद ओपन परीक्षा दिला रहे इन विद्यार्थियों से मुलाकात की और उन्हें मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा, सफलता का रास्ता मेहनत और सही दिशा में किए गए प्रयासों से खुलता है। जो विद्यार्थी पूरी लगन और ईमानदारी से तैयारी करते हैं, वे जरूर सफल होते हैं। अग्रवाल ने विद्यार्थियों को बताया कि केवल रटने से सफलता नहीं मिलती, बल्कि किसी भी विषय को समझकर पढ़ने से वह लंबे समय तक याद रहता है। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि परीक्षा के दौरान घबराहट होना स्वाभाविक है, लेकिन उस घबराहट को अपने प्रदर्शन पर हावी न होने दें। इस प्रयास के तहत जिला पुलिस कबीरधाम ने न केवल इन विद्यार्थियों के लिए ओपन परीक्षा फॉर्म भरवाने में मदद की है, बल्कि उनके सफल भविष्य के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सुविधाएं भी प्रदान की हैं। यह जिला पुलिस की सराहनीय पहल है, जो यह सुनिश्चित कर रही है कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बच्चे शिक्षा से वंचित न रहें और उनका भविष्य उज्ज्वल हो। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इन बच्चों को न केवल ओपन परीक्षा में सफल होने में मदद मिल रही है, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि हो रही है, जो आगे चलकर उनके जीवन को नई दिशा देगी। 2017 से लेकर अब तक लगभग 800-900 विद्यार्थियों ने जिला पुलिस के इस अभियान के तहत ओपन परीक्षा के फॉर्म भरे हैं, जिनमें से 500 से अधिक विद्यार्थियों ने सफलतापूर्वक परीक्षा पास की है। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि जिला पुलिस के प्रयास से इन बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अवसर मिला है। जिला पुलिस कबीरधाम का यह प्रयास न केवल इन बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए अहम है, बल्कि यह सामाजिक सुधार का भी एक महत्वपूर्ण कदम है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा का प्रसार कर पुलिस यह सुनिश्चित कर रही है कि इन बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो और वे नक्सलवाद की गतिविधियों से दूर रहकर समाज की मुख्यधारा में जुड़ सकें। राजेश अग्रवाल का यह प्रयास केवल प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि इन विद्यार्थियों के जीवन को संवारने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है, जो उनके आत्मनिर्भर और सशक्त बनने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा किए

राजेश अग्रवाल ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा, जब मैंने अपनी पढ़ाई की थी, तब भी चुनौतियां थीं, लेकिन मैंने कभी हार नहीं मानी। यदि हम किसी चीज़ को ठान लें, तो उसे पाने से कोई हमें रोक नहीं सकता। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाएं और बिना किसी तनाव के परीक्षा की तैयारी करें।

दबावमुक्त परीक्षा देने की सलाह

पुलिस अधीक्षक ने सभी विद्यार्थियों से कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार का दबाव न लें और पूरी तन्मयता से पढ़ाई करें। उन्होंने कहा, समझकर पढ़ा गया विषय हमेशा याद रहता है और परीक्षा में आत्मविश्वास भी बनाए रखता है। बिना किसी दबाव के परीक्षा दें और घबराहट को अपने प्रदर्शन पर असर न डालने दें।

हर परिस्थिति में खुद को रखें कॉन्फिडेंट

नौकरी के दौरान अक्सर एक जैसा काम करते हुए हम ऐसी स्थिति में आ जाते हैं, जिसमें जरा-सा बदलाव भी हमें असहज कर देता है। नौकरी के दौरान अक्सर एक जैसा काम करते हुए हम ऐसी स्थिति में आ जाते हैं, जिसमें जरा-सा बदलाव भी हमें असहज कर देता है। लगातार सुविधापूर्ण स्थिति में आत्ममुग्ध रहना एक तरह से 'असुविधा'' को ही दावत देना है। अगर आप भी कंफर्ट जोन में खुद को 'कंफर्टेबल' मानकर चल रहे हैं, तो वक्त रहते संभल जाएं और ऐसा करके ही आप खुद को हर परिस्थिति में कॉन्फिडेंट रख सकेंगे।

सदाशिव पढ़ाई में अच्छे हैं। दिखने में समझदार। नौकरी जल्द शुरू कर दी थी। कुछ ही साल में अपनी पहचान भी बना ली और एक वरिष्ठ अधिकारी के लिए अलग से काम करके उनका विश्वास भी हासिल कर लिया। इसका उन्हें फायदा भी मिलता रहा। पद और प्रतिष्ठा तो मिली ही, कई बार विदेश जाने का अवसर भी मिला। मगर कई साल ऐसे ही बीतने के कारण सदाशिव आत्ममुग्धता के शिकार होते चले गए। प्रभावशाली अधिकारी का संरक्षण मिला होने के कारण वे खुद को बेहद सुरक्षित महसूस करने लगे। इस बीच उन्हें कई प्रोजेक्ट मिले, पर भरपूर अवसर मिलने के बावजूद किसी में खास प्रभाव छोड़ न पाने के कारण अंततः वे अपने मूल विभाग में ही बने रहे। यहीं उनसे चूक होती चली गई। अपने मूल विभाग के बॉस से उनकी ट्यूनिंग बनने और प्रगाढ़ होने के बजाय बिगड़ती चली गई लेकिन आत्ममुग्धता और उच्चाधिकारी की शह के कारण उन्होंने इसकी ज्यादा परवाह नहीं की। विभागीय बॉस के उपेक्षापूर्ण नजरिये से ठेस लगने के बावजूद उनका स्वाभिमान नहीं जागा और वे निश्चिंतता के साथ टाइम पास करते रहे। इतना ही नहीं, सोशल साइट्स पर भी वे खूब दिखते और अपनी बेतुकी टिप्पणियों पर खुद ही खुश हो लेते। कुछ समय बाद स्थितियां करवट लेने लगीं। प्रभावशाली अधिकारी का प्रभाव जाता रहा और एक समय ऐसा भी आया, जब उनकी जगह कंपनी में कोई और आ गया। अब सदाशिव को सचेत हो जाना चाहिए था, पर ऐसा हुआ नहीं। उनका रवैया जस का तस बना रहा। वे चाहते, तो अपने विश्वासी अधिकारी के रहते किसी और विभाग या केंद्र या प्रोजेक्ट में अच्छे पद पर शिफ्ट हो सकते थे लेकिन सुविधाजीवी और एकरस जीवन के आदी हो चुके सदाशिव ने ऐसी कोई पहल नहीं की। एक दिन जब उन्हें कुछ गलतियां बताते हुए संस्थान से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया, तब उन्हें एहसास हुआ लेकिन तब उनके पास संभलने और सुधरने का मौका नहीं था।

भंवर है कंफर्ट जोन

सदाशिव की सच्ची कहानी महज एक उदाहरण है। आपको अपने संस्थान या दूसरी संस्थाओं, विभागों में ऐसे कई लोग मिल जाएंगे, जो कंफर्ट जोन में समय बिताते हुए खुश दिखेंगे। कई लोग यह भी कहते मिल जाएंगे कि अरे भाई, नौकरी तो सुरक्षित है ही, फिर काम की टेंशन में क्यों परेशान रहें! दरअसल, ऐसे लोग यह नहीं सोचते कि इस प्रकार का रवैया रखकर वे खुद के नुकसान की ही नींव रख रहे हैं। स्थितियां हमेशा एक-सी नहीं रहतीं। जो लोग काम से जी चुराते हैं, नया सीखने-जानने में दिलचस्पी नहीं रखते, कभी पहल करके कोई काम नहीं करते, कोई काम कहने पर समाधान के बजाय तमाम तरह की समस्याएं ही गिनाने बैठ जाते हैं, टीम मेंबर्स से भी जिन्हें ढेरों शिकायतें होती हैं, सही मायने में उनका करियर हमेशा दांव पर लगा होता है। ऐसे लोगों को जब कभी कोई काम सौंपा जाता है, तो वे उसमें इतना विलंब कर देते हैं या फिर उसे इतना उलझा देते हैं कि बॉस को आगे उन्हें काम न देने के बारे में सोचना पड़ जाता है। ऐसे लोग अपनी इस कथित रणनीति पर भले ही खुश होते हों पर जरा सोचें, क्या वह बॉस कभी उनकी प्रशंसा-अनुशंसा करेगा और जब कभी डिमोशन कर दिया गया या इंक्रिमेंट रोक लिया गया या फिर छंटनी की स्थिति में उनका नाम ही आगे बढ़ा दिया गया, तो फिर क्या उन्हें संस्थान और बॉस की आलोचना का अधिकार होना चाहिए

उपयोगिता करें साबित

आप निजी कंपनी में काम कर रहे हों या फिर सरकारी सेवा में हों, छोटे पद पर हों या बड़े पद पर, अगर आप अपने पद की जरूरतों के अनुसार खुद की उपयोगिता साबित करने का प्रयास नहीं करते, तो एक-न-एक दिन आपको जरूर नुकसान हो सकता है। अगर आप समय रहते नहीं चेतते, तो फिर आप किसी को दोष भी नहीं दे सकते। आपको कोई भी जिम्मेदारी दी जाती है, उसे उत्साह के साथ पूरा करने का प्रयास करें। अगर आपको लगता है कि उसमें बॉस से और समझने की या किसी सहयोगी की मदद लेने की जरूरत है, तो विनम्रता के साथ सहयोग लें। आपके प्रयास की गंभीरता स्पष्ट नजर आनी चाहिए। अगर आप छोटे-से-छोटे काम को भी सतर्कता के साथ बहुत अच्छी तरह पूरा करते हैं, तो निश्चित रूप से इससे आपकी छवि बेहतर होगी।

हर दिन हो नया

अगर आप एकरस जीवन से बचना और खुश रहना चाहते हैं, तो अपने काम को एंजॉय करना होगा। निष्ठा ईमानदारी से काम करेंगे, तो ज्यादा कुछ मिले-न मिले, भरपूर सुकून जरूर मिलेगा। यह आपका सबसे बड़ा रिवॉर्ड होगा। इसके अलावा गलतियों से सबक लेने, कमियों को दूर करने और हमेशा कुछ नया सीखने की ललक रखेंगे, तो आपके आत्मविश्वास का स्तर ऊंचा रहेगा और आप मुश्किल से मुश्किल काम को भी उत्साह और हौसले से कर सकेंगे। इस राह पर चलकर तरक्की की सीढ़ियां भी चढ़ते जाएंगे।

ग्रेजुएशन के बाद अमेरिका में जॉब

हाल ही में ग्रेजुएशन करने वालों के लिए अमेरिका में काम करने के लिए दो ऑप्शन हैं : ऑप्शनल प्रेक्टिकल ट्रेनिंग (ओपीटी) तथा एच1बी वीसा। ओपीटी ऐसे ताजा ग्रेजुएट्स के लिए एक कार्यक्रम है, जो अपनी पढ़ाई की फील्ड में कार्य अनुभव पाना चाहते हैं। इसके लिए दो शर्तें पूरी करना जरूरी है : पहली यह कि आपकी ओपीटी जॉब का सीधा संबंध आपकी डिग्री से होना चाहिए। मसलन, यदि आपने इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में डिग्री ली है, तो आप शेफ के रूप में नौकरी नहीं कर सकते। दूसरी शर्त यह है कि आपने जहां से डिग्री प्राप्त की है, वहां का कोई अधिकारी ओपीटी प्रोग्राम के लिए आपका नाम प्रस्तावित करे। इसलिए यह जरूरी है कि आप जहां से पढ़ाई कर रहे हैं, उस संस्थान के संपर्क में रहें और उससे अच्छे संबंध रखें। आम तौर पर ओपीटी 1 साल के लिए ही होता है। मगर यदि आपने साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग या गणित में डिग्री ली है, तो आप ओपीटी को अतिरिक्त 17 महीनों के लिए बढ़वा सकते हैं। एच1बी वीसा ऐसे लोगों के लिए है, जो किसी स्पेशिएलिटी ऑक्युपेशन में काम करते हैं। यह एक पिटिशन-बेस्ड वीसा है, यानी आपकी ओर से आपकी कंपनी इसके लिए यूएस सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन सर्विसेज (यूएससीआईएस) के समक्ष आवेदन करेगी। एच1बी वीसा प्राप्त करने के लिए आपको किसी यूएस एम्बेसी या कॉन्सुलेट में इंटरव्यू के लिए आना पड़ेगा। एच1बी वीसा पर आप अमेरिका में 3 साल तक काम कर सकते हैं। इसकी अवधि बढ़वाने के विकल्प भी हैं मगर कुल मिलाकर आप एच1बी वीसा पर अमेरिका में अधिकतम 6 वर्ष तक ही काम कर सकते हैं।



आपको ऊंचाइयों पर ले जाएंगे ये करियर ऑप्शन

आज हम आपको बताने जा रहे हैं गणित में 8 ऐसे करियर ऑप्शन जो आपको ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

छात्रों के बीच गणित विषय को कठिन विषय समझा जाता है, इसका नाम सुनते ही बहुत से छात्र दूर भागते हैं। परंतु यदि प्रारंभ से ही गणित विषय को सही प्रकार से हैंडिल किया जाए तो आपकी गणित पर अच्छी पकड़ हो सकती है। गणित विषय का अर्थ केवल जोड़ना, घटाना, गुणा और भाग देना नहीं है। इस विषय में उच्च शिक्षा लेकर करियर की अपार संभावनाएं हैं। गणित विषय मनुष्य की ज्ञान की एक उपयोगी तथा आकर्षक शाखा है। इसमें अध्ययन के कई क्षेत्रों को शामिल किया गया है। भारत में प्राचीन काल से ही गणित की एक सुदृढ़ परंपरा रही है। प्राचीन काल के कई गणितज्ञों आर्यभट्ट, वराह मिहिर, महावीराचार्य, ब्रह्मगुप्त, श्रीधराचार्य इत्यादि ने तथा आधुनिक काल में डॉ गणेश प्रसाद, प्रोफेसर बीएन प्रसाद, श्रीनिवास रामानुजन इत्यादि ने गणित की सुदृढ़ नींव रखी है।

इकोनॉमिस्ट

एक इकोनॉमिस्ट आर्थिक रुझानों का अन्वेषण करके मूल्यांकन करता है। भविष्य को लेकर पूर्वानुमान जारी करता है। वह विभिन्न विषयों जैसे महंगाई, कर, ब्याज दर, रोजगार का स्तर आदि का डेटा संग्रह करता है। उस पर अनुसंधान करता है और विश्लेषण करता है। अर्थशास्त्री बनने के लिए गणित विषय को जरूरी माना जाता है। एक अर्थशास्त्री बनने के लिए अर्थशास्त्र में बैचलर डिग्री होना और गणित पर अच्छी पकड़ होना आवश्यक है। इसके बाद अर्थशास्त्र, इकोमेट्रिक्स, ऐप्लाइड इकोनॉमिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री होना चाहिए।

सॉफ्टवेयर इंजीनियर

सॉफ्टवेर इंजीनियरिंग के छात्रों के करियर की नीव शुरू ही गणित के ज्ञान से होती है। सॉफ्टवेयर इंजीनियरों का काम सॉफ्टवेयर डिजाइन करना और उसे डेवलप करना होता है। इस काम में छात्रों को कम्प्यूटर साइंस के साथ-साथ मैथ्स की थ्योरी और उनके सिद्धांतों का प्रयोग करना पड़ता है। इस क्षेत्र में एक्सपर्ट छात्रों के लिए बहुत अच्छे विकल्प मौजूद है तथा अगले 10 वर्षों में इस क्षेत्र में काफी संभावनाएं आने वाली हैं जो छात्रों के हित में मददगार साबित होंगे।

स्टैटिस्टिक्स

गणित पर जिनको महारत हासिल है उनके लिए स्टैटिस्टिक्स में कैरियर बनाना बहुत अच्छा विकल्प है। सांख्यिकीविद को डाटा का विश्लेषण करना, परिणामों को पाइ चार्ट्स, बार ग्राफ, टेबल के रूप में प्रस्तुत करने का काम करना होता है। हेल्थ केयर, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में सांख्यिकीविद की काफी मांग होती है। सांख्यिकीविद बनने के लिए आपके पास मैथमेटिक्स स्टैटिस्टिक्स में स्नातक की डिग्री या फिर स्टैटिस्टिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री होनी चाहिए।

चार्टर्ड एकाउंटेंट

चार्टर्ड एकाउंटेंट बनने का पहला रूल ही गणित में दक्ष होना है। क्योंकि चार्टर्ड एकाउंटेंट यानि कि सीए का पूरा काम एकाउंटिंग, ऑडिटिंग और टैक्सेशन से जुड़ा होता है। अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि के चलते फाइनेंस और एकाउंट से जुड़े क्षेत्रों में करियर के काफी स्कोप जुड़ते जा रहे हैं जो गणित में रूचि रखने वाले छात्रों के लिए एक अच्छा करियर विकल्प का मार्ग है।

ऑपरेशन रिसर्च एनालिस्ट

इससे जुड़े काम को एप्लाइड मैथ्स और फॉर्मल साइंस की एक शाखा के रूप में ही समझा जाता है। इसमें आधुनिक लॉजिकल विधियों जैसे की स्टैटिस्टिकल एनालिसिस और मैथमेटिकल ऑप्टिमाइजेशन का प्रयोग किया जाता है। ऑपरेशन रिसर्च एनालिस्ट इन्हीं आधुनिक विधियों कि मदद से मैनेजर को सही निर्णय लेने और समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव प्रदान करते है।

बैंकिंग

अगर आपकी गणित में अच्छी पकड़ है तो आप बैंकिंग क्षेत्र में आप एकाउंटेंट, कस्टमर सर्विस, फ्रंट डेस्क, कैश हैंडलिंग, एकाउंट ओपनिंग, करंट एकाउंट, सेविंग एकाउंट, लोन प्रोसेसिंग ऑफिसर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, रिकवरी ऑफिसर के प्रोफाइल्स के लिए भी कोशिश कर अपना भविष्य बना सकते है क्यूंकि इन सभी में मैथमेटिकल स्किल्स का होना जरूरी है।

मैथमेटिशियन

अगर आप मैथ को दिल से प्यार करते हैं और इसमें सबसे ज्यादा माहिर हैं, तो मैथमेटिशियन बनना आपके लिए सबसे बेस्ट होगा। यह ऐसे प्रोफेशनल्स होते हैं जो मैथ्स के बुनियादी क्षेत्र का अध्ययन या रिसर्च संबंधी कार्य करते हैं। इसके अलावा ये लॉजिक, ट्रांसफार्मेशन, नंबर आदि समस्याओं का निर्धारण करते हैं। इस क्षेत्र में भी मैथ्स का ज्ञान होना बहुत जरूरी है तथा इस क्षेत्र में छात्र अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

कम्प्यूटर सिस्टम एनालिस्ट

कम्प्यूटर सिस्टम एनालिस्ट आईटी टूल्स का उपयोग करते हुए किसी भी एंटरप्राइजेज को लक्ष्य पूरा करने में मदद पहुंचाते हैं। यदि आपको गणित का ज्ञान नहीं तो आप आगे नहीं बढ़ सकते और इसी के विपरीत यदि आपका गणित के प्रति रुझान है तो आप आसानी से अपने काम को पूरा कर सकते हैं। ज्यादातर सिस्टम एनालिस्ट अपना काम कम्प्यूटर और सॉफ्टवेयर के जरिए करते हैं तथा इसे ठीक तरह से समझने के लिए गणित पहली नींव है।

उत्साह और जुनून के साथ देशभक्ति
वायु सेना में करियर

भारतीय वायु सेना में करियर बनाने के लिए ऊर्जावान, उत्साही युवाओं की हमेशा मांग रहती है। क्या आप इस प्रोफाइल में फिट बैठते हैं। एयर फोर्स, यानी वायु सेना में करियर को प्रतिष्ठित माना जाता है और युवाओं में यह खासा लोकप्रिय भी है। इस फील्ड में यदि आप करियर बनाते हैं, तो आपका नाता देश सेवा, नवीनतम टेक्नोलॉजी और उत्कृष्ट शारीरिक मानसिक कौशल से होगा।

भारतीय वायु सेना को ऐसे युवाओं की जरूरत है, जो ऊर्जावान हों, पैशनेट हों, उत्साही हों और जो अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हों। मगर ध्यान रहे, एयर फोर्स का हिस्सा होने में खासे परिश्रम की जरूरत होती है। इसकी चयन प्रक्रिया बहुत कड़ी है। इसमें प्रेक्टिकल टेस्ट, रिटन टेस्ट, फिजिकल तथा मेडिकल टेस्ट, सायकोलॉजिकल टेस्ट, इंटरव्यू, ग्रुप टास्क आदि शामिल होते हैं।

कैसे हों शामिल

भारतीय वायु सेना में शामिल होने के लिए आपको राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की प्रवेश परीक्षा में बैठना होगा। यदि आपकी उम्र साढ़े 16 साल से 19 साल है, आप भारतीय नागरिक हैं और आपने फिजिक्स तथा मैथ्स विषयों के साथ 12वीं पास की है, तो आप इस परीक्षा में बैठ सकते हैं। चयन के बाद उम्मीदवारों को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में 3 साल की गहन ट्रेनिंग दी जाती है। इसकी समाप्ति पर एयर फोर्स अकादमी में स्पेशलाइज्ड ट्रेनिंग होती है। ग्रेजुएट भी एयर फोर्स का हिस्सा बन सकते हैं। आरंभिक चयन के बाद शॉर्ट-लिस्ट किए गए उम्मीदवारों को एयर फोर्स ट्रेनिंग संस्थान में भेजा जाता है।

कौन-कौन सी ब्रांच

एयर फोर्स में करियर के अवसरों को मोटे तौर पर तीन श्रेणियों में बांटा जा सकता है : फ्लाइंग ब्रांच, टेक्निकल ब्रांच तथा ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच।

फ्लाइंग ब्रांच

इस ब्रांच में विभिन्न श्रेणियों के पायलटों का चयन कर उन्हें प्रशिक्षित किया जाता है। इस ब्रांच में आकर आपको उड़ान भरने के भरपूर मौके मिलेंगे। इसमें हैलिकॉप्टर पायलट, फाइटर पायलट तथा ट्रांसपोर्ट पायलट के रूप में ग्रेजुएट्स तथा पोस्ट ग्रेजुएट्स के लिए अनेक अवसर हैं। पायलट ट्रेनिंग हैदराबाद से 43 किलोमीटर दूर डंडीगल स्थित एयर फोर्स एकेडमी में दी जाती है। इस ब्रांच में शामिल होने के बाद आपको आपके डेजिग्जनेशन, ट्रेनिंग व अनुभव के आधार पर विभिन्न मिशनों का हिस्सा बनाया जाएगा।

टेक्निकल ब्रांच

एयर फोर्स की टेक्निकल ब्रांच अत्याधुनिक विमानों तथा शस्त्रों के सही संचालन को सुनिश्चित करती है। यह विमानों के मेंटेनेंस तथा सर्विसिंग और एयर फोर्स स्टेशन पर कम्युनिकेशन तथा सिग्नल से संबंधित कार्यों को करने के लिए क्रमशः मैकेनिकल तथा इलेक्ट्रॉनिक्स विभागों से एयरोनॉटिकल इंजीनियर्स को नियुक्त करती है।

ग्राउंड ड्यूटी ब्रांच

यह ब्रांच मानव तथा अन्य संसाधनों का प्रबंधन कर वायु सेना का संचालन करती है। दरअसल यह एक ब्रांच न होकर इसमें अनेक ब्रांच समाहित हैं, जैसे : एडमिनिस्ट्रेशन ब्रांच, जिसके अधिकारी समस्त संसाधनों के कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करते हैं। इसके कुछ अधिकारी एयर ट्रैफिक कंट्रोलर व फ्लाइट कंट्रोलर के रूप में भी काम करते हैं। इसी प्रकार अकाउंट्स ब्रांच में अकाउंट्स संबंधी तमाम काम किए जाते हैं। लॉजिस्टिक्स ब्रांच के अधिकारियों को कपड़ों से लेकर विमानों के पुर्जों तक तमाम तरह के सामान का प्रबंधन करना होता है। एजुकेशन ब्रांच के अधिकारी भविष्य के वायु सैनिकों को अच्छी से अच्छी शिक्षा तथा प्रशिक्षण सुनिश्चित करते हैं। मीटियॉरोलॉजी ब्रांच के अधिकारी उड़ान भर रहे पायलटों को गाइड कर उनकी उड़ान सुरक्षित करने में मदद करते हैं।

विधायक व राज्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डूमरडीह में बूथ नम्बर 157 वार्ड 03 पर दुर्ग ग्रामीण विधायक राज्य ग्रामीण अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यकर्ताओं के साथ सुना। 29 अगस्त 2024 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित किया। बता दें कि मन की बात का यह 114वां एपिसोड है। इस अवसर पर विधायक द्वारा चल रहे देशव्यापी भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी के सदस्य बनाएं और लोगों को भारतीय जनता पार्टी के रीति निति से अवगत कराया और अधिक से अधिक संख्या में भारतीय जनता पार्टी के सदस्य लेने प्रेरित किया और केंद्र सरकार और राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान किया गया और लोगों को अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम के 10 साल पूरे होने पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे देशवासियो, नमस्कार। 'मन की बात' में एक बार फिर हमें जुड़ने का अवसर मिला है। आज का ये एपिसोड मुझे भावुक करने वाला है, मुझे बहुत सी पुरानी यादों से घेर रहा है। कारण ये है कि 'मन की बात' की हमारी इस यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे हैं। 10 साल पहले 'मन की बात' का प्रारंभ 3 अक्तूबर को विजयादशमी के दिन हुआ था और ये कितना पवित्र संयोग है, कि इस साल 3 अक्तूबर को जब 'मन की बात' के 10 वर्ष पूरे होंगे, तब नवरात्रि का पहला दिन होगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच चक्षु प्रभा महामंत्री सोनू राजपूत वरिष्ठ भाजपा नेता चंदू देवांगन, लक्ष्मीनारायण साहू चंद्रहास चेलक दीपक यादव हरीश यादव तिलेश्वर यादव संध्या भारती कुसुम लता सुमन दीपक विश्वकर्मा जागेश्वर महाराज अमर सिंह बंजारे बालचंद बंजारे मेघु मधुकर भगवत दास सोनिया बघेल गोवर्धन यादव लीकेश्वर ठाकुर, जीवन कुमार दाऊ लाल हृदय राम शोभाराम कालिंद्री बाई रोहित बंजारे प्रीतम कुमार नागेश्वरी सतरूपा रूबी भीम यादव यश कुमार डीलेश कुमार सुमन यादव खुमान यादव देवेंद्र यादव भूपेंद्र यादव लक्की यादव दुलेश्वर यादव, समीर अभिषेक कुमार मनोज कुमार मयंक कुमार ढलेश लोकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

जल जीवन मिशन के कार्यों को शुरू नहीं करने पर तीन फर्म की अमानत राशि राजसात एवं फर्म हुई ब्लैकलिस्टेड

32 ठेकेदारों को कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले के विकासखंड साजा, नवागढ़ में स्वीकृत जल जीवन मिशन के कार्य शुरू नहीं करने एवं लापरवाही बरतने पर संबंधित फर्म/ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की गई है। कार्यों को 16 महीने बीतने के बाद भी शुरू न करने पर तीन फर्मों- मेसर्स वीरन कंस्ट्रक्शन, रुद्राक्ष अर्थ मूवर्स, और भार्गव कंस्ट्रक्शन के अनुबंध रद्द कर दिए गए। इन फर्मों की अमानत राशि राजसात कर उन्हें ब्लैकलिस्टेड भी किया गया। इसके साथ ही 32 अन्य ठेकेदारों, जिनकी कार्य प्रगति धीमी रही या जिन्होंने कार्यों में रुचि नहीं दिखाई, को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जल जीवन मिशन के कार्यों में गुणवत्ता और समय सीमा का पालन सुनिश्चित करने के लिए कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जे.पी. गोड़ ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयावधि में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। इस दिशा में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इससे पहले, कलेक्टर रणबीर शर्मा ने 25 सितंबर को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने 16 महीने बीत जाने के बावजूद कार्यों की शुरुआत न होने पर गहरी नाराजगी जताई थी। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि तीन दिनों के भीतर सभी स्वीकृत कार्यों की शुरुआत नहीं हुई, तो सख्त कदम उठाए जाएंगे। उनके आदेश के अनुपालन में, कार्यपालन अभियंता पीएचई बेमेतरा द्वारा यह कार्रवाई की गई। जल जीवन मिशन को सफलतापूर्वक लागू करने और क्षेत्र के नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है। अधिकारी अब इस बात पर ध्यान दे रहे हैं कि ठेकेदार अपने कार्यों को तय समय में पूरा करें, ताकि सरकार की मंशानुरूप हर घर नल योजना का लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री को नवीन शिक्षक संघ ने सौपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

नवीन शिक्षक संघ छ.ग.के प्रदेश सचिव गिरीश साहू ने जानकारी दिया है कि विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छ.ग.शासन के दुर्ग प्रवास पर प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत के मार्गदर्शन मे संघ के प्रमुख सदस्य सुनील स्वर्णकार के माध्यम से ज्ञापन सौपकर चार सूत्रीय मांग को प्रमुखता से रखा, जिसमे पूर्व सेवा अवधि की गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से पेंशन, कर्मोन्नति/ समयमान वेतनमान के अनुसार वेतन निर्धारण कर रिवाइज्ड एलपीसी जारी करने, प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के इलाज के लिए मान्यता प्राप्त शासकीय एवं निजी अस्पताल मे केसलेस इलाज के लिए निर्णय लेने साथ ही सरकारी कर्मचारी व पेंशनरो को देय तिथि से एरियर्स सहित महंगाई भत्ता प्रदान करने एवं शिक्षक संवर्ग को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त रखने की मांग किया है। इस अवसर पर प्रदेश सचिव गिरीश साहु, दुर्ग जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी, विनोद ठाकुर, सुनील स्वर्णकार, मनीष साहु, दीपक साहु आदि शामिल थे।

ओप्पो इंडिया ने इस फेस्टिव सीजन को ख़ास बनाने के लिए पेश किया ओप्पो रेनो 12 प्रो 5जी मनीष मल्होत्रा लिमिटेड एडिशन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

ओप्पो इंडिया ने ओप्पो रेनो12 प्रो 5जी मनीष मल्होत्रा लिमिटेड एडिशन लॉन्च किया है, जो भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपरा को समर्पित है। मनीष मल्होत्रा के प्रतिष्ठित वर्ल्ड कलेक्शन से प्रेरित, यह स्पेशल एडिशन काले रंग के बैक पैनल में फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी और गोल्डन कलर की नक्काशी के साथ भारतीय डिज़ाईन की भव्यता और विरासत प्रदर्शित करता है। इसमें ओप्पो के इनोवेटिव मटेरियल डिज़ाईन और मल्होत्रा के सिग्नेचर मोटिफ्स की मदद से भारत में त्योहारों का उत्साह लग्ज़री और क्राफ्ट्समैनशिप के साथ पेश किया गया है। इस स्मार्टफोन का ग्राफिक्स भारत में कला की समृद्ध परंपरा, विशेषकर मुगल कला के फ्लोरल मोटिफ्स और राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश की जटिल एम्ब्रॉयडरी तकनीकों की ओर ध्यान आकर्षित करता है। ब्लैक और गोल्ड कलर पैलेट में इसके पैटर्न ज़रदौजी और पारसी गारा एम्ब्रॉयडरी से प्रेरित हैं, जो भारत में त्योहारों के सौंदर्य, उत्तमता और समृद्धि का प्रतिनिधित्व करते हैं। जहाँ ब्लैक कलर से कालातीत सौंदर्य और बहुउपयोगिता प्रदर्शित होते हैं, वहीं गोल्ड कलर लग्ज़री और वैभव का प्रतीक है, जिससे भव्यता और हर्षोल्लास का प्रदर्शन होता है। यह कॉम्बिनेशन न केवल ओप्पो रेनो 12 प्रो 5जी को एक विज़्युअल आकर्षण प्रदान करता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने वार्ड क्रमांक 24 का निरीक्षण किया

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

सुबह वार्ड भ्रमण कर साफ सफाई और निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने के अनुक्रम में 28 सितंबर को मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर द्वारा वार्ड क्रमांक 24 का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधि की बातों को सम्मान देते हुए एवं वार्ड वासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के पश्चात वार्ड क्रमांक 24 माँ सरस्वती मंच के पास पेयजल के लिए पाइपलाइन मरम्मत एवं सफाई का कार्य करवा कर समस्या का तुरंत निदान किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर ने उप अभियंता एवं जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों को शहर के विकास एवं जन सुविधा विकसित करने के काम में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्यों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा के निर्देश दिए। वार्ड भ्रमण के समय भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, वार्ड पार्षद बॉबी छतवाल, उप अभियंता भानु प्रकाश घोष, स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश चंद्राकर, नल जल एवं सफाई विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

कॉमरेड शंकर गुहा नियोगी का शहादत दिवस मनाया गया

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

ट्रेड युनियन आंदोलन को एक नये क्रांतिकारी परिवर्तनकारी सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक आंदोलन की दिशा देने प्रसिद्ध क्रांतिकारी ट्रेड यूनियन नेता कॉमरेड शंकर गुहा नियोगी की शहादत दिवस पर उनके द्वारा स्थापित छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, महिला मुक्ति मोर्चा, छत्तीसगढ़ युवा बेरोजगार संघ ने मजदूर-किसान एकता संकल्प दिवस के रुप में दल्ली राजहरा में मनाया गया। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष व पूर्व विधायक कॉमरेड जनक लाल ठाकुर के नेतृत्व में 18 सितंबर कॉमरेड नियोगी जी के जयंती दिवस से गांव-गांव में किसानो ने बैठके आयोजित कर कॉमरेड नियोगी के संघर्ष और निर्माण के राजनीतिक दर्शन के आधार पर किसानो और मजदूरों को संगठित कर केन्द्र व राज्य सरकार के किसान मजदूर विरोधी नीतियों व कानूनो का पुरजोर विरोध करते हुए विश्वनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करने आने वाले दिनो में संघर्ष को तेज करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के अध्यक्ष कॉमरेड सोमनाथ उईके के नेतृत्व में नियोगी के जयंती दिवस से युनियन कार्यलय में प्रत्येक दिन शहीद कॉमरेड शंकर गुहा नियोगी विचार गोष्ठी का आयोजन कर युवाओ को नियोगी के क्रांतिकारी विचारो, कार्यो, संघर्ष और निर्माण के उनके राजनीतिक दर्शन व कुर्बानी के इतिहास से परिचय कराने कार्यशाला का आयोजन किया गया। शहीद अस्पताल के मुख्य चिकत्सक डॉ. शैबाल जाना के नेतृत्व में मोर्चा के सांस्कृतिक विभाग नवा अंजोर के लोक कलाकारो के साथ गीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दल्लीराजहरा के विभिन्न वार्डो में मेंहनतकशो के स्वास्थ्य के लिए मेंहनतकशो का अपना स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत् स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया इस दौरान डायरिया, डेंगू, मलेरिया, टीबी जैसे रोगो से बचाव व इलाज का संदेश दिया गया। शहादत दिवस 28 सितंबर को सुबह 3 बजकर 45 मिनट पर जिस समय नियोगी की गोली मारकर हत्या की गई थी ठीक उसी समय दल्ली राजहरा स्थित शहीद स्मारक में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ, छत्तीसगढ़ महिला मुक्ति मोर्चा, छत्तीसगढ़ युवा बेरोजगार संघ के प्रमुख पदाधिकारीयो, कार्यकर्ताओंर गुहा नियोगी जी को क्रांतिकारी इंकलाबी लाल सलामी दी गई। दोपहर 1.30 बजे भारत भर के विभिन्न अंचलो से दल्लीराजहरा आये हुए छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं, शहीद नियोगी के विचारो को मानने वालो द्वारा कॉमरेड जनक लाल ठाकुर, कॉमरेड सोमनाथ उईके व प्रमुख पदाधिकारीयों के नेतृत्व में युनियन आफिस शहीद चौक से रैली निकाली गई। रैली दल्ली राजहरा के प्रमुख मार्गो से होते हुए राजहरा माइंस आफिस चौक पर आमसभा के रुप में परिवर्तित हुई इस दौरान शहीद विरनारायण सिंह चौक पर व नये बस स्टैंड शहीद शंकर गुहा चौक पर दोनो महापुरुषों के आदमकद मुर्तियां पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दि गई। रैली के दौरान कॉमरेड नियोगी जुग-जुग जियो, कॉमरेड नियोगी लाल सलाम के नारो से पुरा नगर गुंज उठा। शहादत दिवस पर युनियन के कार्यकर्ताओं द्वारा सप्ताह भर पहले से पुरे नगर को लाल हरा झंडे, बैनर, फ्लेक्स और तोरण लगाकर अभूतपूर्व रूप से सजाया गया था। शहादत दिवस पर दोपहर डौण्डीलोहा की विधायक व पूर्व महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अनिला भेड़िया का आगमन युनियन आफिस में हुआ वे शहीद कॉम्रेड शंकर गुहा नियोगी को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिनका युनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के स्वागत कर उन्हे ससम्मान शहीद स्मारक ले जाया गया जहां पर उन्होने शहीद शंकर गुहा नियोगी के समाधी पर पुष्प गुच्छ अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित कि गई। आमसभा को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष व पूर्व विधायक कॉमरेड जनक लाल ठाकुर, छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के अध्यक्ष कॉमरेड सोमनाथ उईके, कामरेड सुरेन्द्र साहू, कामरेड शैलेश बमबोड़े, किसान नेता तेजराम विद्रोही, प्रेमनारायण वर्मा, बसंत साहू, रूद्र नारायण सिन्हा राजनांदगांव, सुकलाल साहू रायपुर, बंशी लाल साहू भिलाई, सांवरा यादव, बिसहत चन्द्राकार जागरूक नागरिक मंच, डॉक्टर शैबाल जाना अधिक्षक शहीद अस्पताल, नवाब जिलानी, किसान नेता गैंदसिंह ठाकुर, मजदूर नेता कामरेड राजेन्द्र बेहरा एटक, मजदूर नेता ज्ञानेंद्र सिंह सीटू, नीता कमल रामटेके बौद्ध समाज, घसनिन बाई महिला मुक्ति मोर्चा, परदेशी राम, बिहारी लाल ठाकुर, मुरारी लाल गुरुर, हेमंत कांडे बौद्ध महासभा ने अपने विचार प्रकट किया। मंच संचालन छत्तीसगढ़ माइंस श्रमिक संघ के महामंत्री कॉमरेड रामचरण नेताम द्वारा किया गया।

जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति के सदस्य बने रोहित

पायनियर संवाददाता ✓ उतई
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की अनुशंसा पर जिला भाजपा मंत्री रोहित साहू को जिला सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति के सदस्य बनाया गया है। इस नियुक्ति पर क्षेत्र के भाजपा नेताओं ने बधाई दी है। जिसमें दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये, जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू, उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु , चंदू देवांगन, रूपेश पारख, हुबलाल चंद्राकार, लक्ष्मीनारायण साहू, शुभम वर्मा, नीलम गढे, नरेंद्र साहू, चंद्रशेखर बंजारे, गिरीश शर्मा, सतीश चंद्राकर, दानेश्वरी देशमुख, ममता चंद्राकर, डीलेश कुमार साहू, दुर्गा प्रसाद, सुनीता वर्मा, लता सोनवानी, संगीता रजक, शीतल ठाकुर, राकेश सेन, रंजना चंद्राकर, चित्ररेखा गौतम, बृजमोहन साहू, वामन साहू, रूपनारायण शर्मा, घनश्याम चंद्राकर, हरीश यादव, ओपी चंद्राकर, आशीष कुमार साहू, भीमसेन सिन्हा, तुलाराम साहू, करण सेन, देवेंद्र भारती, महेश कुमार, राधेश्याम चंद्राकर, हीरालाल साहू, फकीरचंद साहू, कमलेश साहू, केश्वर साहू, टिकेश्वर, शुभम सोनी, योगेश साहू, तेजराम साहू, भूपेंद्र साहू, वैभव देवांगन आदि ने बधाई दी है।

पंजाब नैशनल बैंक ने मरीन ड्राइव में आयोजित किया गया स्वच्छता अभियान

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

पंजाब नैशनल बैंक, अंचल एवं मंडल कार्यालय रायपुर द्वारा 17 सितंबर, 2024 से 2 अक्टूबर, 2024 तक स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम पर मनाये जा रहे राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन मरीन ड्राइव तेलीबांधा, रायपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीएनबी, रायपुर अंचल के महाप्रबंधक आशीष चतुर्वेदी एवं मण्डल प्रमुख, रायपुर वीरेंद्र शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अंचल एवं मंडल कार्यालय के स्टाफ सदस्यों के साथ-साथ रायपुर शहर की समस्त शाखाओं के स्टाफ सदस्यों ने मरीन ड्राइव परिसर की सफाई कर श्रमदान किया। यह उत्साही पीएनबी के स्टाफ सदस्यों का शानदार समूह था, जो स्वच्छता सुनिश्चित करने और कचरा मुक्त भारत को वास्तविकता बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित थे। तत्पश्चात एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत शाखा कार्यालय तेलीबांधा परिसर में महाप्रबंधक आशीष चतुर्वेदी, पी अरुण कुमार राव, उप अंचल प्रबंधक एव वीरेंद्र शर्मा, मंडल प्रमुख रायपुर द्वारा वृक्षारोपण किया गया। शा.का.तेलीबांधा में ही सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक के सफाई कर्मी, नगर निगम के सफाई कर्मी, ग्राहकों एवम स्टाफ सदस्यों की निवारक स्वास्थ्य जांच की गई। आशीष चतुर्वेदी एवं वीरेंद्र शर्मा द्वारा स्वास्थ्य सुरक्षा सामग्री, पीपीई किट आदि का वितरण किया गया। आशीष चतुर्वेदी ने इस अवसर पर कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का उद्देश्य स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करना है। स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं है, बल्कि यह समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वच्छता से न केवल हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ और स्वस्थ बनता है, बल्कि यह हमारे जीवन की गुणवत्ता को भी सुधारता है। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय रूप से भाग लें और अपने क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में योगदान दें।

कस्तुराबहाल से बांजीबहाल प्रधानमंत्री सड़क योजना की मांग को लेकर प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों ने प्रभारी मंत्री को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत मल्दामाल के आश्रित ग्राम कस्तूराबहाल में बांजीबहाल से कस्तूराबहाल बाजार पारा तक सड़क नहीं है, जिससे ग्रामीणों को कीचड़ और गड्ढों से भरे मार्ग में आना-जाना पड़ता है। स्कूली बच्चे लगभग 4 किलोमीटर पैदल जाते हैं, जिससे कीचड़ हो जाने पर उन्हें आने-जाने में परेशानी होती है और उन्हें छुट्टी लेनी पड़ती है। वहीं गांव के किसी भी व्यक्ति या परिवार जनों का स्वास्थ्य खराब होने पर एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पाता। मरीज को खाट में उठाकर एक दो किलोमीटर तक लेकर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने आगे लिखा है कि ग्राम की जनसंख्या लगभग 1000 है एवं यहां साप्ताहिक हाट बाजार भी लगता है। पूर्व में ग्राम वासियों के द्वारा कलेक्टर को भी आवेदन दिया जा चुका है, परंतु अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अतः उनके द्वारा प्रभारी मंत्री से अति शीघ्र इस पर संज्ञान लेते हुए सड़क निर्माण हेतु आदेशित करने की मांग की गई है। उक्त अवसर पर भाजपा नेता दीपक माखिजा, अदीप कुमार, गोपीनंद कुम्हार, घनश्याम विशाल, जयराम विभार, सरोज विशाल, बालेश्वर भोई, यशवंत साहू एवं विजय बाघ आदि उपस्थित थे।

मन की बात कार्यक्रम के श्रोता ही असली सूत्रधार : विपिन उपोबेजा

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देशानुसार भाजपा के समस्त पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता गण आम जनता के साथ क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों पर एवं शक्ति केंद्र स्तर पर मन की बात कार्यक्रम विशेष रूप से सुना गया। कार्यक्रम सुनने के पश्चात सदस्यता अभियान महापर्व के अतर्गत कार्यक्रम स्थल पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महासमुंद एवं मन की बात कार्यक्रम के जिला संयोजक राजेन्द्र विपिन उपोबेजा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के दौरान देशवासियों को संबोधित किया. 114वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि हमारी यात्रा को 10 साल हो चुके हैं. यह कार्यक्रम विजयादशमी के दिन शुरू हुआ था. उन्होंने कहा कि श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं. 'मन की बात' के 10 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारे समाज में सामूहिकता की भावना के साथ जो भी काम हो रहा हो, उन्हें 'मन की बात' के द्वारा सम्मान मिलता है. जब मैं मन की बात के लिए आई चिट्ठियों को पढ़ता हूं तो पता चलता है कि हमारे देश में कितने प्रतिभावान लोग हैं, उनमें देश और समाज की सेवा करने का कितना जज्बा है।

स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम और धूम्रपान न करने से हृदय रोग की रोकथाम संभव है : डॉ. राजीब लोचन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

दुनिया भर में लगभग 18 मिलियन हृदय रोग के मामलों को स्वस्थ आहार अपनाने, नियमित व्यायाम करने और धूम्रपान न करने से रोका जा सकता है। यह बात छत्तीसगढ़ के बिलासपुर स्थित एलीट मेडिसिटी हॉस्पिटल के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. राजीब लोचन भांजा ने विश्व हृदय दिवस 2024 के अवसर पर कही। उन्होंने कहा, भले ही किसी व्यक्ति के परिवार में हृदय रोग का इतिहास रहा हो, फिर भी चिकित्सा में हुई अविश्वसनीय प्रगति के कारण हम हृदय रोग की रोकथाम और उपचार कर सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दुनिया भर में हृदय रोग मृत्यु का एक प्रमुख कारण है, जिसने 2019 में 17.9 मिलियन लोगों की जान ले ली, इनमें से तीन-चौथाई मौतें निम्न और मध्यम आय वाले देशों में हुईं। हृदय संबंधी बीमारियों से होने वाली इन मौतों में से 85 प्रतिशत मौतें दिल के दौरे और स्ट्रोक के कारण हुईं। जोखिम कारकों में अस्वास्थ्यकर आहार, कम शारीरिक गतिविधि, धूम्रपान, शराब और प्रदूषण शामिल हैं। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन जैसे उद्योग संबंधी दिशा-निर्देश यह सलाह देते हैं कि रक्तचाप की जांच 20 वर्ष की आयु से शुरू की जाए तथा हर वर्ष कराई जाए। उच्च रक्तचाप से हृदय रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है, लेकिन आमतौर पर इसके कोई लक्षण नहीं होते, तथा इसकी पुष्टि के लिए माप की आवश्यकता होती है। डॉ. भांजा का कहना है कि मरीजों को कम से कम हर पांच साल में अपने कोलेस्ट्रॉल की जांच करानी चाहिए, तथा यदि जोखिम कारक मौजूद हों तो अधिक बार जांच करानी चाहिए। इसके अलावा, उनके बॉडी मास इंडेक्स का मूल्यांकन किया जाना चाहिए ताकि यह देखा जा सके कि उनका शरीर का वजन स्वस्थ है या नहीं, और उनके रक्त शर्करा के स्तर को मापा जाना चाहिए ताकि यह देखा जा सके कि उन्हें मधुमेह का खतरा है या नहीं। डॉ. भांजा ने कहा कि महिलाओं में अतिरिक्त जोखिम कारक होते हैं, महिलाओं में हम 10 वर्ष का लिंग अंतर कहते हैं। महिलाओं में 10 साल का लैंगिक अंतर होता है। एस्ट्रोजन के कारण, उन्हें 60 की उम्र में दिल की बीमारी होने की संभावना होती है, जबकि पुरुषों को 50 की उम्र में दिल की बीमारी होती है। हालांकि, मधुमेह होने से महिलाओं के लिए यह अंतर खत्म हो जाता है। गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप या मधुमेह भी महिलाओं में शुरुआती हृदय रोग के लिए प्रमुख जोखिम कारक हैं।

रीपा के मुआयना में पहुंचे मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री

पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कारगर : सीएम

■ अमलीडीह में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का मुआयना

पायनियर संवाददाता ◂ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत क्षेत्र के अमलीडीह में कुछ वर्ष पूर्व स्थापित रीपा अंतर्गत प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का मुआयना करने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल पहुंचे। इन्होंने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय विशेष तौर से उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अमलीडीह में लगभग 2 वर्षों से महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क रीपा संचालित है। इस यूनिट अंतर्गत स्वच्छता दीदीयों द्वारा अर्जुनी, कोनारी एवं अमलीडीह कलस्टर व आसपास के ग्राम पंचायत से निकलने वाले प्लास्टिक कचरा को संग्रहित किया जाता है। क्लस्टर की महिला समूह के माध्यम से प्लास्टिक कचरे को यूनिट में लाया जाता है। प्लास्टिक कचरा को छंटनी उपरांत प्लास्टिक गड्ढा, प्लास्टिक दाना एवं प्लास्टिक पीपी बनाया जाता है। प्लास्टिक गड्ढा को रायपुर भेजा जाता है। प्लास्टिक गड्ढा से प्लास्टिक सुतली, गुड़ाखू डब्बा, प्लास्टिक कुर्सी, प्लास्टिक ड्रम एवं अन्य प्लास्टिक के अन्य उत्पाद बनाया जाता है। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की स्थापना होने से क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाने में काफी सहायता मिलेगी। साथ ही साथ महिला स्वसहायता समूह को रोजगार प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी। ये इकाई निश्चित रूप से प्लास्टिक मुक्त गांव बनाने में महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महिला स्वसहायता समूह से चर्चा करते हुए कहा कि आपका यह प्रयास राज्य और देश में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की दिशा में प्रेरक प्रयास है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से हम प्लास्टिक कचरे को रिसाइकिल कर पर्यावरण को हो रहे नुकसान को कम कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि महिला समूह ने अपने विशेष प्रयासों से रोजगार प्राप्त कर स्वावलंबी बनने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विशेष योगदान दिया है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने महिला स्वसहायता समूह की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिलाएं आज देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपने हुनर एवं मेहनत से देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहीं हैं एवं देश के विकास में सार्थक भूमिका निभा रहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे से जल, मृदा, हवा प्रदूषित हो रहे हैं। अब महिला स्वसहायता समूह ने जो प्लास्टिक कचरा को रिसाइकिल करने का बीड़ा उठाया है, यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कारगर साबित होगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता साहू, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, खूबचंद पारख, आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण तथा अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

तोतले बच्चों के उपचार का दूसरा शिविर 17 से 20 अक्टूबर तक सत्यनारायण धर्मशाला में

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

संस्कारधानी नगरी में अग्र बायोडाटा सेंटर, रायपुर एवम श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के तत्वावधान में तोतला बोलने वाले बच्चों का दूसरा उपचार शिविर आगामी 17 से 20 अक्तूबर को श्री सत्यनारायण धर्मशाला, कामठी लाइन में आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। रायपुर के वरिष्ठ समाजसेवी अग्र बायोडाटा सेंटर के सदस्य श्री सत्यनारायण मित्तल द्वारा अपने 35 वें शिविर के माध्यम से बच्चो की स्पीच थेरेपी के द्वारा आवाज ठीक किया जाएगा। इस शिविर में शामिल होने के लिए नीचे अनुसार पंजीयन अतिशीघ्र कराए। पहले आओ - पहले पाओ के आधार पर पंजीयन किए गए बच्चो को ही शिविर में शामिल किया जाएगा। बच्चो के भविष्य सुधारने के प्रयास में अतिशीघ संपर्क करें। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समाजसेवी सुशील अग्रवाल की प्रेरणा से मंदिर समिति द्वारा यह समाजसेवा का कार्यक्रम दूसरी बार आयोजित किया जा रहा है। दिसंबर 2022 में आयोजित तोतले बच्चो के उपचार शिविर में 34 बच्चो ने 100 प्रतिशत सफलता हासिल की थी। श्री लोहिया ने बताया की जिनका बच्चा तोतला बोलता है उनके निःशुल्क स्पीच थेरेपी से आवाज ठीक करने का शिविर 17, 18, 19 एवम 20 अक्तूबर 2024 को श्री सत्यनारायण धर्मशाला, कामठी लाइन राजनांदगांव में लगने जा रहा है। 17 अक्तूबर को दोपहर 4 बजे से बच्चों की आवाज का परीक्षण होगा। 18, 19 एवम 20 अक्तूबर को लगातार तीन दिन बच्चों की (एक - एक बच्चे की) अलग - अलग क्लास लगेगी। बच्चे के साथ अभिभावक का आना जरूरी है। अग्र बायोडाटा सेंटर समता आर्केड 7 समता कॉलोनी रायपुर तथा सत्यनारायण मंदिर समिति राजनांदगांव संयुक्त रूप से शिविर का निशुल्क आयोजन कर रही है।

हिट एंड रन के आरोपी दीवान हटाए गए, पैंकरा होंगे ईई

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

हिट एंड रन मामले में आरोपी लोक निर्माण विभाग के अधिकारी पीएस दीवान की राजनांदगांव कार्यालय में पदस्थापना निरस्त कर दी गई है। अब राज्य सरकार ने दूसरा आदेश जारी कर पहले के आदेश को निरस्त कर पीएल पैकरा को राजनांदगाँव लोक निर्माण विभाग का नया ईई नियुक्त किया है। गौरतलब है कि दीवान की नियुक्ति का सिंधी समाज ने विरोध किया था। दो दिन पहले ही सिंधी समाज के सदस्यों ने कलेक्टर संजय अग्रवाल को विधानसभा स्पीकर डॉ रमन सिंह के नाम ज्ञापन सौंपा था। जिसमें दीवान को हटाने की मांग की थी। असल में 23 मई 2022 को रायपुर नाका के पास शहर के युवा यश चौथावानी की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। यह हादसा दीवान की गाड़ी से ही हुआ था और वे ही गाड़ी चला रहे थे। मामला कोर्ट में चल रहा है। इस कारण सिंधी समाज ने ज्ञापन सौंप मांग की थी जिस पर तत्काल असर हुआ। इससे पहले उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तत्कालीन ईई एके चौहान के निलंबन के आदेश समीक्षा बैठक में दिए थे। आवश्यक बैठक में अधिकारी के उपस्थित न होने को लेकर डिप्टी सीएम ने नाराजगी जाहिर की थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गई थी।

तालाब में डूबा बालक, मौत

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

ग्राम सुंदरा में तालाब में डूबने से 13 साल के मासूम की मौत हो गई। घटना रविवार सुबह 11 बजे की बताई जा रही है। ग्रामीणों की मदद से बालक को बाहर निकलाकर हास्पिटल पहुंचाया गया, यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कक्षा सातवी में पढ़ने वाला 13 वर्षीय चंद्रेश साहू गांव के छोटे तालाब में नहाने गया था। घटनास्थल के पास ही चंद्रेश के चाचा का घर है। जब बालक को डूबता देख कुछ लोगों ने हल्ला मचाया तो यहां ग्रामीण जुट गए। आसपास के लोग उसे बचाने के लिए पानी में उतरे। तब तक चंद्रेश गहराई वाले हिस्से में डूब गया था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। चंद्रेश को बाहर निकालकर अस्पताल लाया गया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भाजपा के 11 तो वहीं कांग्रेस से सिर्फ दो पार्षदों ने लगाए सवाल

■ निगम में सामान्य सभा की बैठक आज, एक घंटे का प्रश्नकाल

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

नगर निगम की सामान्य सभा में एक घंटे के प्रश्नकाल के लिए कुल 13 पार्षदों ने 26 सवाल लगाए हैं। इनमें 11 भाजपा पार्षद शामिल हैं जबकि कांग्रेस से सिर्फ दो पार्षदों ने प्रश्न लगाए हैं। सामान्य सभा की बैठक आज सुबह 10.30 बजे से शुरु होगी। कई मुद्दों पर इस सभा में हंगामे के आसार हैं। बैठक के लिए 11 विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जाना है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए निगम अध्यक्ष हरिनारायण पप्पू धकेता ने बताया कि सामान्य सभा की बैठक के प्रारंभ में नगरीय निकायों में पुराना गंज चौक का नाम आचार्य श्री विद्यासागर चौक एवं गंज चौक में अहिंसा प्रवेश द्वार निर्माण किये जाने के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा। इसी प्रकार राजनांदगांव शहर स्थित तिरंगा चौक से गंज चौक तक मार्ग का नामकरण महेश पथ किये जाने, जी.ई.रोड ट्रांसपोर्ट नगर व बाईपास के लिये मुडने वाले रोड के चौक का नाम महाराजा रंजीतसिंह के नाम से किये जाने तथा मानव मंदिर चौक का नाम महाकाल चौक के नाम पर किये जाने चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा।

निगम अध्यक्ष ने बताया कि विषय क्रं. 5 में स्वर्ग रथ का शुल्क निर्धारण के अलावा आगे के विषय में जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने, मिशन क्लीन सिटी परियोजना अंतर्गत उपभोक्ता शुल्क की वसूली संपत्तिकर, समेकितकर के साथ जोड कर वसूली किये जाने, फ्लाई ओव्हर के नीचे रिक्त स्थल पर वाहन पार्किंग व्यवस्था नियम शर्तो एवं दर की स्वीकृति के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा। हाटा बाजार व्यवसायिक परिसर स्थित प्रथम तल की दुकान क्रं. 1 से 14 एवं दुकान क्रं. 16 से 20 तक की प्राप्त उच्चतम बोली की स्वीकृति के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जायेगा।

सरहद पर मवेशी तस्करों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, 9 गिरफ्तार

■ पुलिस ने 4 गाड़ियां जब्त की, 16 मवेशी बरामद

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एमएमएसी पुलिस ने पशु तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात महाराष्ट्र की ओर ले जाए जा रहे मवेशियों से भरी 4 पिकअप गाड़ियों को पकड़ा गया है। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें से 3 जिले के ही दनगढ़ के रहने वाले हैं। यह कार्रवाई थाना चिल्हाटी और पुलिस चौकी पाटनखास द्वारा की गई है। कुल 16 मवेशी बरामद किए गए हैं।

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के महाराष्ट्र से लगे थाना चिल्हाटी और पुलिस चौकी पाटनखास क्षेत्र से मवेशियों की महाराष्ट्र तस्करी किए जाने की सूचना मिली थी। देर रात पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में घेराबंदी की और पिकअप वाहनों को धर दबोचा।

थाना चिल्हाटी द्वारा 01 पिकअप वाहन में 03 आरोपियों से 06 नग मवेशी भैंस/भैंसा तथा चौकी पाटनखास द्वारा 03 नग पिकअप वाहन में 06 आरोपियों से 10 नग मवेशी भैंस/भैंसा को तस्करी करते बरामद किया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ थाना चिल्हाटी और चौकी पाटनखास में धारा 4 , 6,10, छग0पशु परिरक्षण अधि0 2004 , धारा 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम 1960 मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 और कायम कर विवेचना में लिया गया है।

इस मामले में चौकी पाटनखास में गिरफ्तार आरोपियों में महाराष्ट्र के विनोद नहाते (32), सुभाष खरकोट (25), दादा राऊत (37) सहित दनगढ़ के यशवाल साहू (43), कुशल कुमार (25), रजेन्द्र कुमार (25) शामिल हैं। इसी तरह थाना चिल्हाटी में गिरफ्तार आरोपियों में करमरी के महेश बावनखडे (35), मेघनाथ बावनथडे (59), गढ़चिरौली के निकेश मेश्राम (30) शामिल हैं।

त्यौहार से पहले जाम, नहीं सुधर रही स्थिति

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

त्यौहारी सीजन के करीब आते ही बाजार में यातायात का दबाव बढ़ गया है। आए दिन की पहल के बावजूद हालात सुधर नहीं पा रहे हैं। रविवार को मानव मंदिर चौक में लंबा जाम लग गया। अवकाश के दिनों में अक्सर ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है जिसे लेकर कोई स्थाई उपाय अब तक नहीं किया जा सका है। शहर के भीतर व्यस्त मार्गों पर बगैर पार्किंग के बड़े शॉपिंग कॉम्पलेक्स के चलते भी यातायात प्रभावित हो रहा है।

परामर्शदाता रजनी वर्मा गांवों में शिविर कर दे रही है जानकारी

वित्तीय साक्षरता परियोजना से बीमा लाभ ले रहे वनांचल के आदिवासी

पायनियर संवाददाता ◂ मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय साक्षरता परियोजना जिसमें एसबीआई सीबीआई बैंक ऑफ़ बड़ौदा बैंक प्रायोजित है के अंतर्गत संचालन संस्था समर्पित गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक अनुसंधान केंद्र बिलासपुर द्वारा वित्तीय साक्षरता परियोजना के तहत गांव गांव में आयोजित किया जा रहे शिविरों के जरिए जिले के नक्सल प्रभावित आदिवासी बाहुल्य इलाके के ग्रामीण न केवल वित्तीय जानकारियों से वाकिफ हो रहे हैं वही लोग इन जानकारियां व परियोजना के परामर्श दाताओं की मदद से बीमा व वित्तीय योजनाओं का लाभ भी अर्जित कर रहे हैं।

परियोजना की परामर्शदाता रजनी वर्मा द्वारा आयोजित की जा रही शिविरों मैं परामर्श लेकर मानपुर ब्लॉक के ग्रामीण लाभांवित हो रहे हैं इसी कड़ी में धूर नक्सल प्रभावित मानपुर की आदिवासी महिला रंजना धुर्वे ने परामर्शदाता रजनी वर्मा द्वारा आयोजित शिविर में उनके सलाह व मदद से पति के मृत्यु उपरांत बतौर नामिनी 2 लख रुपए की बीमा राशि अर्जित की लाभान्वित महिला रंजना धुर्वे पति कमलेश धुर्वे नई जानकारी देते हुए बताया कि उनके पति का आकस्मिक निधन 10 जुलाई को हो गया पूरा परिवार शोक में था मृत्यु के बाद पूरा परिवार आर्थिक समस्याओं से लड़ रहे थे ऐसे में वित्तीय साक्षरता शिविर से मिले परामर्श व सहयोग से उन्हें 2 लाख रुपए बीमा राशि मिल सकी। जिससे उनका परिवार आर्थिक रूप से सम्हल पाया।

रंजना धुर्वे के मुताबिक भारतीय रिजर्व बैंक की वित्तीय साक्षरता जिसमें प्रायोजित बैंक एसबीआई सीबीआई और बैंक ऑफ़ बडौदा संचालन संस्था समर्पित गरीबी उन्मूलन एवं सामाजिक अनुसंधान केंद्र बिलासपुर के द्वारा जिला मोहला मानपुर के चयनित ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों मैं समूह बैठक व कैंप आयोजित कर लोगों को वित्तीय साक्षरता परियोजना के तहत जागरूक किया जा रहा है जिसने अंतर्गत हमारे गांव में समर्पित मोहला सीएफएल से परामर्शदाता रजनी वर्मा बने गांव में जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया तथा शिविर में उन्होंने बीमा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा और जीवन ज्योति बीमा अटल पेंशन योजना तथा सुकन्या योजना की जानकारी दी साथ में उन्होंने बीमा के लाभ के बारे में बताया मैंने दरमियान उन्हें अपने पति की निधन की जानकारी दी जिस पर फिर मैडम रजनी वर्मा के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में मैंने बीमा का आवेदन दिया और बीमा क्लेम कर 200000 (दो लाख) रुपए बतौर नामिनी मुझको मिला। रंजना धुर्वे के मुताबिक मैडम रजनी वर्मा के सहयोग से प्राप्त इस बीमा राशि ने हमारे परिवार को आर्थिक मदद दी। इसके लिए मैं मेरे पूरे परिवार की तरफ से मैडम रजनी वर्मा और संस्था को तहे दिल से शुक्रिया करती हूं।

आपसी रंजीश में हत्याज 5 ने घेरकर धारदार हथियार से वार किया, अस्पताल में मौत

पायनियर संवाददाता ◂ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

हालही में जेल से बाहर आए अपराधी सहित 5 आरोपियों ने चाकू घोंपकर एक व्यक्ति का कत्ल कर दिया। वारदात शहर के तुलसीपुर इलाके में मोतीपुर फाटक के पास की है। जानकारी के मुताबिक मृतक और हत्यारों के बीच आपसी रंजिश थी। बीते कुछ दिनों में कोतवाली थाना क्षेत्र में चाकू बाजी जैसी वारदातें बढ़ गई हैं। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने दो संदेहियों को हिरासत में लिया है। जबकि बाकियों की तलाश जारी है।

रविवार की दोपहर करीब ढाई बजे तुलसीपुर में मोतीपुर फाटक के पास हत्या की वारदात हुई है। आपसी रंजीश के चलते ईश्वर बंसोड़ उर्फ बहादुर (52) पर आरोपियों ने घेरकर चाकू से हमला कर दिया। बहादुर को गहरी चोटें आई थी जिसे अस्पताल ले जाया गया था। यहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस इलाके में ही हत्या की एक वारदात के बाद से दो गुटों के बीच दुश्मनी बढ़ गई थी जिसके चलते यह वारदात हुई है।

पुलिस के मुताबिक चार से पांच आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया है। इनमें से दो को तत्काल ही हिरासत में लिया गया है जिनसे पूछताछ जारी है। वहीं पुलिस बाकी आरोपियों की पतासाजी में जुटी है। बताया जा रहा है कि, इस मामले में एक संदिग्ध पहले भी हत्या के प्रयास-मारपीट और आर्म्स एक्ट के मामलों में जेल जा चुका है। वहीं दूसरे संदिग्धों के खिलाफ भी अपराधिक मामले पूर्व से ही दर्ज हैं।

जशपुर मुख्यालय की सड़कें बदहाल, खतरे की बनी रहती है संभावना

बीजेपी कार्यालय, देवी मंदिर, बालाजी मंदिर और बिरसामुंडा चौक में गड्ढे ही गड्ढे, दो-दो फीट गहरे गड्ढे में चलना हुआ मुश्किल

पायनियर संवाददाता < जशपुर नगर
www.dailypioneer.com

पायनियर सरोकार

जिला मुख्यालय जशपुर में बारिश की वजह से मुख्य सड़कों का बुरा हाल है। चारों ओर दो-दो फीट गहरे गड्ढे हो चुके हैं। इन गड्ढों में अचानक पानी भर जाने से लोगों को गहराई का अंदाजा नहीं मिलने से दुर्घटना होने से बाल-बाल बच रहे हैं। कुछ तो गिर भी रहे हैं। गौरव पथ निर्माण के 7 साल पूरे होने के बाद इसकी मरम्मत नहीं कराए जाने की वजह से यह स्थिति निर्मित हुई है। दरअसल सड़क की सुरक्षा के लिए देखरेख और मरम्मत की आवश्यकता थी, लेकिन बीते कांग्रेस कार्यकाल के दौरान शहर के विकास में गौरव पथ का जिर्णोधार करने की तैयारी नहीं की गई और सड़क की यह दुर्गति हो गई है।

बीजेपी कार्यालय के पास गड्ढा

प्रदेश में बीजपी की सरकार है और नगर पालिका में भी बीजेपी के ही पार्षद हैं और अध्यक्ष भी हैं। यानि शुरू से बीजेपी की ही नगर सरकार है। बावजूद इसके बीजेपी कार्यालय के सामने ही पानी का नियमित बहाव की वजह से बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे सड़क में पानी का अधिक जमाव हो रहा है।

देवी काली मंदिर के पास बड़ा गड्ढा

शहर के सबसे प्रमुख और व्यस्त्तम मार्गों में से एक सदियों पुरानी ऐतिहासिक देवी मंदिर के पास गौरव पथ में शहर का सबसे गहरा गड्ढा हो गया है। यहां रोजाना हजारों की संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। आगामी दशहरा पर्व के दौरान उक्त स्थल का सबसे अधिक उपयोग किए जाना है। यहां सड़क में स्थित गड्ढे से श्रद्धालुओं के साथ आम नागरिकों को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

बालाजी मंदिर के पास भी गड्ढा

शहर के सबसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बालाजी मंदिर जहां, सीएम बनने के बाद प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय भी आए थे। उक्त स्थल की सड़क में भी गहरे गड्ढे हो चुके हैं। यहां दशहरा के दौरान भगवान बालाजी का रथ तैयार करने और वहां पूजा करने की विशेष ऐतिहासिक परंपरा रही है। और सड़क की बदहाली की वजह से श्रद्धालुओं को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

बिरसामुंडा चौक में भी बड़े गड्ढे

नगर पालिका जाने के लिए जिस सड़क का उपयोग नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी, पार्षद करते हैं उस प्रमुख सड़क में भी बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों की वजह से भी लोगों को चलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त सड़क से ही जशपुर विधायक का और अन्य वरिष्ठ नेताओं का आवागमन होता है।

महाविद्यालय में हुई फ्रेशर पार्टी, युवाओं में दिखा उत्साह

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

स्थानीय कॉलेज सत्यनारायण अग्रवाल मे बी.ए फर्स्ट में पाठ्यक्रम मे प्रवेश ले चुके नए विद्यार्थियों का स्वागत और नव वर्ष का शुरुआत के लिए बी.ए सेकंड ईयर और बी.ए फाइनल वाले विद्यार्थियों ने वेलकम पार्टी का आयोजन किया गया। सबसे पहले रेम वॉक है उसके बाद खुर्शी दौड़ हुआ। उसके बाद डांस हुआ है सोलो डांस परफॉर्मेंस उसके बाद साड़ी पहन के डांस करें लड़कों लोग को बहन बनाया वह फिर उसके बाद कपल डांस उसके बाद ग्रुप डांस हुआ है। उसके बाद नए विद्यार्थियों ने टैलेंट हंट प्रतियोगिता में विभिन्ना गीतों पर नृत्य पर प्रस्तुति दी और गायन भी प्रस्तुत किया। इस दौरान कार्यक्रम के संचालकों नेहा व सुनील भांडे, अनुराधा गिरी, डॉली द्वारा रोचक प्रश्नों के जवाब देने वाले विद्यार्थियों को इनाम भी दिए गए। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी के रूप में मिस्टर व मिस फ्रेशर कांटेस्ट रखा गया। इस कांटेस्ट की शुरूआत फैकल्टी वोट से हुई। उसके बाद रैंप वाक व प्रश्नोत्तर राउंड का आयोजन हुआ। इसमें प्रतिभागियों से कुछ मनोरंजक प्रश्नों के साथ जीवन, व्यापार कौशल, स्व-रोजगार व समय प्रबंधन से जुडे प्रश्न पूछे गए। बी.ए के छात्र मिस्टर फ्रेशर मयंक, मिस फ्रेशर अनुपम, मिस्टर हैंडसम अनीश, मिस ब्यूटीफुल भूमिका चुने गए, जबकि बी.ए से अश्विन मुकाती मिस्टर फ्रेशर मयंक व मिस फ्रेशर अनुपम रही। समारोह के अतिथि एवं निर्णायक की भूमिका में चाणक्य अकादमी के संचालक सुनील भांडे, नेहा, अनुराधा गिरी, डॉली, भान मौजुद थे। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम मे कॉलेज के फर्स्ट ईयर सेकंड ईयर फाइनल ईयर सुनील भांडे, नेहा, भुनेश्वर, अनुराधा गिरी, पंकज, डॉली, ओम, डागेश, किंशु, एकता वर्मा और शिवानंद निर्मलकर सभी विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

बहादुर कलारिन सम्मान हेतु नामांकन 10 अक्टूबर तक आमंत्रित

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बहादुर कलारिन सम्मान वर्ष 2024 हेतु नामांकन आमंत्रित किया गया है। महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाले राज्य की महिलाओं को प्रदान किया जाता है। जिसके तहत् दो लाख रूपये तथा प्रशस्ति पट्टिका सम्मान के रूप में दिया जाता है। इसके पंजीयन के लिए 10 अक्टूबर 2024 तक प्रविष्ठिया आमंत्रित की गई है। यह पुरस्कार छत्तीसगढ़ राज्य में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष, नारी उत्थान हेतु अभूतपूर्व कार्य करने वाली महिला को प्रोत्साहन के क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान हेतु छत्तीसगढ़ के निवासी एक ही महिला को प्रतिवर्ष राज्य शासन द्वारा नियुक्त निर्णायक मंडल द्वारा चयन होने पर निर्णय के आधार पर पुरस्कार की राशि नगद, चेक, सम्मान तथा प्रतीक चिन्ह से युक्त पट्टिका प्रशस्ति के रूप में दिया जायेगा। पुरस्कार हेतु आयु सीमा का बंधन नहीं रहेगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

नेल्लानार डैशबोर्ड में योजनाओं के सेचुरेशन का ऑनलाईन एन्ट्री करें सुनिश्चित

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

माओवाद प्रभावित जिलों में लोगों तक विभिन्न शासकीय योजनाओं के सेचुरेशन की जानकारी नेल्लानार डैशबोर्ड में ऑनलाईन एन्ट्री किया जाना है। इसके तहत गरियाबंद जिले में भी लोगों तक राशन कार्ड, गैस कनेक्शन, श्रमिक पंजीयन, आय-जाति निवास, आयुष्मान कार्ड, टीकाकरण, नलजल कनेक्शन जैसी 37 प्रकार की सेवाओं की पहुंच की वस्तुस्थिति की जानकारी के लिए पात्र, लाभान्वित एवं अपात्र स्थिति का एन्ट्री किया जाना है। साथ ही योजनाओं से वंचित लोगों का सर्वे कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने एनआईसी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने नेल्लानार डैशबोर्ड में ऑनलाईन एन्ट्री सुनिश्चित करने तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं की पहुंच की जानकारी के लिए ब्लॉक स्तर पर सर्वे करने टीम गठित करने निर्देश दिए। उन्होंने दोनों प्रकार के कार्यो के लिए सोमवार तक टीम गठित करने को कहा। कलेक्टर ने ऑनलाईन एन्ट्री के कार्यो को 8 अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही सर्वे के कार्यो को भी जल्द शुरू कर निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। उन्होंने सर्वे टीम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, रोजगार सहायक एवं ग्राम पंचायत सचिव को शाामिल करने कहा। साथ ही ऑनलाईन एन्ट्री के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटरों की नामजद ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। साथ ही मॉनिटरिंग के लिए वाट्सग्रुप बनाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि यह शासन की प्राथमिकता में है, इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में लेकर सर्वे एवं ऑनलाईन एन्ट्री के कार्यो को गंभीरतापूर्वक पूर्ण करे।

राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट टीम में चयन कराने का झांसा दे 70 लाख की ठगी, फरार महिला गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट टीम में चयन कराने के नाम पर ठगी करने वाले वाली फरार आरोपी महिला को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है।बच्चों के अभिभावकों से राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट टीम मे चयन कराने के नाम पर करीब 70 लाख रुपए आरोपियों ने ठग लिए थे। मामले में शामिल दो मुख्य आरोपी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। बाइस माह पूर्व 10.जनवरी. 23 को राखी खन्ना वेयर हाउस रोड महामाया विहार निवासी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पुत्र आकाश खन्ना ने वर्ष 2021 दिसम्बर को प्राइम क्रिकेट अकादमी काली मंदिर ग्राउंड तोरवा में ज्वाइन किया था जिसका कोच सन्नी दुआ था। एकेडमी के डायरेक्टर अंजुल दुआ और उसका पति सन्नी दुआ ने बच्चों को नेशनल लेवल पर क्रिकेट टीम में चयन करवा देने का सपना दिखाकर बच्चों एवं अभिभावकों से नगदी रकम आरोपी खुशबू सिंह के अकाउंट में ऑनलाइन ट्रांजैक्शन से करीब 70 लाख रुपए धोखाधड़ी कर ले लिए। रिपोर्ट के आधार पर अपराध पंजीबद्ध कर मुख्य आरोपी सन्नी दुआ एवं अंजुल दुआ को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। वही इस मामले में खुशबू सिंह लगातार फरार थी, जिसकी पता तलाश की जा रही थी। तोरवा पुलिस को सूचना मिली कि खुशबू सिंह को जरहाभाटा चौक के आस पास देखा गया है। मौके पर पहुंचकर आरोपी खुशबू सिंह पिता प्रदीप सिंह 27 (साल) निवासी राजीव गांधी चौक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महिला के अकाउंट को सीज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

प्रबल प्रताप जूदेव ने पुरी पीठ के 145 वें शंकराचार्य की उपस्थिति में 100 सदस्यों की कराई घर वापसी

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

रविवार को अंबिकापुर में अखिल भारतीय घर वापसी प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव द्वारा आदिगुरु शंकराचार्य परंपरा के संवाहक पूजनीय ऋग्वैदिय गोवर्धन-मठ पुरी पीठ के वर्तमान 145 वें श्रीमज्जगदुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती महाराज पूजनीय शंकराचार्य पुरी पीठाधीश्वर स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज के सानिध्य में 22 परिवार के लगभग 100 सदस्यों की घर वापसी करवाई। ज्ञात हो की शंकराचार्य स्वागत समिति के तत्वाधान में त्रि दिवसीय विशाल हिन्दू राष्ट्र धर्म सभा आयोजन अंबिकापुर में आहूत किया गया था। जिसके समापन समारोह में शंकराचार्य ने प्रबल प्रताप सिंह जूदेव को घर वापसी हेतु अपने मंच पर आमंत्रित किया था। गुरूदेव के प्रभाव से पुनः अपने धर्म में आस्था जताते हुए 22 परिवार के लगभग 100 सदस्यों ने सनातन धर्म स्वीकार किया।

गौ हत्या के खिलाफ अभियान : शंकराचार्य विगत वर्षो से बड़ी आक्रमकता से गौ हत्या एवं धर्मान्तरण के विरुद्ध अभियान चला रहें हैं। उन्होंने पूरे आंदोलन को हर हिन्दू सेना हो हर हिन्दू सनातनी हो का नारा दिया हैं। उन्होंने बड़ी बेबाकी से अपनी विचार रखे और केंद्र सरकार से गौ हत्या एवं धर्मान्तरण के विरुद्ध कठोरतम कानून लाने का आह्वान किया। आपके जानकारी के लिए शंकराचार्य के गुरूजी धर्मसम्राट पूजनीय स्वामी करपात्री महाराज का आशीर्वाद प्रबल के पिताजी घर वापसी के प्रणेता कुमार दिलीप सिंह जूदेव एवं जशपुर राजपरिवार को मिलते रहा हैं। कार्यक्रम में पूजनीय संत गण, धर्म रक्षक जनसेवक, क्षेत्र के धर्म प्रेमी एवं अन्य गणमान्य उपस्तिथ रहें।

अपील पुल पुलिया के ऊपर से तेज बहाव में पार न करें

जिला प्रशासन का और राहत बचाव दल हुआ सक्रिय

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर में वर्षा से प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन और कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल जल से प्रभावित क्षेत्र में निगरानी बनाकर रखें राहत और बचाव दल लोगों को और किसानों के मवेशियों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाया जा रहा है। कुनकुरी ईब नदी में फंसे मवेशियों को नगर सेना के जवानों ने सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है। जशपुर में पिछले 4 दिनों से हो रही भारी बारिश की वजह से नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल और पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह सभी अनुविभागीय अधिकारियों से जिले में हो रही बारिश की वजह से नदी-नालों में बहाव की स्थिति की लगातार जानकारी ले रहे हैं। इसके साथ ही जहां तेज बारिश की वजह से जिन नदी-नालों पर बने रपटा या पुलिया के उपर से पानी बह रहा है उस जगह पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश भी दिए हैं। नगर सेना के जवान राहत बचाव दल निरंतर लोगों की सहायता कर रहे और प्रभावित क्षेत्र के लोगों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाया जा रहा है। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया के मरम्मत की आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर सभी एसडीएम नदी-नालों के जलस्तर की लगातार निगरानी कर रहे हैं। कुनकुरी और दुलदुला तहसील में बारिश की वजह से किसी गांव में पुलिया क्षतिग्रस्त नहीं हुई है। तहसील कुनकुरी में ग्राम ढोढीडांड में ईब नदी में बने पुलिया कें उपर से पानी बहने की वजह से पुलिया के दोनों तहफ बैरिकेट लगाया गया है और वहां पर सरकारी कर्मियों की डयूटी लगाई गई है। मौके पर पुलिस बल को भी तैनात किया गया है। प्रशासन के द्वारा लोगों को नदी के आसपास नहीं जाने एवं पुल से आवागमन नहीं करने की अपील की गई है। अनुविभागीय अधिकारी जशपुर के अनुसार तहसील जशपुर अंतर्गत कोई भी पुलिया,पुल या रपटा क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है। पटवारियों को मकानों एवं फसलों की क्षति का सर्वे कराने के साथ ही फील्ड में रहकर परिस्थितियों का आकलन कर तत्काल सूचित करने निर्देशित किया गया है। सोनक्यारी में 3 पुलिया टूटने के वजह से पुलिया के आसपास बेरिकेटिंग करवाई की गई है। कर्मियों की डयूटी लगाई गई है। बगीचा के कलिया एवं गायलूगां में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पर निर्मित पुल के दोनों ओर सड़क व मिट्टी का कटाव हुआ है। सरपंच को मिट्टी कटाव को भरने को कहा गया है। प्रशासन के द्वारा जानकारी दी गई है कि बच्छगांव-साहीडांड-सरकोम्बो होते हुए बगीचां वैक्लिपक मार्ग है। कलेक्टर ने संबंधित निर्माण विभाग को क्षतिग्रस्त पुल,पुलिया रपटा को तत्काल मरम्मत तत्काल करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर डॉ. मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने लोगों से अपील की है कि जिन रपटा या पुल-पुलिया के ऊपर से पानी बह रहा है उसे पार करने का जोखिम ना लें और बारिश से बचने के लिए किसी पेड़ का सहारा ना ले क्योंकि बारिश के दिनों में पेड़ में बिजली गिरने का खतरा बना रहता है। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने किसी भी आपात स्थिति के लिए एनडीआरएफको तैयार रहने के निर्देश दिए है। साथ ही स्वास्थ्य अधिकारियों को वर्षाजनित बीमारियों से बचाव के लिए दवाईयों की पर्याप्त उपलब्ध्ता एवं किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर ने जल भराव की स्थिति निर्मित होने पर इसकी पूर्व तैयारी करते हुए विस्थापितों हेतु सुरक्षित आश्रय स्थल चिन्हांकित करने के निर्देश दिए।

अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष निर्देश जारी

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य में संविधान के पांचवी अनुसूची अंतर्गत शामिल अनुसूचित क्षेत्र हेतु छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम, 2022 बनाए गए है, जो वर्तमान में प्रभावशील है। अनुसूचित क्षेत्र के ग्राम पंचायत में ग्रामसभा आयोजन के संबंध में छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 तथा छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार नियम 2022 अनुसार कार्यवाही किए जाने का प्रावधान है। उक्त संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिले के अनुसूचित क्षेत्र के ग्राम पंचायत में होने वाले ग्राम सभाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष निर्देश जारी किये है। गरियाबंद, छुरा एवं मैनपुर क्षेत्र के एसडीएम एवं जनपद पंचायत सीईओ को जारी निर्देशानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है। इसके तहत ग्राम सभाओं के ग्राम सभा अध्यक्ष की सील बनाना, ग्राम सभाओं का लेटर हेड बनाना, कार्यवाही पंजी, उपस्थिति पंजी बनाना, ग्रामसभा कोष अंतर्गत बैंक पासबुक होना, कैश बुक रजिस्टर रखना, समितियां द्वारा दिए गए निर्णय पर आपत्ति हेतु पृथक से रजिस्टर बनाना, ग्राम पंचायत द्वारा विगत वर्षो से जीपीडीपी अंतर्गत दिए गए कार्यो एवं प्रगति का रजिस्टर, भूमि रजिस्टर, धार्मिक स्थल, हाट बाजार, मेला लड़ाई, पर्यटन स्थल, घोटुल-धुमकुड़िया आदि हेतु रजिस्टर बनाने के निर्देश दिये गये है। इसके अलावा प्राकृतिक संसाधन जैसे कि तालाब, नदी-नाले झरने आदि की जानकारी हेतु रजिस्टर, जंगल एवं वन उपज के प्रकार तथा अनुमानित पैदावार जैव विविधता की जानकारी, गौण खनिज के प्रकार तथा अनुमानित उपलब्धता रहे तो रजिस्टर, गांव से बाहर काम करने जाने वाले लोगों की सूची रजिस्टर, मादक द्रव बेचने वालों की सूची, शांति और न्याय समिति द्वारा ग्राम सभा अंतर्गत निम्नलिखित रजिस्टर ग्राम सभा में प्रस्तुत विवाद की जानकारी सभा के निर्णय तथा दंड का विवरण एवं पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की जानकारी रजिस्टर भी संधारित करने के निर्देश दिये गये है।

पायनियर हलचल...

निशाने में पवन साय?

भाजपा में सत्ता से ज्यादा संगठन को मजबूत माना जाता है। सम्भवतः इसीलिए पहाड़ सा बहुमत लेकर सत्ता में काबिज कांग्रेस और भूपेश सरकार के जबड़े से भाजपा संगठन ने जीत छीन ली। राज्य में भाजपा को सत्ता वापस दिलाने में संगठन महामंत्री पवन साय का विशेष योगदान रहा। सरल और सहज छवि के पवन साय की रणनीति के बदौलत आज यहां विष्णु का सुशासन चल रहा है। संगठन और कार्यकर्ताओं की तपस्या से विधानसभा चुनाव के बाद लोकसभा में भी भाजपा ने राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। लेकिन 9 माह के भीतर अब ऐसा क्या हो रहा है? जिसके कारण भाजपा कार्यकर्ता ही संगठन महामंत्री पवन साय पर उंगली उठाना शुरु कर दिए हैं? भाजपा संगठन तो सत्ता से परे 365 दिन अपने कामों में लगा रहता है, तो फिर पवन साय निशाने पर क्यों हैं? दरअसल में बीते 9 माह में धान, किसान और महतारी वंदन के अलावा सरकार की कोई योजना आम जनता के बीच अपना स्थान नहीं बना पाई। जबकि पहले साल सरकार की छवि गढ़ने का काम सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है। विकास कार्यों की गति अत्यंत धीमी है, जिससे कार्यकर्ताओं में हतासा और निराशा स्वाभाविक है। पवन साय के निशाने पर होने की प्रमुख वजह यह भी मानी जा रही है कि मुख्यमंत्री सचिवालय या सरकार के ज्यादातर निर्णय में संघ का प्रत्यक्ष दखल है। जिसके कारण अनेकों निर्णय में देरी होती है। खैर यह तो मुख्यमंत्री विष्णुदेव और संगठन महामंत्री पवन साय ही जानेंगे कि सच क्या है? दूसरा प्रमुख कारण मुख्यमंत्री के पास विभागों की भरमार है, दो-दो मंत्रियों के पद रिक्त पड़े हुए हैं। यही नहीं ओव्हरलोड के कारण मुख्यमंत्री के सचिवालय में महत्वपूर्ण फाइलें भी महीनों धूल खाती पड़ी रहती हैं। सम्भवतः इसलिए भाजपा कार्यकर्ता सरकार को कोसने की बजाय संगठन महामंत्री पवन साय पर उंगली उठाना शुरु कर दिए हैं।

एक तीर से कई निशाने

कवर्धा कांड के चलते एसपी अभिषेक पल्लव को मुख्यालय अटैच कर दिया गया। सुशासन वाली विष्णु सरकार ने कवर्धा कलेक्टर जन्मेजय महोबे को भी हटा दिया। खैर महोबे को नान का एमडी बनाया गया है। डॉ. रमन सिंह की सरकार में कभी अनिल टुटेजा भी नान के एमडी हुआ करते थे। महोबे की जगह नए कलेक्टर गोपाल वर्मा को कवर्धा की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो पूर्व सीएम भूपेश बघेल के रिस्तेदार बताये जाते हैं, निश्चित ही गोपाल वर्मा की पोष्टिंग के बाद भूपेश और कांग्रेस की धार धीमी पड़ती दिख रही है। बहरहाल इसमें सबसे ज्यादा नुकसान एक्शन, वीडियो, रोल, ड्रामा और कट करने वाले एसपी अभिषेक पल्लव का हुआ। दरअसल में एसपी अभिषेक पल्लव छोटी-छोटी गलतियों को लेकर आम जनता का एक्शन, रोल, ड्रामा के बाद वीडियो बनाकर सोसल मीडिया में डाल देते थे, और इस ड्रामा के माध्यम से सुर्खियां बटोरने का काम करते थे। लेकिन कवर्धा में एक नाबालिक युवती की डंडों से पिटाई करवाते हुए वह खुद वीडियो में कैद हो गए। यह वीडियो एक्शन, रोल, और ड्रामा नहीं, बल्कि 100 प्रतिशत सच था। ड्रामा और सच में अन्तर तो होता ही है। नतीजन पल्लव के ड्रामा वाले वीडियोज से ज्यादा सच का वीडियो वायरल होना शुरु हो गया, इस वीडियो ने पूरे राज्य में पुलिस की छवि खराब की। शायद इसी कारण आईपीएस विकास कुमार के निलंबन के बाद भी अभिषेक पल्लव को कवर्धा से हटा दिया गया। लेकिन यहां भी एक तीर से कई निशाने साध लिए गए। ज्ञात हो एसपी-कलेक्टर कांफ्रेंस के दौरान बलरामपुर की सबसे बड़ी ज्वेलरी शॉप में दिन-दहाड़े कट्टे की नोक पर 6 करोड़ की लूट हो जाती है। जिसके कारण बलरामपुर से लेकर राजधानी तक सरकार की किरकिरी होती है। दिन-दहाड़े लूट के बाद बलरामपुर-रामानुजगंज के एसपी राजेश अग्रवाल का हटना लगभग तय हो गया था। मौका देख उन्हें कवर्धा की कमान सौंप दी गई, वहीं बैंकर वैभव रमनलाल को बलरामपुर-रामानुजगंज का नया कप्तान बना दिया गया। वैभव इसके पहले बीजापुर में एडिसनल एसपी थे। कुल मिलाकर एक एसपी यानि कि अभिषेक पल्लव को हटाकर दो एसपी यानि कि बैंकर बैभव रमनलाल और राजेश अग्रवाल की पोष्टिंग कर दी गई, हुआ न एक तीर से कई निशाना।

फ्रंट लाइन से बैक लाइन की ओर

टीएस सिंहदेव छत्तीसगढ़ की राजनीति में बीते पांच साल तक चर्चित रहे। सत्ता और संगठन के बीच वह नम्बर दो के आहदे पर भी दिखाई देते रहे। पहले नम्बर पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल तो दूसरा बड़ा ओहदा पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव का रहा। वह ढाई साल की जगह पांच साल तक वेटिंग इन सीएम बने रहे, आखिरी-आखिरी उन्हें डिप्टी सीएम के पद से ही आत्मसंतोष करना पड़ा। बेशक सिंहदेव फ्रंट लाइन के नेता हैं, लेकिन वह फ्रंट लाइन से बैक लाइन में कब आ पहुंचे, यह उन्हें भी आभास नहीं हो पा रहा है ? दरअसल में कांग्रेस के द्वारा छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा निकाली गई है, जिसकी पहली तस्वीर मीडिया के समाने आई, इस तस्वीर में सिंहदेव जैसा कद्दावर नेता फ्रंट लाइन से गायब होकर, बैक लाइन में दिख रहे हैं। पहली पंक्ति में पीसीसी चीफ दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, फूलो देवी नेताम समेत अन्य नेता नजर आ रहे हैं, सिंहदेव पीछे की पंक्ति में खड़े दिख रहे हैं?

लता के साथ यह कैसा न्याय?

कोण्डागांव विधायक लता उसेण्डी मुख्यमंत्री निवास की सबसे ज्यादा चक्कर लगाने वाली विधायकों में से एक हैं। शायद इसीलिए पहली किस्त में ही लता को लाल बत्ती दे दी गई है, उन्हें बस्तर विकास प्राधिकारण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। लेकिन लता के साथ यह कैसा न्याय है? इसको लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल में लता उसेण्डी वर्तमान में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं, वह उड़ीसा की सहप्रभारी भी हैं, उडीसा में भाजपा को विजयश्री दिलाने में लता का विशेष योगदान रहा। रमन सरकार में वह महिला एवं बाल विकास मंत्री रहीं। लता नागरिक आपूर्ति निगम की अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। वर्षों से वह छत्तीसगढ़ की राजनीति में सरल-सहज नेत्री के रुप में स्थापित हैं। उसके बाद भी सुशासन वाली विष्णु सरकार में उनके कद अनुरुप जगह नहीं मिली? लता के पहले बृजमोहन अग्रवाल जैसे कद्दावर नेताओं को राजनीतिक रुप से किनारे कर दिया गया है? अजय चंद्राकर, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत जैसे नेताओं की पूछ-परख सरकार में न के बराबर है? बहरहाल लता के साथ यह कैसा न्याय है? इस पर मंथन और चिंतन की जरुरत है।

इसी का नाम राजनीति है

आज से 9 माह पहले मुख्यमंत्री की रेस में शामिल गोमती साय को एक प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद से ही संतुष्ट होना पड़ रहा है। दरअसल में राजनीति का यही सिद्धान्त है, यदि अवसर गया तो उसके बाद जो मिल गया उसी से संतोष करना पड़ता है। यहां पर गोमती साय के साथ भी कुछ ऐसा ही होते दिख रहा है। बहरहाल गोमती साय को जो पद दिया गया है, उससे गोमती साय कितना संतुष्ट हैं इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता, लेकिन क्षेत्र की जनता में तनिक भी हर्ष नहीं दिख रहा। कांग्रेस के रामपुकार सिंह को पत्थलगांव की जमीन में हराना कोई आसान काम नहीं था, लेकिन गोमती साय के शांत और सरल स्वभाव के कारण जनता ने आठ बार के विधायक रहे रामपुकार सिंह को घर बिठा दिया। हाल ही में गोमती साय को सरगुजा विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इस प्राधिकरण के अध्यक्ष स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। ऐसे में गोमती सरगुजा की जनता के विश्वास में कितना खरी उतर पायेंगी फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता।

प्रशासनिक सर्जरी की सुगबुगाहट

सचिव स्तर पर कुछ फेरबदल की सुगबुगाहट प्रशासनिक स्तर पर सुनने को मिल रही है। कुछ विभागों के सेकेट्रियों के विभाग बदले जाएंगे। वहीं आईएफएस अफसरों की एक छोटी लिस्ट नवरात्रि के बीच जारी हो सकती है, जिसमें अरण्य भवन में पदस्थ कुछ सीसीएफ स्तर के अफसरों के विभाग बदले जा सकते हैं। वहीं दो-चार वनमण्डलाधिकारी के भी स्थानांतरण होने की चर्चा है।

editor.pioneerraipur@gmail.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम देशवासियों के नवाचारी प्रयासों को जानने का महत्वपूर्ण जरिया : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनप्रतिनिधियों के साथ सुनी मन की बात

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

ग्रामीण अंचलों में लोग अपनी कला-संस्कृति, परम्पराओं और अमूल्य विरासत को सहेजने में अपने सामर्थ्य के अनुरूप योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से गर्व के साथ इसे देश-दुनिया के सामने रखते हैं। इससे हम देश के अलग-अलग हिस्सों में होने वाले ऐसे सभी प्रयासों और नवाचारों के बारे में जान पाते हैं और प्रेरित होते है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अपने निवास कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनने के पश्चात प्रतिक्रिया देते हुए यह बातें कही। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक गोमती साय, विधायक भैया लाल राजवाड़े, युवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमलचंद्र भंजदेव, पद्मश्री सुनील जोगी सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने अपने अमेरिका प्रवास, एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर रोज एक पेड़ लगाने का संकल्प लेने वाले तेलंगाना के के एन राजशेखर, संथाली भाषा को सहेजने के लिए रामजीत टुडू के प्रयासों, औषधीय पौधों को संरक्षित करने के लिए मदुरै की रहने वाली शिक्षिका शुभाश्री के योगदान का जिक्र किया। उन्होंने आधुनिक समय में प्रतिदिन परिवर्तित हो रहे नेचर ऑफ़ जॉब का जिक्र करते हुए गेमिंग एनीमेशन, फिल्म मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, बैंड्स और कम्युनिटी रेडियो से जुड़े युवाओं को भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की पहल 'क्रिएट इन इंडिया' से जुड़ने की अपील की। इससे इन विधाओं से जुड़े लोग अपनी क्रिएटिविटी सभी के सामने ला सकेंगे। क्रिएट इन इंडिया के तहत 25 विविध चैलेन्ज इसमें शामिल किये गए हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ का सम्मान समारोह संघ की प्रबंध कार्यकारिणी का हुआ निर्वाचन

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ द्वारा कन्वेंशन हॉल, न्यू सर्किट हाऊस सिविल लाईन्स रायपुर में सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि वित्त सचिव शारदा वर्मा एवं अध्यक्षता संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन रितेश कुमार अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में छत्तीसगढ़ राज्य वित्त सेवा अधिकारी संघ की प्रबंध कार्यकारिणी का निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें डॉ. अल्पना घोष निर्विरोध अध्यक्ष चुनी गई। उपाध्यक्ष पद पर किरण खरे एवं कोषाध्यक्ष पद पर अनिल कुमार पाठक निर्वाचित हुए। इसी तरह सचिव पद पर सचिन शर्मा एवं संयुक्त सचिव पद पर भुवनेश्वर नायक निर्वाचित हुए। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सेवानिवृत्त अधिकारियों का सम्मान शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सचिव वित्त शारदा वर्मा ने दिए अपने उद्बोधन में वित्त विभाग को राज्य शासन की रीढ़ बताते हुए राज्य वित्त सेवा के संवर्धन में संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि ने निर्वाचित कार्यकारिणी को बैज लगाया। संचालक कोष, लेखा एवं पेंशन ने वित्त विभाग में लागू किए जा रहे डिजिटल प्रणाली के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

साय सरकार में ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना सर्वोच्च प्राथमिकता : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

पायनियर संवाददाता कवर्धा
www.dailypioneer.com

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के कवर्धा विकासखंड के ग्राम गंगापुर, नवघटा, मोहगांव खैरझिटी कला, बानो, कोको, छाटा और ग्राम दलपुरवा मे ग्रामीणवासियों से जनसंपर्क कर सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की मांग, समस्या और शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना और उनके अनेक मांगों को तत्काल पूरा करते हुए 01 करोड 91 लाख 50 हजार रूपए के विकास कार्यो की घोषणा की। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने ग्रामवासियों की मांग पर विभिन्न विकास कार्यो की सौगात दी। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बिजली और राजस्व के प्रकरणों के तत्काल निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि साय सरकार में ग्रामीण क्षेत्रों का विकास करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जनसंपर्क के दौरान ग्रामवासियों की मांग को पूरा करते हुए ग्राम गंगापुर में महतारी सदन के लिए 30 लाख, सीसी रोड के लिए 10 लाख, मंच निर्माण के लिए 03 लाख, ठाकुर देव चौक मंच के पास क्रांकिटकरण के लिए 01 लाख रुपए, ग्राम नवघटा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख, सामुदायिक शौचालय के लिए 3.50 लाख रुपए, ग्राम मोहगांव में महतारी सदन के लिए 30 लाख रूपये, बंजारी मां डामरीकरण के लिए 43 लाख रूपए, सामुदायिक भवन पुराना पंचायत के पास 5 लाख रूपए, शौचालय के लिए 3 लाख रुपए, ग्राम खैरझीटी में सीसी रोड मुक्तिधाम रोड़ 3 लाख रुपए, गोठान के पास 2 लाख रूपये, महतारी सदन के लिए 30 लाख रूपये, सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख रुपए, सामुदायिक शौचालय के लिए 3.50 लाख रुपए, ग्राम बानो में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, सामुदायिक शौचलय के लिए 3.50 लाख रुपए, सीसी रोड़ के लिए 5 लाख की घोषणा की।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नशामुक्ति अभियान का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर के सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में शदाणी दरबार के संत डॉ. युधिष्ठिर लाल जी महाराज के मुख्य आतिथ्य में नशामुक्ति अभियान का शुभारंभ किया। छत्तीसगढ़ को स्वस्थ बनाने और युवाओं को नशे से मुक्त कराने रायपुर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा नशामुक्ति अभियान प्रारंभ किया गया है। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव, आमंत्रित अतिथियों और गणमान्य नागरिकों ने वृंदावन हॉल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का प्रसारण सुना। नशामुक्ति अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाकर वितरित भी किए गए। प्रदेश के युवाओं को नशे की लत से मुक्त कराने स्वयंसेवी संस्थाओं बढ़ते कदम, ग्रीन आर्मी, पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत, भारतीय सिंधु सभा और पूज्य सिंधी पंचायत महावीर नगर द्वारा नशामुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी, भारतीय सिंधु सभा छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष लधाराम नैनवानी, बढ़ते कदम के अध्यक्ष सुनील छतवानी, ग्रीन आर्मी के अध्यक्ष अमिताभ दुबे और पूज्य सिंधी पंचायत महावीर नगर के अध्यक्ष अजय जैसिंघानी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। रायपुर जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर में हृदय रोग विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव एवं एम्स रायपुर में मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. अमित अग्रवाल ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को विभिन्न प्रकार के नशे के खतरों तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर इनके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने सौजन्य मुलाकात की

रायपुर । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. मुरुगन को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। गौरतलब है कि केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.एल.मुरुगन एक स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आज राजधानी रायपुर के दौरे पर आए हैं।

सरकार आमजनों की मूलभूत आवश्यकता को पूरा करने के साथ विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने प्रतिबद्ध : टंक राम वर्मा

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश तथा राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के प्रयास पर बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र में विकास के लिए 15 अधोसंरचना कार्य स्वीकृत किये गए है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना वर्ष 2024-25 के अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण के 15 कार्यो के लिए 74 लाख रुपए 10 हज़ार रुपए की सूची जारी की गई है। सरकार जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए उनके मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ ग्रामीण विकास के कार्यो को तेजी से पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। जारी की गई सूची में रायपुर जिले में बलौदा बाजार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भिलौनी के कुर्मी पारा, भुरसुदा के दैहान पारा, कोहका के कॉलेज परिसर के पास निषाद पारा, बेमता के निषाद पारा, लखना के सोमनाथ धाम में और तुलसी नेवरा में सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत किये गए इन प्रत्येक स्थानों के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए की अलग-अलग राशि जारी की गई है। इस तरह अधोसंरचना कार्य के लिए कुल 39 लाख रुपए की राशि जारी की गई है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खपराडीह तथा हथबन्द के गडरिया और सँवरा पारा में समुदायिक भवन निर्माण प्रत्येक गांव के लिए 6 लाख 50 हज़ार रुपए की राशि अलग-अलग अनुशंसित की गई है। इसी तरह खपरडीह, कंजी और संकरी में सी सी रोड़ निर्माण प्रत्येक गांव के लिए 5 लाख 20 हज़ार रुपए की राशि अलग अलग अनुशंसित की गई है। इस तरह कुल 35 लाख 10 हज़ार रुपए के कार्य अनुशंसित किये गए है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403